रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित * * रांची, शनिवार 29 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 81 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






टी-20 वर्ल्ड कप

# भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल की जंग आज

- टी-20 विश्व 2024 के फाइनल मैच में रिजर्व डे पर भी बारिश का खतरा
- दूसरे दिन भी मैच हुआ रद्द तो दोनों टीम को घोषित कर दिया जाएगा संयुक्त विजेता

समय : रात 8 बजे

**ब्रिजटाउन (बारबडोस):** टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा. वैसे तो फाइनल के लिए रिजर्व-डे भी रखा गया है, लेकिन दोनों ही दिन बारिश की मार पड़ सकती है. एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक बारबडोस में 29 जून यानी फाइनल के दिन में बारिश की संभावना 78 फीसदी संभावना है जो सेमीफाइनल से कहीं ज्यादा है, जबकि रिजर्व डे यानि 30 जून को भी बारिश की 61 प्रतिशत संभावना है. पेज 10 भी देखें

**टी-20 में हेड टू हेड**

- भारत जीता : 14
- द. अफ्रीका जीता : 11
- नो रिजल्ट : 01

कुल मैच 26

# हेमंत को बेल

## मां ने आरती उतारी पिता का हाल जाना

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

कथित जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग के मामले में हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी है. अब वह बाहर हैं. 50-50 हजार रुपए के दो मुचलके पर हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दी. शाम के करीब चार बजे वह जेल से बाहर निकले. हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन. भाई बसंत सोरेन समेत पार्टी के अन्य नेता-कार्यकर्ता ने जेल से निकलते ही उनका स्वागत किया. हेमंत सोरेन ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया. फिर उनका काफिला जेल परिसर से बाहर निकला. हेमंत सोरेन का काफिला सीधे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के घर पर पहुंचा. यहां उनकी मां रूपी सोरेन ने हेमंत सोरेन का आरती उतारी. यह भावुक करने वाला पल था. जिसके बाद हेमंत सोरेन अपने पिता से मिलने पहुंचे. पिता से आर्शीवाद लिया और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली.

हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को इंफोर्समेंट डाइरेक्टोरेट (ईडी) ने गिरफ्तार किया था. कई दिनों तक रिमांड पर रख कर ईडी ने उनसे पूछताछ की. फिर अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था. वह और उनकी पार्टी यही कहती रही है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया जा रहा है. एक ऐसे मामले में जिसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है.

जमानत मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है. पार्टी यह भी आरोप लगाती रही है कि केंद्र सरकार के इशारे पर हेमंत सोरेन को फंसाया गया है. लोकसभा चुनाव से दूर रखने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है. यह भी एक संयोग ही है कि चुनाव खत्म होने के एक माह के भीतर वह जमानत पर छूटे.

हेमंत को जमानत देते हुए कोर्ट ने चार प्रमुख बातें कही हैं. पहला यह कि जमीन कब्जा करने में वो सीधे तौर पर जुड़े नहीं थे, दूसरा ईडी का यह कहना कि उसके हस्तक्षेप से अवैध कब्जा रुका, यह अस्पष्ट है, तीसरा यह मानने का कोई कारण नहीं है कि हेमंत मनी लांड्रिंग के दोषी थे और चौथा यह कि पीएमएलए की धारा 45 में जमानत के लिए जरूरी दो शर्तों को पूरा कर लिया है.



**एक झूठी मनगढ़ंत कहानी गढ़कर मुझे पांच महीनों तक जेल में रखा गया : हेमंत**

**कब क्या हुआ**

- 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को ईडी ने देर रात गिरफ्तार किया
- 22 मई को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर हुई
- 13 जून को हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा
- 28 जून को हाईकोर्ट ने हेमंत को बेल दी

11:38 बजे कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया

1:23 बजे बसंत सोरेन बेल के लिए जरूरी दस्तावेज लेकर कोर्ट पहुंचे

1:47 में हाईकोर्ट के ऑर्डर की कॉपी मिली

3:00 बजे बेल बांड कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया

4:00 बजे हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए

**आदेश के चार तथ्य**

1. हेमंत सोरेन को सीधे तौर पर जमीन के कब्जे से जोड़ने का कोई सबूत नहीं था.
2. ईडी का यह कहना कि उसके हस्तक्षेप से जमीन पर अवैध कब्जा रुका, यह अस्पष्ट था.
3. यह मानने का कोई ठोस कारण नहीं है कि हेमंत सोरेन मनी लांड्रिंग के दोषी थे.
4. पीएमएलए की धारा 45 के तहत दोनों शर्तें पूरी हो चुकी थीं, इसलिए हेमंत सोरेन को रिहा करना पड़ा.

## देशभर में आवाज दबाने की कोशिश चल रही है : हेमंत



**एक साथ बैठी तीन पीढ़ी:** दिशोम गुरु के आवास पर माता-पिता से आशीर्वाद लेने पहुंचे हेमंत सोरेन, तो पूरा परिवार जमा हो गया. फोटो। रमीज

**विशेष संवाददाता। रांची**

जेल से बाहर आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मीडिया से मुखातिब हुए और उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आया हूं और इन 5 महीनों का जो वक्त था मुझे लगता है इस राज्य के लिए हमारे झारखंडवासियों के लिए,आदिवासियों के लिए, मूलवासियों के लिए बहुत ही चिंतनीय महीने रहे हैं. पूरे देश को पता है कि मैं किस वजह से जेल गया था. आखिरकार न्यायालय ने अपना न्याय सुनाया है. उसी के तहत मैं आज बाहर हूं. मैं न्यायालय का सम्मान करता हूं. लेकिन कभी कभी चिंता होती है कि जिस प्रकार वर्तमान समय में आज के दिन राजनेता, समाजसेवी, लेखक, पत्रकार जैसे लोगों की बड़े सुनियोजित तरीके आवाजों को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है. ये भी किसी से छिपा नहीं है. और न्याय पाने में जो वक्त लगता है वो वक्त जो सामान्य वक्तों से महत्वपूर्ण वक्त होते हैं उन वक्तों को बड़े सुनियोजित तरीके से वर्तमान वक्त में लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर रही है. एक झूठे मनगढ़ंत कहानी गढ़ कर मुझे पांच महीनों तक जेल में रखा गया. -शेष पेज 7 पर

## ईडी, हेमंत व कोर्ट का ऑब्जर्वेशन

**सुरजीत सिंह**

- हेमंत सोरेन को सीधे तौर पर जमीन के कब्जे से जोड़ने का कोई सबूत नहीं था.
- ईडी का यह कहना कि उसके हस्तक्षेप से जमीन पर अवैध कब्जा रूका, यह अस्पष्ट था.
- यह मानने का कोई कारण नहीं है कि हेमंत सोरेन मनी लांड्रिंग के दोषी थे.
- पीएमएलए की धारा 45 के तहत दोनों शर्तें पूरी हो चुकी थीं, इसलिए हेमंत सोरेन को रिहा करना पड़ा.

यह सच है कि हेमंत सोरेन को अभी बेल मिली है, वह कथित जमीन घोटाले से बरी नहीं हुए हैं. लेकिन हाईकोर्ट का ऑब्जर्वेशन इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) पर सवाल खड़ा करता है. ईडी पांच माह में भी वैसे सबूत नहीं जुटा पायी, जिससे अदालत में हेमंत सोरेन को जमीन कब्जा के आरोप से जोड़ा जा सके. यह समय सिर्फ हेमंत के जेल में रहने का है. ईडी काफी पहले से इस केस की जांच कर रही थी. इसे जोड़ दें तो ईडी दो सालों में सबूत हासिल नहीं कर सकी. झामुमो समेत तमाम विपक्षी पार्टियां यही आरोप लगाती रही हैं कि बिना जांच, सबूत के राजनीतिक वजहों से नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है. हेमंत सोरेन को फंसाया गया है.

**टिप्पणी**

ईडी ने यह सब केंद्र सरकार के इशारे पर किया है. खुद हेमंत सोरेन ने भी विधानसभा में यही कहा था. बिना सबूत के राजभवन में गिरफ्तार किया गया.

हेमंत सोरेन को अभी बेल मिली है. संभव है ईडी हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे. संभव है आगे की जांच में ईडी कोई तथ्य और सबूत जुटा पाए. ट्रायल के बाद फैसला हेमंत के खिलाफ जाए या हेमंत रिहा हों. यह सब तो भविष्य के गर्भ में है. लेकिन आज की तारीख में हाईकोर्ट के ऑब्जर्वेशन ने ईडी की कार्रवाईयों पर सवाल जरूर खड़ा कर दिया है. साथ ही झामुमो समेत दूसरी विपक्षी पार्टियों को मोदी सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसियों पर सवाल खड़ा करने की नैतिक ताकत दे दी है. -शेष पेज 7 पर

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 34.6 | 28.5 |
| जमशेदपुर | 36.7 | 26.6 |
| डालटनगंज | 39.3 | 26.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**सर्राफा**

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 67,600 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### महाराष्ट्र में सरकार ने की राहत की बारिश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने शुक्रवार को राज्य का 2024-25 का बजट पेश किया. बजट में महिलाओं को 1,500 रुपए मासिक देने की योजना की घोषणा की गयी है. यह भत्ता 21 से 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं को मिलेगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना जुलाई से लागू होगी. पांच सदस्यों के पात्र परिवार को हर साल तीन रसोई गैस सिलिंडर मुफ्त मिलेंगे.

### कर्नाटक में सड़क हादसा, 13 की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी.

## गरीब, ग्रामीण, महिला और पुलिस पर चंपाई सरकार ने खोली तिजोरी

# 21-50 वर्ष की गरीब महिलाओं को मिलेगा एक हजार प्रतिमाह

**45 लाख महिलाओं को मिलेगा इसका सीधा फायदा**

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य की चंपाई सोरेन सरकार ने अपना खजाना गरीब, ग्रामीण, महिलाओं और पुलिस सेवा के अफसर-कर्मियों के लिए खोल दिया है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई. राज्य सरकार ने सभी 21 से 50 वर्ष के सभी वर्ग की महिलाओं को उनके पोषण एवं दवाई खर्च के लिए प्रति माह उनके खाते में एक हजार रुपए देगी.

सरकार ने एक नयी मुख्यमंत्री बहन-बेटी (मई-कुई) स्वालंबन प्रोत्साहन योजना पर मुहर लगा दी है. इसके तहत राज्य के 45 लाख महिलाओं को सीधा फायदा होगा. इस पर सरकार प्रति वर्ष 5500 करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा.

**44 लाख परिवारों को 15 लाख तक स्वास्थ्य बीमा मिलेगा :** इसके अतिरिक्त सरकार ने आयुष्मान कार्ड से वंचित 44 लाख परिवारों को एक नयी अबुआ हेल्थ स्कीम योजना शुरू की है. अभी 33.44 लाभुक परिवारों पांच लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दे रही है. जिसमें आयुष्मान कार्ड धारी भी शामिल हैं मगर करीब 45 प्रतिशत सदस्य ऐसे हैं जो इस योजना से लाभान्वित नहीं हो रहे हैं. अतः सरकार अब अब 44 लाख परिवारों को स्वास्थ्य स्कीम की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर रही है. जिसे अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का नाम दिया गया है.

**41.4 लाख कंज्यूमर को मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली :** सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए पहले से संचालित 125 यूनिट फ्री बिजली लाभ योजना का दायरा बढ़ाते हुए 200 यूनिट तक कर दिया है. अभी 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ राज्य के करीब 27 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं. मगर अब इसका लाभ राज्य के 41.4 लाख कंज्यूमरों को मिलेगा. वहीं 201 यूनिट से 400 यूनिट तक बिजली कंज्यूम करने वाले उपभोक्तओं को 2.05 रुपए सब्सिडी मिलती रहेगी. इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है. जबकि 400 यूनिट से अधिक बिजली कंज्यूम करने वाले उपभोक्ताओं को पूरी बिजली दर यानी की 6.65 प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना होगा. इससे सरकार पर 21.07 करोड़ रुपए प्रतिमाह का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा.

**कैबिनेट के फैसले**

- 200 यूनिट फ्री बिजली, 41.4 लाख कंज्यूमर को मिलेगा सीधा लाभ
- मुख्यमंत्री अबुआ हेल्थ स्कीम के तहत 15 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा, 44 लाख परिवार को होगा फायदा
- उग्रवादी घटनाओं में शहीद हुए पुलिस अफसर-कर्मियों को अब मिलेंगे 60 लाख

### शहीद के बच्चों की पढ़ाई के लिए पांच लाख रुपये देगी सरकार

चंपाई सरकार ने एक अहम निर्णय पुलिस विभाग के तहत कार्यरत पुलिस अफसरों और कर्मियों के लिए लिया है. यह मांग लंबे समय तक इनकी रही. अब सरकार ड्यूटी के दौरान उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों व केंद्रीय सेवा के पुलिसकर्मियों को विशेष मुआवजा देगी. मुठभेड़ के दौरान मौत होने पर 60 लाख रुपए, जख्मी होने पर इलाज का संपूर्ण खर्च सरकार वहन करेगी. शहीद के बच्चों को पढ़ाई के लिए 5 लाख रुपए, शव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए 50,000 दिये जाएंगे. वहीं रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर 35 लाख, बच्चे की पढ़ाई का सारा खर्च दिया जाएगा. सांप काटने या मलेरिया से मौत पर 35 लाख रुपए तक दिये जाएंगे.



### हेमंत की पहल पर जेल में कैदियों को कार्य के बदले दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी

हेमंत सोरेन जेल में रहते हुए कैदियों को दर्द को करीब से समझने का प्रयास किया. इनकी पहल पर राज्य की चंपाई सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है. अब राज्य की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को जेल में उनके द्वारा किए गए कार्यों के पारिश्रमिक राशि में इजाफा किया है. इससे जुड़े प्रस्ताव पर शुक्रवार को मुहर लगायी गयी. अब अकुशल 91 रुपए के बदले 466 रुपए, अर्धकुशल को 111 रुपए के बदले 468 रुपए तथा कशुल कैदियों को 144 रुपए के बदले 616 रुपए देगी.

## नीट मुद्दे पर हंगामा संसद में माइक बंद



लोकसभा में शुक्रवार को अपनी बात रखते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी.

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच शुक्रवार को संसद में टकराव साफ नजर आया. कांग्रेस की ओर से मांग की गई कि सभी विधाई कार्य स्थगित कर नीट विवाद पर चर्चा हो. विपक्ष अपनी इस मांग को लगातार उठाता रहा. हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी. कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने दावा किया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी का माइक बंद कर दिया गया, फिर हंगामा शुरू हुआ. उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष के नेता का माइक बंद किया जाएगा, तो अन्य सांसदों में रोष होगा ही.

**मैं कोई माइक नहीं बंद करता: स्पीकर :** कांग्रेस ने स्पीकर और रास के सभापति जगदीप धनखड़ पर माइक ऑफ कर आवाज दबाने का आरोप लगाया. ओम बिरला ने विपक्ष से कहा, वो राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान अपनी बात कहें, अभी जो कहेंगे रिकॉर्ड में नहीं जाएगा. बिरला ने कहा कि मैं माइक नहीं बंद करता. मेरे पास बटन नहीं होता है.

**कांग्रेस ने लगाया आरोप- सरकार तानाशाही कर रही**

**सदन में राहुल गांधी ने क्या कहा:** राहुल गांधी ने नीट-यूजी में कथित धांधली पर चर्चा की मांग की. कहा कि विपक्ष युवाओं से जुड़े इस विषय पर चर्चा करना चाहता है और पीएम मोदी को इसमें भाग लेना चाहिए. यहां से यह संदेश जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष मिल कर छात्रों के हितों की बात कर रहे हैं. उधर, राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने पेपर लीक मामले में सरकार को घेरा. खरगे ने माइक बंद करने का आरोप लगाया.

# पांच महीने बाद घर लौटे हेमंत...

**मां और घरवालों ने पारंपरिक तरीके से किया स्वागत, हेमंत सोरेन ने पिता शिबू सोरेन का हाल जाना, लिया आशीष**





फोटो : रमीज

## झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन है, संघर्ष हमारे डीएनए में है : सुप्रियो भट्टाचार्य

विशेष संवाददाता। रांची



झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 148 दिन के बाद एक बड़ी राहत मिली है, जब झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत दी है. हम शुरू से इस बात को कह रहे थे और हेमंत सोरेन ने विधानसभा के पटल पर भी यह बात रखी थी. कहा था कि 8 एकड़ रकबा वाली जमीन का अगर एक छटाक भी हमारे नाम पर होगा, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा. सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सोरेन के कठोर प्रणवाली बातों में ईमानदारी और सच्चाई भरी थी, इस जमानत के आदेश से उन पर मुहर लगी है. जो आरोप लगे थे, यह कहीं से भी साबित नहीं हो पाये.

### झारखंड के चार करोड़ लोगों के विश्वास की जमानत है

भट्टाचार्य ने कहा कि जमानत कोई आसान शब्द नहीं है, यह झारखंड के चार करोड़ लोगों के विश्वास की जमानत है. लोकसभा चुनाव के पूर्व एक सुनियोजित साजिश के तहत विरोधी चाहते थे कि एक प्रखर नेता (हेमंत सोरेन) की आवाज को शांत किया जाए. इंडिया गठबंधन के प्रखर नेता के पैरों में बेड़ियां लगाने की साजिश रची गयी. हाथों में हथकड़ी, पैरों में बेड़िया डाली गयी थी कि चुनाव को प्रभावित किया जा सके. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय भाजपा की कठपुतली थी, जो उसके इशारों पर काम कर रही थी, ताकि चुनाव में एनडीए को बढ़त मिल सके.

- **हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो महासचिव ने कहा-एक बड़ी राहत मिली है**
- **सुप्रियो ने यह भी आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय भाजपा की कठपुतली है**



### आदिवासियों की एक भी सीट भाजपा के खाते में नहीं गयी

सुप्रियो ने कहा कि आदिवासियों ने दिखा दिया कि झारखंड में आदिवासियों की एक भी सीट भाजपा के खाते में नहीं गयी. अगर चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन बाहर रहते, तो आज पूरे देश की राजनीतिक स्थितियां कुछ अलग रहतीं. राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि प्रधानमंत्री होते. झारखंड में और नौ सीटों और पूरे देश में कम से कम 30 सीटों का इजाफा इंडिया गठबंधन को होता. कहा, साजिश का अंत हो गया, बाहर निकल गया अपना हेमंत. यह आज का नारा है. लोकसभा चुनाव अगर कल भी होता है, तो हम भारतीय जनता पार्टी को सिंगल डिजिट में रोक देंगे, अपने बल पर झारखंडियों की सरकार बनाएंगे.

### भाजपा की गीदड़ भभकी हमें डरा नहीं सकती

सुप्रियो ने कहा कि भुंईहरी जमीन को लेकर जो आरोप लगे, वह भी आठ एकड़ जमीन के मामले में, तो बता दें कि पूरे झारखंड का क्षेत्रफल 79 हजार 710 स्क्वायर किलोमीटर है और पूरा क्षेत्र हेमंत सोरेन का है. भाजपा की गीदड़ भभकी हमें डरा नहीं सकती. 30 जून को हूल दिवस है. झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन है और संघर्ष हमारे डीएनए में है. हम देश के आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों की आवाज को नहीं छोड़ सकते. युवाओं की उम्मीद के साथ हम खिलवाड़ नहीं कर सकते. भट्टाचार्य ने हेमंत को जमानत मिलने पर तमाम लोगों का आभार जताया.



जेल से बाहर आने के बाद मीडिया से मुखातिब हेमंत सोरेन.



हेमंत की रिहाई के बाद खुशियां मनाते झामुमो नेता-कार्यकर्ता.

---

भाजपा ने झामुमो पर पलटवार कर तंज कसा-हंगामा क्यों बरपा है

## दोषमुक्त नहीं हुए हैं हेमंत, सिर्फ जमानत मिली है: प्रतुल शाहदेव

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर पलटवार करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को सिर्फ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने जमानत दी है, परंतु झामुमो इस तरीके से उत्सव मना रहा है, जैसे उन्हें सारे आरोपों से दोष मुक्त कर दिया गया है. प्रतुल ने कहा कि जमानत अदालत की प्रक्रिया का एक हिस्सा होता है. आज उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच ने हेमंत सोरेन को जमानत जरूर दी है, लेकिन पूरे मुकदमे का ट्रायल अभी बाकी है. ऐसे में झामुमो हेमंत सोरेन को दोष मुक्त मानकर अदालत की अवमानना कर रहा है.

**हाईकोर्ट के डबल बेंच ने हेमंत पर लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया सही माना था :** शाहदेव ने कहा कि उच्च न्यायालय के डबल बेंच ने हेमंत सोरेन के खिलाफ जमीन घोटाले में लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया था.हेमंत सोरेन ने उच्च न्यायालय में जब अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी, तो केस संख्या डब्ल्यूपी (सीआर) 68/2024 में दिनांक 3 मई 2024 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की बेंच ने अपने जजमेंट में प्रथम दृष्टया हेमंत सोरेन के खिलाफ लगे आरोपों को सही माना था. उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से बरामद 36 लाख रुपये को लेकर अपने जवाब में माता-पिता के इलाज के लिए पैसा रखने की दलील को सही नहीं माना था. प्रतुल ने कहा हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली याचिका को खारिज कर दिया था. कहा कि सुविधा की राजनीति के अनुसार झामुमो सिर्फ जमानत के सीमित मुद्दे पर दिए गए उच्च न्यायालय के सिंगल जज के जजमेंट को दिखा रहा है. लेकिन डबल बेंच की टिप्पणियों को नजरअंदाज कर रहा है. कहा, सत्य की हमेशा जीत होती है और जिन लोगों ने भी भ्रष्टाचार किया है, मोदी जी के न्यू इंडिया में वैसे भ्रष्टाचारियों को बक्शा नहीं जा सकता है.



### सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार की लंबी सूची

प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची लैंड स्कैम, साहिबगंज का पत्थर खनन घोटाला,अवैध खनन घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, प्रश्न पत्र लीक घोटाला, जैसे ढेर सारे संगीन आरोप लगे हैं. इस सरकार के कार्यकाल में 70 हजार करोड रुपये के घोटाले का आरोप लगा है. भ्रष्टाचार और ट्रांसपेरेंसी के लिए स्थापित लोकायुक्त और सूचना आयोग जैसी संस्थाओं को पंगु बना दिया गया. यह साफ दिखाता है कि यह सरकार भ्रष्टाचार के मामलों को सामने लाने देना नहीं चाहती.

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं के खुशियां मनाने पर कसा तंज
- कहा- जमानत मिलना अदालत की एक प्रक्रिया है

---

जैक, सीबीएसइ, आइसीएसइ के प्रतिभाशाली छात्र होंगे सम्मानित

## पासवा झारखंड का 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह एक जुलाई को

संवाददाता। रांची

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने बताया कि रांची के कडरु में जामिया बैंक्वेट हॉल में आगामी एक जुलाई को दिन के 10 बजे से होने वाले 12वें प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी पूर्णरूप से चल रही है. अत्यंत हर्षोल्लास के साथ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद की अध्यक्षता में पुनः 12वीं बार पासवा झारखंड द्वारा मैट्रिक व इंटर के जैक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाएगा.

इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कल्पना मुर्मू सोरेन होंगी. उद्घाटनकर्ता सैयद शमायल अहमद होंगे. वही अतिथियों में डॉ अनिल कुमार महतो (चेयरमैन जैक), विधायक दीपिका पांडे सिंह, अमित कुमार यादव सहित सेवानिवृत्त एयर इंडिया अफसर धनंजय किशोर, एम सायद, मो. असलम शामिल रहेंगे. मौके पर इनके साथ-साथ प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के प्रदेश पदाधिकारी, राज्य के सभी जिला के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य, विद्यालय संचालक, संचालिका, प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका एवं विशेष रूप अभिभावक और विद्यार्थी मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे.

कार्यक्रम से संबंधित कई जानकारियां दी गईं कि राज्य में संचालित इस प्रतिभा सम्मान समारोह में सीबीएसई जैक,आईसीएसई से संबंधित विद्यार्थियों (जिनका अंक 70% या उससे भी अत्यधिक होगी) को सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस समारोह शामिल होने के लिए राज्य में संचालित हो रहे सभी विद्यालय के प्राचार्य, अभिभावक व विद्यार्थी को आगामी 30 जून के पूर्व रजिस्ट्रेशन करवाने की सूचना दे दी गई है, जिसके लिए संगठन द्वारा व्हाट्सएप नंबर व ईमेल आईडी भी दिया गया है ताकि विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करने में सुविधा हो सके. एसोसिएशन के प्रदेश सचिव ने विद्यालय के प्राचार्य व विद्यार्थियों से जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आग्रह किया.

संगठन के महासचिव ने बताया कि सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, जिसमें सैकड़ो विद्यार्थी ने मार्कशीट भेजकर अपना पंजीकरण व्हाट्सएप नंबर 8709004058,9334434042,9934507175 एवं ई-मेल jharkhandpsawa<bha>@</bha>gmail.com toufiqhussain31<bha>@</bha>gmail.com के माध्यम से करा चुके हैं और लगातार विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जून शाम 5 बजे तक है.



**खास बातें**

- समारोह में मुख्य अतिथि होंगी कल्पना मुर्मू सोरेन
- 30 जून तक रजिस्ट्रेशन कराने का दिया गया है समय

क्लासिफाइड









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, शनिवार 29 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 81 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### साक्ष्य के अभाव में युवती के अपहरण का आरोपी बरी

**जमशेदपुर ।** मानगो की एक युवती का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी अमन राव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 7 वैशाली श्रीवास्तव ने आरोपी अमन राव को बरी किया. बचाव पक्ष के अधिवक्ता चंदन कुमार चौबे ने बताया कि मामले में कुल 7 लोगों की गवाही हुई थी. घटना फरवरी 2022 की है.

### हटाए गए अस्थायी कर्मियों के अनशन को समर्थन

**चांडिल ।** सुवर्णरेखा बहुउद्देश्यीय परियोजना चांडिल बांध के 11 अस्थायी कर्मचारी काम से हटाए जाने के बाद 25 जून से चांडिल स्थित परियोजना के अंचल सह प्रमंडल कार्यालय के बाहर अनशन पर बैठे हैं. आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो शुक्रवार को अनशन स्थल पर पहुंचकर पूरी जानकारी ली. उन्होंने परियोजना के कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया.

### मायुमं अचीवर्स ने लगायी सातवीं स्थाई अमृतधारा

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा की ओर से शुक्रवार को सर्किट हाउस रोड नं. 7 स्थित माइनिंग ऑफिस के पास शिव साईं मंदिर में सत्र 2024-25 की सातवीं स्थाई अमृतधारा लगायी गयी. अंशुल रिंगासिया की अध्यक्षता में शाखा के फॉर्मेशन वीक के दूसरे दिन इस अमृतधारा का लोकार्पण भाजयुमो महानगर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने किया.

### हेमंत सोरेन को जमानत पर ननिहाल में खुशी

**चांडिल ।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में खुशियां मनाई गई. पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत मिलने पर उनके ननिहाल चांडिल में खुशी की लहर देख गया. चांडिल गोल चक्कर में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर अतिशबाजी की और लड्डू वितरण किया.

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिंह राव का मनाया जन्मदिन

**चाईबासा ।** कांग्रेस भवन में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिंह राव का 103वां जन्मदिन मनाया. मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने कहा कि नरसिंह राव के राजनीति के सफर का बहुत ही निराला अंदाज था. इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रवक्ता जगदीश सुन्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी पर प्रकाश डाला.

### भाजमो जमशेदपुर की सभी सीटों पर लड़ेगा चुनाव

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) जमशेदपुर महानगर के पदाधिकारियों की बैठक बिष्टुपुर में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा.

### छात्रों से मारपीट, जबरन ऑनलाइन पेमेंट करवाया

**जमशेदपुर ।** बोड़ाम थाना अंतर्गत डिमना डैम के पास बुधवार देर रात डिमना डैम के पास बदमाशों ने अवध डेंटल कॉलेज के चार छात्रों के साथ जबरन मारपीट करते हुए ऑनलाइन पैसे ट्रांस्फर करवा लिए. इसको लेकर छात्रों ने बोड़ाम थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. छात्रों ने पुलिस को बताया कि वे चार की संख्या में देर रात डिमना डैम घूमने गए थे.

---

### विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज किया

# टाटा स्टील यूआईएसएल के बिजली उपभोक्ताओं को राहत

## 2024-25 के लिए जमशेदपुर-आदित्यपुर में नहीं बढ़ेंगी दरें

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर और आदित्यपुर में टाटा स्टील के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है. झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने टाटा स्टील यूआईएसएल के बढ़े हुए हुए टैरिफ को नामंजूर कर दिया है. अब उपाभोक्ताओं को साल 2024-25 में पुरानी दर से ही बिजली बिल का भुगतान करना होगा. टाटा स्टील यूआईएसएल ने बिजली दर में प्रति यूनिट 10 और अधिकतम 65 पैसे, जबकि फिक्सड चार्ज में न्यूनतम तीन से 12 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा था. इसको लेकर झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने जमशेदपुर के गोलमुरी क्लब और आदित्यपुर के ऑटो क्लस्टर में मार्च-अप्रैल माह में जनसुनवाई की थी. जनसुवाई में बढ़े हुए टैरिफ का विरोध किया गया था. विरोध को देखते हुए झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने दर बढ़ाने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है. इसके बाद से उपभोक्ताओं को पुरानी दर से ही बिजली बिल का भुगतान करना होगा. इससे जमशेदपुर और आदित्यपुर के कुल 60 हजार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है.



#### जमशेदपुर के लिए बिजली की दर

**घरेलू**
1-100 यूनिट : 3.00 रुपये प्रति यूनिट
100 यूनिट से अधिक : 5.15 रुपये प्रति यूनिट
डीएस-एचटी : 5.10 रुपये प्रति यूनिट
सिंचाई एवं कृषि कार्य के लिए : 5.00 रुपये प्रति यूनिट

**कॉमर्शियल**
सभी यूनिट : 5.75 रुपये

**औद्योगिक सेवा**
लो टेंशन इंडस्ट्रीयल सर्विस : 5.50 रुपये प्रति यूनिट
हाई टेंशन इंडस्ट्रीयल सर्विस : 6.30 रुपये प्रति यूनिट

**स्ट्रीट लाइट** : 6.20 रुपये प्रति यूनिट
**रेलवे ट्रैक्शन सर्विस, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस, अन्य वितरण लाइसेंस** (जुस्को को छोड़ कर) : 6.25 रुपये प्रति यूनिट

**अस्थायी कनेक्शन** : निर्धारित से 1.5 गुणा अधिक

#### सरायकेला के लिए बिजली की दर

**घरेलू**
1-100 यूनिट : 3.00 रुपये प्रति यूनिट
100 यूनिट से अधिक : 3.25 रुपये प्रति यूनिट
डीएस-एचटी : 3.10 रुपये प्रति यूनिट
सिंचाई एवं कृषि कार्य के लिए : 3.90 रुपये प्रति यूनिट

**कॉमर्शियल**
ग्रामीण क्षेत्र के लिए : 3.00 रुपये प्रति यूनिट
शहरी क्षेत्र के लिए : 4.15 रुपये प्रति यूनिट

**औद्योगिक सेवा**
लो टेंशन इंडस्ट्रीयल सर्विस : 4.50 रुपये प्रति यूनिट
हाई टेंशन इंडस्ट्रीयल सर्विस : 4.90 रुपये प्रति यूनिट

**स्ट्रीट लाइट** : 5.25 रुपये प्रति यूनिट
**रेलवे ट्रैक्शन सर्विस, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस, अन्य वितरण लाइसेंस** (जुस्को को छोड़ कर) : 4.80 रुपये प्रति यूनिट

---

# बढ़े अपराध पर थानेदार दो दिन में दें स्पष्टीकरण : एसएसपी

## सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मी हुए सम्मानित

**संवाददाता । जमशेदपुर**

शहर में बढ़ते अपराध को लेकर शुक्रवार को एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक की. एसएसपी ने शहर में बढ़ रहे अपराध को लेकर सभी थाना प्रभारियों को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है. इस बैठक में मुख्य रूप से सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे.

बैठक में एक जुलाई से लागू होने वाले न्यू क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी दी गई. सभी को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया वहीं सभी डीएसपी को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में ब्रीफ करने का भी निर्देश दिया गया.

इसके अलावा एसएसपी किशोर कौशल ने सभी लंबित वारंट, इश्तेहार और कुर्की का समय से निष्पादन के लिए एक विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया.सभी थाना प्रभारी अब पोक्सो एक्ट के मामलों को 60 दिनों के अंदर निष्पादित करेंगे. वैसे अपराधी जिसके खिलाफ दो से ज्यादा संगीन मामले दर्ज है वैसे अपराधियों के विरूद्ध सीसीए और निगरानी प्रस्ताव भेजने को कहा गया है. वहीं एनडीपीएस एक्ट के मामले में अभियुक्तों के खिलाफ निगरानी पंजी खोलकर उनपर निगरानी रखने को कहा है. एसएसपी ने 5 दिनों में पासपोर्ट का सत्यापन कर पोर्टल में अपलोड करने का भी निर्देश दिया है.अंत में चुनाव कार्य में सराहनीय कार्य करने वाले सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, चुनाव कोषांग कर्मी और गोपनीय रीडर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

एसएसपी ने बिष्टुपुर, गोविंदपुर, सिदगोड़ा, साकची और टेल्को जैसे थाना क्षेत्र जहां छिनतई और चोरी के मामलों में बढ़ोतरी हुई है वहां से थानेदारों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आदेश दिया है. इन क्षेत्रों में सबसे अधिक छिनतई और चोरी के मामले सामने आ रहे थे. बीते एक सप्ताह की ही बात की जाए तो शहर में शराब दुकान समेत घरों में चोरी की संख्या में बढ़ोतरी हुई है.एसएसपी किशोर कौशल ने ऐसे लोगों को भी चिह्नित करने का निर्देश दिया है जो हाल ही में जेल से बाहर आए है और पूर्व में कई बार चोरी और छिनतई जैसे मामलों में जेल जा चुके है.



#### डायल 112 की शिकायत पर 30 मिनट के अंदर लें संज्ञान

एसएसपी ने बैठक के दौरान आदेश दिया कि डायल 112 पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 मिनट के अंदर ही संज्ञान लें ताकि लोगों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े. कई बार ऐसा देखा गया है कि डायल 112 पर शिकायत के बाद काफी देर तक मामले को संज्ञान में नहीं लिया जाता जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है

---

# वन विभाग के खिलाफ समिति का महा विरोध प्रदर्शन 2 को

## दलमा वन क्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति ने सौंपा मांगपत्र



**संवाददाता । चांडिल**

दलमा वन क्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति की ओर से दो जुलाई को दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, कार्यालय मानगो जमशेदपुर के खिलाफ महाविरोध प्रदर्शन किया जाएगा. महाविरोध प्रदर्शन को लेकर समिति ने शुक्रवार को धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपा है. पत्र सौंपने वालों में सुकलाल पहाड़िया, सुचांद सिंह, दीनबंधु सिंह, रविंद्र सरदार, जितेन सिंह आदि शामिल थे. वन विभाग द्वारा लागू किए गए कई नियमों के खिलाफ और आठ सूत्री मांगों के समर्थन में समिति महाविरोध प्रदर्शन कर रही है.

**यह है समिति की मांगें**

समिति की मांगों में किसानों के धान समेत सब्जी आदि की फसल को जंगली हाथी, बंदर, भालू, सूअर आदि के द्वारा अपना आहार बनाने और बर्बाद किए जाने पर प्रति एकड़ एक लाख की दर से मुआवजा देने, जंगली हाथी द्वारा किसी व्यक्ति की जान लेने पर दस लाख रुपये का मुआवजा देने, वन क्षेत्र में अवस्थित सरना स्थल, मंदिर, श्मशान आदि सार्वजनिक स्थलों पर वन विभाग द्वारा छेड़छाड़ बंद करने, माकुलाकोचा हिरण पार्क चेकनाका में वाहनों से टैक्स वसूलना बंद करने, दलमा आश्रयणी में पदस्थापित सभी पदाधिकारी व कर्मियों की संपत्ति की जांच करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं.

इस संबंध में सुकलाल पहाड़िया ने कहा कि दलमा वन क्षेत्र के पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा दलमा वन क्षेत्र के निवासियों और दलमा वन दर्शन करने आने वाले सैलानियों को तरह-तरह का कानून लगा कर परेशान किया जा रहा है.

दलमा पहाड़ के रास्ते संपदडीह, माकुलाकोचा, चाकुलिया समेत अन्य कई गांवों से प्रतिदिन मजदूरी करने अमशेदपुर जाने वालों को भी माकुलाकोचा चेकनाका में टैक्स देने के लिए दबाव दिया जाता है. रुपये नहीं देने पर वापस जाने की बात कही जाती है.

---

### कोल्हान पहुंचा मानसून कई जगहों पर हुई वर्षा

**जमशेदपुर ।** 26 जून को कोल्हान के रास्ते बिहार का रुख कर चुका मानसून पुनः कोल्हान में सक्रिय हो गया है. शुक्रवार को कोल्हान के तीनों जिलों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां) के अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं भारी तथा कहीं औसत दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गई. कोल्हान में 28 जून को सबसे ज्यादा वर्षा मुसाबनी (32.4 मिलीमीटर), रिकार्ड की गई. जबकि धालबूमगढ़ में 22.4, गोइलकेरा 16.4, बोड़ाम में 13.4, टोंटो में 11.4 तथा चाकुलिया में 10.6 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई. वर्षा होने से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे. वहीं तापमान में गिरावट होने से गर्मी-उमस से लोगों को राहत मिली. मौसम केंद्र रांची के पूर्वानुमान पदाधिकारी डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि नॉर्थ-वेस्ट तथा बंगाल की खाड़ी में सायक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण लो प्रेशर एरिया बनने से मानसून सक्रिय हुआ है. यह लो प्रेशर एरिया नॉर्थ-इस्ट राजस्थान, होते हुए मध्य प्रदेश, छतीसगढ़ के रास्ते झारखंड की ओर बढ़ रहा है. जिसके कारण दक्षिणी-पश्चिमी मानसून एक फिर झारखंड में सक्रिय हो गया है. जिसके कारण झारखंड के लगभग सभी हिसों में कहीं-कहीं भारी तथा आंशिक वर्षा हुई. यह स्थिति अगले तीन-चार दिनों तक बनी रहेगी. जिसके चलते झारखंड के पश्चिमी तथा उत्तरी हिस्से में कहीं-कहीं भारी तथा औसत दर्जे की वर्षा होगी.

---

# अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है पर्यावरण

## अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

- 60 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किये अपने शोध पत्र
- यूनिवर्सिटी की शिक्षिका व तीन छात्र पुरस्कृत

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की ओर से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसका विषय 'वैश्विक परिदृश्य को नेविगेट करना : व्यवसाय और अर्थव्यवस्था में सतत रणनीतियों को अपनाना था.

इसमें मुख्य अतिथि टाटा स्टील के पूर्व सीएफओ रमेश चंद्र नंदराजोग थे. उन्होंने सतत विकास पर अपने विचार व्यक्त किए और अपने जीवन के अनुभवों को कुछ उदाहरणों के साथ साझा किया. उन्होंने जीवन में सफल व्यक्ति बनने के गुर बताये. साथ ही किसी व्यक्ति के जीवन में प्रासंगिक भाग्य और कड़ी मेहनत की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला.

किंग सऊद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दुर्गा प्रसाद ने संयुक्त राष्ट्र के सभी एसडीजी लक्ष्यों और जीवन के चार वित्तीय लक्ष्यों के बारे में बताया. दक्षिण अफ्रीका के डरबन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रवींद्र रेना भी संगोष्ठी में शामिल हुए.

उन्होंने बताया कि अर्थव्यवस्था और व्यवसाय में स्थिरता कैसे प्रासंगिक है और यह पर्यावरण को कैसे प्रभावित कर सकती है. उद्घाटन सत्र के अंतिम वक्ता टाइम जमशेदपुर के निदेशक शुभम खन्ना ने स्थिरता और इसके भविष्य पर अपने विचार रखे.

अगली कड़ी में, वित्त, विपणन, मानव संसाधन और सामान्य प्रबंधन ट्रैक पर चार तकनीकी सत्र हुए. इमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए स्थिरता प्राप्त करने के उपायों पर चर्चा की. प्रत्येक तकनीकी सत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुत करनेवाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया.

अरका जैन विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर अंकिता सिंह, छात्रा सदफ फातमा, यश कुमार बिन्हा और स्नेहा कुमारी ने तकनीकी सत्र में सर्वश्रेष्ठ पेपर का पुरस्कार हासिल किया. समापन सत्र में अचिंता चटर्जी ने स्थिरता और इसके भविष्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के चेयमैन प्रो (डॉ) एसएस रजी, कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, डीएसडब्लूय प्रो (डॉ) अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ जसबीर सिंह धंजल, यूजी प्रोग्राम की सहायक डीन डॉ पोम्पी दास सेनगुप्ता, डीन, विभिन्न विभागों के एचओडी, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



#### इंजीनियरिंग विभाग में राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

दूसरी ओर अरका जैन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार से मशीन, विनिर्माण, मॉडलिंग और प्रौद्योगिकी में हाल के रुझानों पर आधारित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस (आरटीएमएमएमटी-2024) आरंभ हुआ. यह सम्मेलन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की ओर से किया गया है. इसमें मुख्य अतिथि सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने सामग्री प्रौद्योगिकी, धातु काटने, जोड़ने और एडिटिव विनिर्माण, धातु निर्माण, मशीन टूल डिजाइन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स में महत्वपूर्ण प्रगति पर चर्चा के लिए इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला. बताया गया कि यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के पेशेवरों और शिक्षाविदों के लिए एक महत्वपूर्ण सम्मेलन साबित होगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अश्विनी कुमार ने की, जबकि संयोजन डॉ अनुपम कुमारी और डॉ कुलदीप साहू कर रहे हैं. सम्मेलन का उद्घाटन सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी, एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख प्रो (डॉ) संजय, अरका जैन विश्वविद्यालय के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एसएस रजी और कैंपस में निदेशक सह छात्र कल्याण के डीन डॉ अंगद तिवारी समेत गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया.

---

**तकनीक**

### करीम सिटी कॉलेज में तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला आरंभ

# अच्छी फोटोग्राफी के लिए सब्जेक्ट का मूड समझें : नरेश सबलोक

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

करीम सिटी कॉलेज के मास कम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट में शुक्रवार को तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला की शुरुआत हुई. कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में टाटा स्टील के फोटोग्राफर नरेश सबलोक ने शिरकत की. बेहतरीन फोटोग्राफी की तकनीक बताते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप अपने सब्जेक्ट का मूड भांपकर कर तस्वीर में उतार लें, तो बेहतरीन फोटोग्राफी कर पाएंगे. उन्होंने छात्रों को समझाया कि इक्विपमेंट के मॉडल से ज्यादा हम जो फ्रेम बनाते हैं, वह मायने रखता है.

कार्यशाला में मास कम्युनिकेशन विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के विभिन्न सेमेस्टर से 40 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं. विद्यार्थियों में इस कार्यशाला को लेकर बेहद उत्साह देखा गया. कार्यशाला के प्रथम सत्र के समापन पर कई विद्यार्थियों ने अपनी ओर से श्री सबलोक को धन्यवाद दिया और फोटोग्राफी को करियर के तौर पर अपनाने में रुचि जाहिर की. द्वितीय सत्र में विभाग के सीनियर स्टूडियो एग्जीक्यूटिव सैयद साजिद परवेज़ एवं स्टूडियो एग्जीक्यूटिव सैयद शहजेब परवेज ने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी का अभ्यास करवाया. शनिवार को सभी विद्यार्थी जुबली पार्क जाएंगे और दिए गए विषय पर कैमरे और मोबाइल से तस्वीर कैद करने का अभ्यास करेंगे.

कार्यशाला के तीसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का विश्लेषण नरेश सबलोक करेंगे और छात्र-छात्राओं को तस्वीर को बेहतर बनाने के टिप्स दिये जायेंगे. इससे पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में विभागाध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने रिसोर्स पर्सन का परिचय कराते हुए स्वागत भाषण किया. कार्यक्रम में विभाग की फैकल्टी मेंबर डॉ रश्मि कुमारी भी उपस्थित थीं.

कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने विभाग को बधाई दी और विद्यार्थियों को ऐसी कार्यशाला से मिलने वाले लाभ पर रोशनी डाली.



#### फोटोग्राफी की तकनीकी शब्दावली

कार्यशाला के दौरान नरेश सबलोक ने विद्यार्थियों को कई तरह की तकनीकी जानकारी दी. इसमें विभिन्न प्रकार के लेंस व फिल्टर के अलावा फोटोग्राफी में इस्तेमाल होने वाली तकनीकी शब्दावलियां जैसे एपर्चर, फोकस, शटर स्पीड आदि की बारीकियां भी शामिल थी. उन्होंने ऑटो के बजाय मैनुअल तरीके से तस्वीर खींचने को बेहतर बताया. साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि मैन्युअल तस्वीर खींचने में किन प्रकार की सावधानियां बरतनी पड़ती है. अपनी खींची हुई कई तस्वीरों को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को कंपोजिशन और फ्रेम भी समझाया.

---

# जनहित के कार्यों के समाधान में तेजी लाएं अधिकारी : डीसी

## जनता दरबार में सुनी दर्जनों लोगों की फरियाद



**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना. उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ तथा प्रखंड व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें जिससे फरियादियों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े.

इस दौरान कई लोगों ने जहां केजीबीवी में बच्चियों के नामांकन, निजी विद्यालय में आरटीई के तहत नामांकन, दिव्यांग पेंशन, दाखिल खारिज, म्यूटेशन, विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं मिलने, भूमि विवाद समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया. अधिकांश शिकायतों को उपायुक्त ने तुरंत समाधान कराया. साथ ही विभागीय जांच-पड़ताल से जुड़ी मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## ब्रीफ खबरें

### सिंहभूम ओड़िया अस्मिता रक्षा सम्मेलनी कल

**बहरागोड़ा ।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह सिंहभूम उत्कल सभा के महासचिव डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने शुक्रवार को यहां एक बयान जारी कर बताया कि आगामी रविवार प्रातः10 बजे जमशेदपुर उत्कल एसोसिएशन के गोपबंधु सभागार में सिंहभूम ओड़िया अस्मिता रक्षा सम्मेलन का आयोजन होगा. जिसमें झारखंड के पूर्वी सिंहभूम ,पश्चिम सिंहभूम तथा सरायकेला खरसावां जिले के 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे. इस सम्मेलन में ओड़िया भाषा, शिक्षा एवं संस्कृति मुख्य बिंदु रहेगा. इसे लेकर आज यहां बैठक हुई.

### अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की सूची मांगी

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं की सूची सभी विभागों से मांगी गई है. अल्पसंख्यक आयोग 29 जून को जमशेदपुर परिसदन में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा. पदाधिकारियों को अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहने के लिए कहा गया है. बैठक में आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, सदस्य डॉ. मोरालेउद्दीन तौसिफ, बरकत अली, उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

### झामुमो की बैठक में शामिल हुए विधायक रामदास सोरेन

**घाटशिला ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मुसाबनी प्रखंड की चार पंचायत गोहला, कुईलीसुता, धोवनी एवं पारुलिया के कार्यकर्ताओं की बैठक कुईलीसूता मैदान में प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि विधायक रामदास सोरेन ने कहा झारखंड के लिए 28 जून ऐतिहासिक दिन है. लगभग पांच महीना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष हेमंत सोरेन उच्च न्यायालय रांची के आदेश के उपरांत बेल पर जेल से बाहर आ रहे हैं.

### मां दुर्गा महिला समूह पर राशन नहीं देने की शिकायत

**डुमरिया ।** प्रखंड के धोलाबेड़ा पंचायत अंतर्गत बारुनिया स्थित राशन डीलर मां दुर्गा महिला समूह के खिलाफ राशन नहीं देने की शिकायत ग्रामीणों ने प्रभारी एमओ से की है. शुक्रवार को बारुनिया, कारिदा और जानेगोड़ा के कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया. मई और जून माह में अनाज वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए संबंधित राशन डीलर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की. प्रभारी एमओ को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि राशन डीलर द्वारा प्रत्येक माह 60 -70 कार्डधारियों को अनाज नहीं दिया जाता है.

### गालूडीह के उल्दा में एक पेड़ मां के नाम अभियान

**घाटशिला ।** गालूडीह क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता ने शुक्रवार को गालूडीह पंचायत उल्दा में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया. गालूडीह मंडल प्रभारी भाजपा नेत्री गीता मुर्मू एवं दिनेश साव ने पौधरोपण कर अभियान शुरू किया. भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने गालूडीह के पंचायत उल्दा बूथ संख्या 19-20 के गांव में पौधरोपण किया. मौके पर गीता मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखना बहुत जरुरी है. पेड़-पौधे मनुष्य तथा जीव जंतुओं के जीवन में बहुत महत्व रखते हैं.

### हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर बांटी मिठाई

**जमशेदपुर ।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई. इसकी जानकारी जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी को होने के बाद उन्होंने बोड़ाम में ग्रामीणों के बीच लड्डू का वितरण किया. विधायक शुक्रवार को रसिकनगर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर रहे थे. उसी दौरान उन्हें जमानत मिलने की सूचना मिली. विधायक ने कहा कि हमें पूरा भरोसा था कि हेमंत सोरेन को जमानत मिलेगी. क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं.

## मानगो गुरुद्वारा रोड में स्वर्णरेखा नदी के अकाली घाट पर अवैध कब्जा, प्रशासन मौन

# जमीन कब्जा का विरोध करने पर मिलती है ऊंची पहुंच की धमकी

- स्थानीय निवासियों की शिकायत पर नगर निगम ने नहीं की कोई कार्रवाई

**रोहित कुमार । जमशेदपुर**

मानगो गुरुद्वारा रोड स्थित स्वर्णरेखा नदी के किनारे अकाली घाट पर अवैध कब्जा शुरू हो गया है. यहां नदी की जमीन को घेरकर अवैध कब्जा कर लिया गया है. हालांकि स्थानीय लोगों ने मानगो नगर निगम को इसकी जानकारी दे दी है. इसके बावजूद नगर निगम ने अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है. इससे जमीन घेरने वाले का मनोबल और बढ़ चुका है. स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुद्वारा रोड स्थित अकाली घाट के पास स्थित फ्लैट में रहने वाले सोढी सिंह ने नदी पर अवैध कब्जा कर उसे घेर लिया है. सोढी सिंह ने नदी के हिस्से पर पीलर गाड़कर उसे घेरा है. इसको लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया पर सोढी सिंह सभी को धमकी देता है कि उसकी पहुंच काफी ऊपर तक है. उसका कोई कुछ नहीं कर सकता है.



नदी पर हुआ अवैध कब्जा

**नदी के आस-पास अवैध कब्जा**

यह पहला मामला नहीं है जहां नदी पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है. मानगो पुल के किनारे अवैध कब्जा कर वहां अवैध तरीके से खटाल संचालित किया जाता है. इसके पूर्व इस खटाल संचालक पर कार्रवाई की गई थी. बावजूद इसके फिर से कब्जा कर खटाल का संचालन किया जाता है. इसके अलावा मानगो, बागबेड़ा और भुइंयाडीह जैसे इलाकों में भी अवैध कब्जा किया गया है.

**आर्मी की धौंस दिखा कर लिया अवैध कब्जा**

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सोढी आर्मी की धौंस दिखाकर सब को डराता है. सोढी सिंह का बेटा आर्मी में है, जिसका नाम लेकर वह सभी को डराता है. इस कारण स्थानीय लोग उसका विरोध करने से डरते हैं. लोगों ने बताया कि सोढी सिंह ने अपनी जमीन बेच दी. उस पर बिल्डर की मदद से सोढी टावर का निर्माण कराया गया. इस फ्लैट में सोढी सिंह का भी घर है. सोढी सिंह ने पहले तो फ्लैट की दीवार को तोड़ा और फिर नदी के किनारे पीलर गाड़कर उसे घेर लिया. अब वह उक्त स्थान पर कब्जा कर घर बनाना चाहता है.

## कीताकोचा में स्वीकृति मिलने के एक वर्ष बाद भी बोरिंग नहीं

# योजनाओं में हो रही देरी पर विधायक ने लगाई फटकार



- डुमरिया प्रखंड सभागार में संजीव सरदार व डीडीसी ने की योजनाओं की समीक्षा
- विद्युत विभाग हर माह ग्रामीणों को दे बिल
- 30 दिनों के अंदर करें म्यूटेशन का काम
- वायरल ऑडियो की हो रही जांच : डीडीसी

**संवाददाता । डुमरिया**

डुमरिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में डीडीसी मनीष कुमार के साथ सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली. विधायक संजीव सरदार ने कहा कि डुमरिया प्रखंड से जिला मुख्यालय की दूरी 80 किलोमीटर है. अधिकारी ग्रामीणों का काम प्रखंड स्तर पर जल्द करेंगे, तो लोगों को जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा. उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिस स्थान पर पेयजल आपूर्ति योजना के तहत चापाकल और जलमीनार लगाने की स्वीकृति मिली है उसे जल्द पूरा करें. विधायक ने कीताकोचा में स्वीकृति मिलने के एक वर्ष बाद भी बोरिंग नहीं कराने पर अधिकारियों को फटकार लगाई.

विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीणों के कनेक्शन काटे जाने पर विधायक ने कहा कि प्रत्येक माह बिजली बिल देना विभाग का काम है. वर्षों तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल नहीं देकर के एका एक हजारों रुपए का बिल विभाग द्वारा दिया जा रहा है. इसके कारण गरीब उपभोक्ता बिल नहीं दे पाते हैं. डीडीसी मनीष कुमार ने कहा कि विधायक संजीव सरदार ने विधायक निधि मद में अन्य विधायकों की तुलना में सबसे अधिक खर्च किया है. उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि तटस्थ रहकर योजनाओं को धरातल पर उतारें. म्यूटेशन का काम 30 दिनों के अंदर पूरा करें. अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास जल्द पूरा करने के लिए पंचायतवार समीक्षा की गई. डीडीसी ने समीक्षा बैठक के दौरान गुड़ाबांदा प्रखंड में एक पंचायत सचिव द्वारा आबुआ आवास योजना की स्वीकृति के लिए लाभुक से रिश्वत मांगने संबंधी ऑडियो का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इस वायरल ऑडियो की जांच हो रही है. जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी.

**डीडीसी ने पंचायत सेवक को दी चेतावनी**

इसपर डीडीसी ने संबंधित पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को चेतावनी देते हुए अबुआ आवास निर्माण की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया. डीडीसी मनीष कुमार ने विगत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन जल्द करने का आदेश अधिकारियों को दिया. समीक्षा बैठक के उपरांत विभिन्न विभागों की परिसंपत्तियों का वितरण विधायक संजीव सरदार ने किया.

# अक्षेस कार्यालय पर आजसू पार्टी का हल्ला बोल प्रदर्शन

## 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा, आंदोलन की चेतावनी



**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के साकची स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह कर रहे थे. इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार से मुलाकात की तथा उन्हें 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा.

कन्हैया सिंह ने कहा कि सरकार की नियत व नीति जनहित मे नहीं है. उनके चुनावी वायदे खोखले साबित हो रहे हैं. महिलाओ और युवाओं के साथ छलावा किया गया है. साथ ही शिक्षा-स्वास्थय जैसी मूलभूत सुविधाओं से आम जनमानस को वंचित रखा है.कार्रवाई नहीं होने पर पार्टी ने आंदोलन की बात कही. हल्ला बोल कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मुन्ना सिंह, अप्पू तिवारी, चन्द्रश्वर पांडेय, हेमंत पाठक, धनेश कर्मकार, देवाशीष चौधरी, राजेश चौधरी,संतोष सिँह, विमल मौर्या, राजेंद्र सोनकर उमा शंकर सिँह, लक्ष्मन बाग़, सोनू सिँह, चंदन सिंह, अभय सिंह, राहुल प्रसाद, प्रवीण प्रसाद, समेत सैकड़ो महिला और युवा शामिल रहे.

**पार्टी की प्रमुख मांगे**

जमीन संबंधी दाखिल-खारिज के लंबित आवेदनों एवं पंजी-2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या हल करना, अबुआ आवास योजना के चयन पारदर्शिता लाना, खराब चापानल की मरम्मत कर पेयजल की समस्या का समाधान करने, जाति आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शीघ्रता लाने, पीजेपी मॉल के सामने मुख्य सड़क पर गाडियों की पार्किंग बंद करने, बिजली आपूर्ति में सुधार लाने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता देने, ससमय पेंशन भुगतान करने, राशन कार्डधारियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने तथा नक्शा विचलन कर बने भवन मालिकों पर कार्रवाई करना शामिल है.

# 3.5 लाख के पैकेज पर 12 छात्रों का चयन

## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एपलीकेशन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेटमेंट इकाई की ओर से विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एपलीकेशन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें आईटी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कंपनी टीसीएस, डेलॉयट, रिग्रो टेक इंडिया, पिक इंफोकॉम शामिल हुईं.

इन कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का एसोसिएट सॉफ्टवेयर टेस्ट इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर चयन किया है. कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए व एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल हुए.

इनमें से 12 छात्र-छात्राओं ने रोजगार प्राप्त करने में सफलता हासिल की. चयनित सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान औसतन 3.5 लाख का वार्षिक वेतनमान प्राप्त होगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी.

विश्वविद्यालय के प्लेटमेंट सह मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम पूर्ण होने के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त हों, इस उद्देश्य से निरंतर कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. इसमें देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं.

इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अंतिम रूप से चयनित छात्र-छात्राओं में सृष्टि आर्या, मुस्कान, ओवैस रज़ा, आरिफ अंसारी, अकांक्षा कुमारी, दिपेश साव, प्रोतिमा कुंभकार, निशांत बोरकर, अश्विनी कुमार, ज्योति एवं जावेद शामिल हैं.



**छात्रों को जॉब दिलाने में विवि का मार्गदर्शन**

विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में विश्वविद्यालय प्रशासन और संकाय सदस्यों का योगदान सराहनीय है. उन्होंने आशा जतायी कि विश्वविद्यालय अपने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उनके रोजगार प्राप्त करने में उनका मार्गदर्शन कर पायेगा. आईटी विभाग के अधिष्ठाता प्रो (डॉ) रंजन कुमार मिश्रा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. प्रयास है कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक शिक्षा के साथ ही उनके कौशल सवंर्धन में भी सहायक सिद्ध हो. शिक्षा के पश्चात विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में अधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े.

### सीजीपीसी की आमसभा बुलाकर समाधान करें

**जमशेदपुर ।** सेंट्रल सिख नौजवान सभा के पूर्व महासचिव सरदार प्रितपाल सिंह ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह से बारीडीह गुरुद्वारा के मामले में सीजीपीसी की आम सभा बुलाने की मांग की है.

प्रितपाल सिंह ने कहा है कि कुलविंदर सिंह का कार्यकाल 2022 से 2025 तक का है. छह महीने पहले अवतार सिंह सोखी और अभी सप्ताह भर पहले कुलदीप सिंह गिल ने माला पहनकर खुद को प्रधान घोषित कर दिया. उन्होंने सवाल किया है कि कुलदीप सिंह को 24 घंटे के अंदर शो कॉज जारी हुआ तो अवतार सिंह को क्यों नहीं? 22 जून को आमसभा में जो हुआ और सोशल मीडिया में जो कुछ चल रहा है वह अच्छा नहीं है. यह भी तर्क दिया गया है कि बारीडीह की संगत को यह नहीं बताया गया कि कुलविंदर सिंह ने कौन सी बड़ी गलती की है अथवा असंवैधानिक कार्य किया है.

**दुर्दशा** सड़क पर निकल आई है गिट्टी, हर दिन होती हैं दुर्घटनाएं, जिम्मेदार बेपरवाह

# घाटशिला मुख्य बाजार की सड़क जर्जर, 7 वर्षों से नहीं हुई मरम्मत

- शहर और रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क
- इस सड़क से हजारों छात्र-छात्राएं स्कूल-कॉलेज करते हैं आना-जाना

**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला मुख्य बाजार की जर्जर सड़क से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे निकल आए हैं, जबकि पीएससी सड़क की गिट्टी से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. एकमात्र यह सड़क शहर के साथ-साथ रेलवे स्टेशन से भी जोड़ती है. इस सड़क से हजारों छात्र-छात्राएं स्कूल-कॉलेज आना-जाना करते हैं. नाली की व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण हल्की बारिश में पूरी सड़क पर बने गड्ढे में पानी जमा होने से पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. मुख्य सड़क सात वर्ष पहले बनाई गयी थी.

इसके बाद सड़क की मरम्मत कभी नहीं होने से सड़क दिन प्रतिदिन जर्जर होने लगी. पिछले दिन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पावड़ा मैदान में आयोजित कार्यक्रम से पहले उनके जाने वाले सड़क मार्ग को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया गया.



**सीएम को आना था इसलिए रातों-रात भर दिये गड्ढे**

ओवरब्रिज के समीप बड़े-बड़े गड्ढे एवं गोपालपुर शिव मंदिर के पास वर्षों से जर्जर सड़क की मरम्मत रातों रात करा दी गई, पर मुख्य सड़क की मरम्मत को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी ने भी सात वर्षों में कभी पहल नहीं की. इससे लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है. सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक रामदास सोरेन इस सड़क से आना-जाना करते हैं पर इन्होंने भी कभी कोई पहल नहीं की.

## न्यूज अपडेट

### बाथरूम में गिरने से सोहदा की शिक्षिका की मौत



**घाटशिला ।** बाथरूम में स्नान करने के दौरान शुक्रवार को मुसाबनी थाना क्षेत्र के सोहदा गांव की32 वर्षीय शिक्षिका की मौत हो गई. शिक्षिका को परिजन अनुमंडल अस्पताल घाटशिला लेकर पहुंचे. चिकित्सक डॉ. कुमुदिनी सरदार ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. वहीं मौत को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम कॉलेज भेज दिया है. अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएन सोरेन ने बताया कि सिर तथा शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त नहीं निकला है. हो सकता है कि सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई हो, जिसके कारण मौत हुई है, पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा.

### बहरागोड़ा के भूतिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड के भूतिया पंचायत अंतर्गत भूतिया मध्य विद्यालय परिसर में हूल दिवस के मौके पर आगामी 30 जून को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा. यह शिविर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी की पहल पर राइट्स लिमिटेड की ओर से तथा सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा. शिविर को सफल बनाने के लिए डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने आसपास के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि हर रविवार को बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा.

### डीडीसी से शराब का अवैध धंधा बंद कराने की मांग



**घाटशिला ।** जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह, पोटका अंश 12 के जिप सदस्य सूरज मंडल एवं अंश 11 के जिप सदस्य हिरण्यमय दास संयुक्त रूप से उपायुक्त की अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार से मिले तथा ज्ञापन सौंपा. उन्होंने डीडीसी से मांग की कि जिला प्रशासन अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाएं. जिला पार्षद ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हो रहे अवैध जहरीली शराब का कारोबार काफी फल फूल रहा है. घाटशिला एवं मऊभंडार में तीन-चार दिन पूर्व सरकारी शराब दुकान में चोरी की घटना हुई. सिंह ने कहा कि नकली शराब को हटाने के लिए चोरी का रूप दिया गया है.

### जादूगोड़ा में सहायता राशि व सूखा राशन का वितरण



**जादूगोड़ा।** मांगलिक एवं श्राद्ध कार्यों में सहयोग के लिये झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव बाबू लाल सोरेन के निर्देश पर जादूगोड़ा में जरूरतमंद लोगों के बीच सहायता राशि व सूखा राशन का वितरण किया गया. इसके लिये जादूगोड़ा कंपनी अस्पताल के समक्ष सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में राम किस्कू ( कुमीरमूडी), दिगीज मुर्मु (सोनागाड़ा), कुंवर सोरेन (तेरेगा), ठाकुर माझी ( सिंहपुरा) समेत आधा दर्जन लोगों को सूखा राशन एवं सहायता राशि सौंपी गई. कार्यक्रम को सफल बनने में यूनियन के सहायक सचिव मंगल सोरेन, योगेश तियु एवं वर्षा टुडू ने अहम योगदान दिया.

### पांडुडीह का जलमीनार एक सप्ताह से खराब, परेशानी



**जादूगोड़ा ।** पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जादूगोड़ा से सटी सोहदा पंचायत के पांडूडीह गांव में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. जिसका मुख्य कारण बीते एक सप्ताह से देव भूमि के घर के समक्ष बनी जलमीनार एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है. ग्रामीणों ने पोटका विधायक संजीव सरदार से जल्द इस जल मीनार को ठीक कराने की मांग की है ताकि 40 भूमिज परिवार पेयजल संकट से उबर सके. गांव के देव भूमिज सारी सिंह, सींगो सरदार व ललिता सरदार बताती है कि डेढ़ किलोमीटर से माथे पर ढोकर पानी लाना पड़ता है. गांव में एक चापानल है भी तो इसके पानी से बदबू आती है. मजबूरी में लोग इस पानी को पीने के लिए विवश हैं.

### बाल संसद चुनाव में प्रधानमंत्री बनी खेरवाल सोरेन



**घाटशिला।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय झांटीझरना में प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. कमर अली तथा शिक्षक मनीष कुमार ओझा की देखरेख में शुक्रवार को बाल संसद का चुनाव कराया. इसमें 10वीं कक्षा से प्रधानमंत्री खेरवाल सोरेन और उप प्रधानमंत्री सावित्री सिंह चुनी गईं. इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्री सूरज मानकी, उप शिक्षा मंत्री शिव शंकर सिंह, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री सुभाष सिंह, उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री संजय सिंह, जल एवं कृषि मंत्री दिनेश सिंह, उप जल एवं कृषि मंत्री विष्णु मुंडा, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री ममता सिंह, उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री रमेश मुंडा चुनाव में विजयी रहे.

### विधायक ने किया साइकिल व परिसंपत्तियों का वितरण



**डुमरिया ।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. बच्चों के मुंह जुठी व धातृ महिलाओं की गोदभराई रस्म में शामिल हुए. छात्र- छात्राओं को 20 साइकिल वितरित किये गये. इसके साथ-साथ महिला समूह को 15 लाख की लोन स्वीकृति, फूलों झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत बीस हजार, राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत दस लाभार्थियों को दस हजार, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन अंतर्गत दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र, 2 जॉब कार्ड, 2 नाडेप निर्माण, 2 मिश्रित बागवानी, पशुधन विकास योजना अंतर्गत 7 यूनिट बत्तख चूजे वितरित किये गये. मुख्यमंत्री आमंत्रण कप में शामिल खिलाड़ियों को जर्सी सेट भी दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव की मनाई जयंती

**चाईबासा ।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय चाईबासा के कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व पीवी नरसिंह राव की 103वीं जयंती मनाई. इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने कहा उनका जन्म 28 जून 1921 को आंध्र प्रदेश के करीमनगर में हुआ था. वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भी थे. उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन काल में देश प्रदेश की सेवा आंध्र प्रदेश से मुख्यमंत्री पद से लेकर विदेश मंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री का पद भी सुशोभित कर चुके हैं. मौके पर जिला प्रवक्ता जगदीश सुन्डी जिला सचिव मोहन सिंह हेम्ब्रम, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैया, सिकुर गोप, वरिष्ठ कांग्रेसी विक्रमादित्य सुन्डी, टोपनो, सुशील कुमार दास, विजय तुबिद के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### शालू-नीलू स्कूल में संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर सोनुआ के शालू-नीलू स्कूल परिसर में शुक्रवार को स्कूल के संस्थापक डॉ. सुधीर कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया गया. डॉ. सुधीर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक और अन्य गणमान्य लोगों ने प्रतिमा का अनावरण किया. पूर्व विधायक, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका और अन्य गणमान्य लोगों ने प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा कि डॉ. सुधीर कुमार का सोनुआ क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है. सोनुआ में उच्च शिक्षा के लिये वीर अर्जुन सिंह कॉलेज की स्थापना के समय उन्होंने आर्थिक रूप से भी अहम योगदान दिया था. मौके पर हिमांशु प्रधान, विकास चंद्र प्रधान, रमाकांत प्रधान, मुन्नू प्रधान, दिनेश प्रधान, मुरारी पटनायक आदि मौजूद थे.

### रनिंग कर्मियों की समस्या दूर करें : मेंस कांग्रेस

**चक्रधरपुर ।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के जोनल सचिव शशि मिश्रा ने शुक्रवार को चक्रधरपुर रेल मंडल का दौरा किया. उन्होंने मंडल के रनिंग कर्मचारियों (रेल चालक और ट्रेन मैनेजर) की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निराकरण की मांग की. इस दौरान उनके साथ मेंस कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे. शशि मिश्रा ने सीनियर डीपीओ डॉ ऋषभ सिन्हा और सीनियर डीईई ओपी चंद्रशेखर, सीनियर डीओएम कोर्डिनेशन अवनीश से मुलाकात की. शशि मिश्रा ने मुलाक़ात के बाद बताया कि मंडल के वरीय अधिकारीयों को मंडल के रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है. उन्हें उम्मीद है कि रनिंग कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान होगा. सभी अधिकारियों समस्या के समाधान का आश्वासन दिया.

**AFFIDAVIT**

I, **IPSHA**, Daughter of Sri. Bimlesh Kumar Gautam, aged abot 20 years, by Faith Hind, by Nationality Indian, Resident of E/7, Ganga Jamuna Apartment, Dhalbhum Road, Sakchi, P.O. & P.S. Sakchi, Town Jamshedpur, Dist. East Singhbhum, State Jharkhand, PIN Code- 831001, India do hereby solemnly affirm and state as follows :-

1. That my date of birth is 30.05.2004.
2. That I was the student of J.H. Tarapore School, Jamshedpur in the 12th Standard for the Period of March 2021 to May 2022.
3. That I Passed out in July 2022.
4. That I lost my Class 12th Pass Certificate bearing **Registration No.7081505** issued to me by CISCE Board on 05.05.2024 while I was on my way back from Ranchi to Jamshedpur.
5. That I have even filed a Police Complaint on **25.06.2024** at the Jharkhand Online FIR System on Jhpolice.gov.in, Jamshedpur, Jharkhand.
6. That inspite of my earnest efforts I could not trace out the Lost 12th Pass Certificate.
7. That I am applying for the Duplicate Pass Certificate that has been lost.
8. That I have not misused the same for any purpose nor concealed any facts.
9. That if I find my Lost Certificate then I undertake to surrender the same to the University.
10. That I swear this Affidavit to confirm the above mentioned facts and to Produce it before the Concerned Person for the needful.

**Notary Public**
**Jamshedpur**

**गोड़ा खेती :** मॉनसून की बारिश पर निर्भर है सारंडा के किसानों की खेती, नियमित बारिश नहीं होने से होता है नुकसान

# रूक-रूक कर हो रही वर्षा से किसानों के चेहरे खिले, अच्छी फसल की उम्मीद

- वन भूमि की जुताई हल-बैल के सहारे होती है
- पहाड़ी क्षेत्रों में खेतों की सिंचाई की व्यवस्था नहीं
- समतल जमीन पर होने वाली खेती को कहते हैं रोपा खेती

**संवाददाता । किरीबुरू**

किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत सारंडा क्षेत्र में मानसून की रुक-रुक कर हो रही हल्की व मूसलाधार बारिश ने एक तरफ गर्मी से लोगों को राहत प्रदान की है. वहीं इस बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशियां लौटा दी हैं. सारंडा के प्रायः किसानों की खेती वर्षा पर आधारित है. यहां धान के साथ अन्य फसले और सब्जियों की खेती की जाती है.

किसान सारंडा जंगल की ऊंची पहाड़ियों से नीचे की तरफ जाने वाली वन भूमि की जुताई का कार्य हल-बैल के सहारे पहले ही कर देते हैं. पहाड़ी क्षेत्रों में खेतों की सिंचाई (पानी) की कोई सुविधा नहीं होती है. सिर्फ वर्षा का पानी खेती के लिए मुख्य सहारा होता है. वर्षा प्रारम्भ होते ही किसान जुताई किये गये खेतों में धान के बीज का छिड़काव कर देते हैं.

इस प्रकार की खेती को गोड़ा खेती कहा जाता है. अर्थात खेतों में छीटे गये धान के बीज हल्की वर्षा का पानी से भी अच्छी फसल बनकर तैयार हो जाते हैं, जिसे पकने के बाद काटा जाता है. कभी-कभी वर्षा नियमित नहीं होने की वजह से किसानों की यह गोड़ा खेती सूख जाती है और उन्हें नुकसान होता है. ऐसी ही स्थिति अन्य फसलों व सब्जियों के साथ होती है.



किसानों द्वारा पहाड़ों की ढलान पर की गई खेती.



पहाड़ों के निचले हिस्से में समतल भाग पर की गई रोपा खेती.



समतल भू-भाग पर की गई खेती.

### समतल जमीन वाले खेत कम हैं सारंडा में

पहाड़ियों की सबसे निचली व समतल भाग की जमीन जहां वर्षा के पानी का ठहराव होता है, वहां किसान रोपा खेती अर्थात् धान के बीज को एक खेत में तैयार करते हैं. इसके बाद वहां से उखाड़ कर पानी भरे खेतों में रोपाई कर करते हैं. ऐसे खेत सारंडा के किसानों के पास बहुत कम हैं. सारंडा के किसानों की सभी प्रकार की खेती वर्षा पर आधारित है. वर्षा नहीं हुई तो खेती घाटे का कारण बनती है और वर्षा हुआ तो वह सालों भर खाने के लिये अनाज की पैदावार कर लेते हैं.

### नदी व नाला से सिंचाई की व्यवस्था करें

सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक प्राकृतिक नदी और जिंदा नाला निकला हुआ है. इसमें सालों भर पानी रहता है. अगर इस नदी और नाला से सिंचाई की सुविधा प्रदान कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सरकार कर दे तो किसान सालों भर विभिन्न फसलों को लगा सकते हैं. इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी. लेकिन इसके लिये आज तक कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया. यही कारण है कि सारंडा के युवक-युवती रोजगार के लिए अन्य शहरों में पलायन करते हैं.

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर एसडीओ ने की बैठक

# 18 वर्ष पूरा करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिए निर्देश
- पुनरीक्षण कार्य में पार्टियों प्रतिनिधि भी करेंगे सहयोग
- मतदाता पुनरीक्षण का काम 27 जुलाई से होगा प्रारंभ

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को चक्रधरपुर के पोड़ाहाट अनुमंडल कार्यालय में मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) रीना हांसदा ने विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए. इस दौरान एसडीओ ने कहा कि मतदान से एक भी मतदाता वंचित न रहें. इसे लेकर राजनीतिक दलों के नेता भी अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं की पहचान, 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने, जिन मतदाता की मृत्यु हो चुकी है, उनका नाम मतदाता सूची से हटाने इत्यादि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी सहयोग करें. उन्होंने कहा कि स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है. मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर विशेष अभियान दिवस चलाया जा रहा है जो 27 जुलाई से प्रारंभ होगा. यह अभियान चार अगस्त तक चलेगा. डोर टू डोर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य से जुड़े कर्मचारी कार्य करेंगे. एसडीओ ने कहा कि इस कार्य में सभी की सहभागिता जरुरी है.

बैठक के दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ताराकांत सिजुई समेत अन्य राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद थे.


बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि.

### ग्रामीणों ने विधायक को बताई स्कूल की समस्या

**चक्रधरपुर ।** विधायक सुखराम उरांव ने जन समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कराईकेला क्षेत्र का दौरा किया. वहां ग्रामीणों ने कहा कि कराईकेला उच्च विद्यालय में स्थानीय बच्चों का नामांकन नहीं हो पा रहा है. इस कारण यहां के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सारी समस्या सुनने के बाद विधायक सुखराम उरांव ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक नूर बागे से बातचीत की. प्रधानाध्याप ने विधायक को बताया कि यहां भवन की कमी के कारण बच्चों के नामांकन में परेशानी हो रही है. विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगी. जो बच्चे पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें उचित शिक्षा मिलेगी. भवन की कमी को दूर की जाएगी.


ग्रामीणों से स्कूल की जानकारी लेते विधायक सुखराम उरांव.

# सोनुवा प्रखंड के 100 गांवों में 20 घंटे बिजली रही गुल

33 हजार केवी के लाइन में थी खराबी


पावर ग्रिड का फाइल फोटो.

- मेन लाइन में थी खराबी, दूर करने में विद्युत विभाग के कर्मचारी घंटों रहे नाकाम
- बिजली सेवा देर तक बाधित रहने से ग्रामीणों में आक्रोश आंदोलन की बना रहे रणनीति

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

सोनुवा प्रखंड के 11 पंचायतों में से 10 पंचायत के करीब एक सौ गांवों में 20 घंटे तक बिजली सेवा बाधित रही. लेकिन, विद्युत विभाग बिजली सप्लाई में आयी खराबी को दूर करने में 20 घंटे नाकाम रहा.

बिजली सेवा बाधित रहने से ग्रामीण उमस भरी गर्मी से परेशान रहे. बिजली सेवा बाधित रहने से ग्रामीणों को गुरुवार रातभर अंधेर में रहना पड़ा है. इसे लेकर स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के प्रति आक्रोष जताया. बताया जाता है कि गोइलकेरा मेन ग्रिड को सोनुवा सब-स्टेशन को जोड़ने वाली 33 हजार केवी के मेन लाइन में खराबी आ गई थी.

इससे सोनुवा प्रखंड के करीब 100 गांवों में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे से बिजली सेवा बाधित रही. इसे ठीक करने में 20 घंटे लग गए. इसके बाद लोगों को बिजली मिली. बरसात के दिनों में सोनुवा में बिजली सेवा बाधित होने के मामले बढ़ जाते हैं. इसे दुरुस्त करने में बिजली विभाग को 24 से 48 घंटे लग जाते हैं. बिजली विभाग की इस नाकामी को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं. ग्रामीण इसके विरोध में अब आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं.

# व्यवहार न्यायालय में 13 को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत


बैठक में उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला व अन्य.

**संवाददाता । चाईबासा**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. इसी क्रम में शुक्रवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने वन विभाग, श्रम विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, उत्पाद अधीक्षक के साथ बैठक की. बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन पर चर्चा की गई. उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए प्रेरित किया.

इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे. मालूम हो कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, बीमा संबंधित विवाद, मुआवजा बीमा, वन अधिनियम, शमनीय फौजदारी मुकदमा, राजस्व वाद, दूरसंचार वाद, सर्विस मैटर, वैवाहिक वाद, भू-अर्जन वाद, मोटरयान दुर्घटना क्लेम संबंधित सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

# कम्प्यूटर ऑपरेटर पर 500 रु. जुर्माना

सोशल ऑडिट टीम की बैठक में कई मामलों का निपटारा

- विभिन्न पंचायतों का किया गया सामाजिक अंकेक्षण
- सभी मुखिया को एमबी बुक अपडेट रखने की दी सलाह
- आठ एमबी बुक मामले की हुई जन सुनवाई

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

आनंदपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट टीम ने बैठक का आयोजन किया. इसमें सोशल ऑडिट टीम द्वारा पिछले दिनों पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में अग्रसारित किये गए. इस दौरान कई मामलों का निपटारा प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में किया गया.

सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला से आई टीम में थॉमस बानरा और फ्रांसिस बोदरा समेत ज्यूरी मेंबर में बीडीओ शक्ति कुंज, प्रखंड प्रमुख दिलबर खाखा, एसएचजी प्रतिनिधि की मौजूदगी में जन सुनवाई की गई. प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पंचायत स्तरीय सोशल ऑडिट किया गया था. इसके तहत आनंदपुर पंचायत, झाड़बेड़ा और रुंगीकोचा पंचायत की मामलों की जनसुनवाई की गई. रुंगीकोचा पंचायत में आठ एमबी बुक मामले की जनसुनवाई की गई. इधर झाड़बेड़ा पंचायत में तीन ब्लैंक एमआर में हस्ताक्षर को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर को पांच सौ रुपया का जुर्माना लगाया गया.

इसके अलावे आनंदपुर पंचायत में एक सुकर शेड योजना का मामला था, जिसे पूर्ण कर लिया गया. जिला से आई टीम ने मुखिया, जेई, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मेट से कहा कि कोई भी योजना में एमबी बुक ही प्रमुख होता है, उसे जरूर अपडेट रखें. मौके पर बीपीओ अरविंद प्रधान, अमरनाथ नायक, मुखिया सुमन देवी, अनिल नायक, रोशनी खाखा, ज्योति सिंह, जांबी कच्छप, ईई उदित कुमार साव, जेई राजेश मिंज, हरि राम, वंदना डांग, संतोष तिग्गा, नरेंद्र महतो, भोला महतो के अलावा कई लोग मौजूद थे.


आनंदपुर प्रखंड सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य.

## न्यूज अपडेट

### सड़क दुर्घटना में दो युवक की घटना स्थल पर ही मौत



**चाईबासा ।** हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के जामडीह-कोचड़ा गांव सीमा स्थित मोड़ पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक की ही मौत हो गई है. घटना शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे की है. मृतक शुभम गुप्ता चाईबासा और रोशन गोप झींकपानी का रहने वाला था. घटना की सूचना मिलने पर हाटगम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई है. जानकारी के अनुसार शुभम और रोशन बाइक से जगन्नाथपुर की ओर आ रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन चाईबासा की ओर जा रही थी. मोड़ पर दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई और बाइक सवार छिटक कर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई. पुलिस जांच में जुट गई है.

### तैरा गांव में नया ट्रांसफॉर्मर लगा, ग्रामीण खुश



**चाईबासा ।** सोनुवा प्रखंड के देववीर पंचायत के तैरा गांव के ऊपर टोली का ट्रांसफॉर्मर विगत दिन वज्रपात के कारण खराब हो गया था. महीने भर से ग्रामीण गर्मी से जूझ रहे थे. गांव वालों को चिंता सता रही थी कि बारिश हो जाने के बाद ट्रांसफॉर्मर लगाना मुश्किल हो जाएगा. जहां ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, वहां तक पहुंचाने के लिए खेतों से होकर गुजरना पड़ता और अभी सभी खेत में धान छीट रहे हैं. गांव के मिथुन नायक ने झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेंद्र जामुदा से संपर्क किया. उन्होंने तुरंत बिजली विभाग से ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करा दिया. मौके पर कटेश्वर नायक, राजेश नायक, मंगल, दिनेश, मनसा, नित्य ने महेंद्र जमुदा को धन्यवाद दिया.

### उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सुरेखा भंज का निधन



**चाईबासा ।** सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बागुनबासा की प्रभारी सहायक अध्यापिका सुरेखा भंज (52 वर्ष) का गुरुवार को स्कूल से आने के बाद 2 बजे आकस्मिक निधन हो गया. एकल शिक्षिका के रुप कार्यरत सुरेखा लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थी. मिलनसार स्वभाव की सुरेखा के निधन की खबर पाकर बीइइओ प्रमिला कुमारी ने पार्थिव पर माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी. तुईबीर निवासी शिक्षिका सुरेखा अपने पीछे पति समेत एक बेटी और एक बेटा छोड़ गई हैं. शिक्षिका के आकस्मिक निधन पर बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत शिक्षकों के बीच शोक व्याप्त है.

**समस्या** गिरिराज सेना ने श्मशान घाट के बगल में कचरा फेंकने पर लगा दी है रोक

# चक्रधरपुर में पांच दिनों से कचरा उठाव बंद, फैली गंदगी

- नगर परिषद के पास दूसरी जगह नहीं इसलिए पैदा हुई इस तरह की समस्या

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर शहर में पांच दिनों से नगर परिषद की ओर से कचरा का उठाव नहीं किया जा रहा है. इसके कारण जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है. डोर टू डोर कचरा उठाव बंद होने के साथ-साथ नगर परिषद की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रखे डस्टबीन से कचरा का उठाव नहीं हो रहा है. डस्टबीन पूरी तरह भर गये हैं और कचरा सड़क पर फैल रहा है. नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा नालियों का कचरा भी उसी स्थान पर छोड़ दिया गया है. वहीं डस्टबीन के किनारे सड़क पर पशुओं का जमावड़ा लगा रहने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है.


बाटा रोड में डस्टबीन के पास गिरे कचरों के बीच मवेशी.

### नप वैकल्पिक व्यवस्था करें : उमाशंकर

चक्रधरपुर के गिरिराज सेना के संरक्षक स्व. कमलदेव गिरि के बड़े भाई गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि ने कहा कि नगर परिषद पूर्ण रुप से कुदलीबाड़ी स्थित श्मशानघाट के समीप कचरा फेंकना बंद करे. वह कचरा फेंकने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करे. जब तक नगर परिषद लिखित रुप से नहीं देती है कि उक्त स्थान पर कचरा नहीं फेंका जाएगा और कोई व्यवस्था नहीं होने तक कुदलीबाड़ी में कचरा नहीं फेंकने दिया जाएगा.

### कुदलीबाड़ी में कचरा नहीं फेंकने दिया जा रहा

चक्रधरपुर के 24 वार्ड का कचरा कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट के समीप वर्षों से फेंका जा रहा था. कचरा का निस्तारण नहीं होने से यहां कचरों का अंबार लग गया था. इसके साथ ही समय-समय पर कचरों के भंडार में आग लगा दी जाती थी. इससे आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया था. श्मशान घाट में शव का अंतिम संस्कार करने आने वाले लोग भी कचरों के कारण परेशान रहते थे. इसके बाद चक्रधरपुर की गिरिराज सेना के सदस्यों ने पांच दिन पूर्व कुदलीबाड़ी में कचरा डंप करने पर रोक लगा दी.

### वैकल्पिक व्यवस्था की हो रही तलाश : निशांत


चक्रधरपुर नगर परिषद के नगर प्रबंधक निशांत कुमार ने कहा कि गिरिराज सेना के सदस्यों द्वारा कुदलीबाड़ी में श्मशान घाट के बगल में कचरा डंप करने पर रोक लगा दी गई है. शहर या दूसरे स्थान पर कचरा फेंकने की व्यवस्था नहीं होने के कारण डंप करने में परेशानी हो रही है. इसके कारण कचरा का उठाव डोर टू डोर या अन्य जगहों से नहीं हो पा रहा है. इसे लेकर जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश की जा रही है, ताकि शहर से कचरा का उठाव हो सके.

### अतिक्रमण के मुद्दे पर मौन है अंचल कार्यालय, ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचल कार्यालय में दिया

# परेशानीः अतिक्रमण की मार झेल रहा विष्णुगढ़ का बड़की बांध

संवाददाता। विष्णुगढ़

**अंचल कार्यालय निर्माण कार्य पर रोक लगाने की फरियाद की गयी**



यहीं पर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसका विरोध ग्रामीण कर रहे हैं.

अतिक्रमण से विष्णुगढ़ के ऐतिहासिक बड़की बांध का दायरा सिकुड़ता जा रहा है. यह तालाब राजा रजवाड़े के जमाने का है. इसका निर्माण विष्णुगढ़ के तत्कालीन राजा विष्णुदेव सिंह ने कराया था. राजा विष्णुदेव सिंह रामगढ़ राजा के रिश्तेदार थे. इस तालाब से कई किंवदंतियां जुड़ी हैं.

13 एकड़ 15 डिसमिल का यह तालाब अतिक्रमण के कारण सात से आठ एकड़ में सिमट कर रह गया है. पहले से कई लोग तालाब की जमीन पर खेती कर रहे हैं. अब उसपर पक्का निर्माण हो रहा है. ग्रामीण डीएमएफटी मद से मांडू विधायक के करीबी जय कुमार महतो द्वारा तालाब की जमीन पर बनाये जा रहे गार्डवाल का विरोध कर रहे हैं. वहीं उनके कुछ मददगारों की नजर बगल की बची तालाब की जमीन पर है. मालूम हो कि इस गार्डवाल के निर्माण से दुर्गा पूजा में प्रतिमाओं के विसर्जन में परेशानी होगी. यही वह जगह है, जहां से प्रतिमाएं तालाब में विसर्जित की जाती हैं. गार्डवाल के निर्माण के बाद तालाब में जाने का रास्ता ही बंद हो जाएगा. बीते बुधवार को कई ग्रामीण सीओ के नाम संबोधित ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन लेकर अंचल कार्यालय निर्माण कार्य पर रोक लगाने की फरियाद लेकर पहुंचे, पर सीओ नहीं मिले.

सीआई से मिलकर उन्हें आवेदन सौंपा गया. कहीं कोई खेल न हो जाये, इसलिए पावती की मांग की गई. इसपर सीआई बिफर पड़े. अंततः ग्रामीणों को आवेदन की रिसीविंग दी गयी, मगर कार्रवाई तीन दिन बाद भी नहीं हो पाई है. किसी भी सरकारी निर्माण के लिए भूमि प्रतिवेदन आवश्यक होता है. यहां सवाल उठता है कि आखिर तालाब की जमीन पर निर्माण कार्य को हरी झंडी देने वाले राजस्व कर्मी ने भूमि प्रतिवेदन में स्वीकृति कैसे दी. मामला जन सरोकार के साथ साथ धार्मिक आस्था से जुड़ा है. बावजूद इसके विष्णुगढ़ का अंचल कार्यालय मामले पर चुप्पी साधे हुए है. आवेदन सौंपने वालों में खोसलाल राम, महेश कसेरा, संजय प्रजापति, संजय सोनी, नवल किशोर बर्मा, गोविंद शर्मा, शशि लहकार, विनोद सिंह, गौतम शर्मा, काशी कसेरा, अरविंद कुमार बरनवाल, संजय कसेरा, कारू प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति और राज कुमार ठाकुर समेत कई अन्य शामिल थे.

# तीन चिकित्सीय संस्थानों पर प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

संवाददाता। रामगढ़

**खास बातें**

- दो का क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट रद्द, एक का हुआ स्थगित
- क्लीनिक के खिलाफ जुर्माना भी लगाया गया है

राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कार्रवाई की है. इसके तहत बीएम सेवा सदन, गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए 10,000 रुपये का आर्थिक दंड का जुर्माना लगाया है. वहीं अदिति नर्सिंग होम, गोला एवं वरदान हॉस्पिटल को 50,000 रुपये का जुर्माना लगाते हुए दोनो संस्थानों का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है. साथ ही उपायुक्त ने सभी अस्पताल संचालकों को चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी. बता दें कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा चिकित्सीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### विशेष मध्यस्थता अभियान आयोजित

**हजारीबाग।** हजारीबाग माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा और कुटुंब न्यायाधीश संजीव कुमार दास की देखरेख में एक पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान चला. इसका आयोजन न्याय सदन स्थित मध्यस्थता केन्द्र, हजारीबाग में किया गया था. यह विशेष मध्यस्थता अभियान 24 जून से प्रारंभ होकर 28 जून तक आयोजित किया गया था. इन पांच दिनों में कुल 23 पारिवारिक मामलों में पति-पत्नी के बीच सुलह करायी गयी. सुलह के बाद पक्षकारों के साथ-साथ उनके बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ तौर पर झलक रही थी.

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**कोडरमा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ जगन्नाथ जैन कॉलेज मैदान में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार ने किया. उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल का विधिवत शुरुआत की. इस प्रतियोगिता में सभी छह प्रखंडों से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष तथा बालक, बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन किया. खेल का शुभारंभ बालक आयु वर्ग 15 वर्ष अंतर्गत मरकच्चो और जयनगर के बीच खेला गया, जिसमें मरकच्चो 2-0 से विजयी रहा.

### व्यवसायी ने दुकान में लगाई फांसी

**रामगढ़ ।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शुक्रवार को कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक जैन नामक व्यापारी के रूप में हुई है. वह थाना क्षेत्र के पुराने अशोक सिनेमा के पीछे रउता जाने वाले रास्ते पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था. उसके ऊपर कर्ज इतना अधिक हो गया था कि वह उसे चुका नहीं पा रहा था, जिसकी वजह से वह लगातार तनाव में भी रह रहा था. उसने अपनी दुकान में ही फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दी है. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है.

### भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही के खिलाफ आजसू का हल्लाबोल

# पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर व्याप्त है भ्रष्टाचार : महतो

संवाददाता। विष्णुगढ़



प्रशासन को ज्ञापन सौंपते आजसू के नेता व कार्यकर्ता.

तयशुदा कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी की विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्लाबोल का आयोजन किया. राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ पार्टी के केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर व्याप्त है. बिना चढ़ावा सरकारी दफ्तरों में कोई काम नहीं होता है.

भ्रष्टाचार संस्थागत हो चुका है. ऐसे अराजक माहौल में जनता पिस रही है. निरंकुश व्यवस्था के विरुद्ध पार्टी राज्य स्तर पर हल्लाबोल कार्यक्रम चला रही है. इस दौरान बीडीओ और सीओ को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में काफी दिनों से लंबित दाखिल खारिज के मामले निबटाने, अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में पारदर्शिता लाने, मनरेगा से संबंधित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने, छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने में टालू रवैया छोड़ने, किसानों को समय पर खाद बीज की आपूर्ति करने, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाने, सरकारी कर्मियों की कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, झारखंड आंदोलनकारियों को सरकारी योजनाओं मे प्राथमिकता देने, पेंशन धारियों को नियमित भुगतान करने, राशन कार्ड धारियों को समय पर राशन आपूर्ति करने, खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत करने व विष्णुगढ़ प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल की दर्जा देने की मांग की गई है.

इस कार्यक्रम में रंजीत गुप्ता, महादेव देहाती, लीलो महतो, दीपू अकेला, गौतम वर्मा, सतीश कुमार, हितेंद्र पटेल, राजकुमार सिंह, दामोदर महतो, रवि कुमार, लकी कुमार, टेकलाल यादव, जय नारायण महतो, सुधीर कुमार, चुनिया देवी, अनिता देवी, सोनी देवी संगीता देवी, सुरेश कुशवाहा, विकास महतो, गोविंद महतो, धीरज साव, दिवाकर दिव्यदर्शी , राज यादव, राजेश साव, जागेश्वर महतो समेत अन्य लोग शरीक थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने की. जबकि संचालन विनोद बिहारी महतो ने किया.

**खास बातें**

- आजसू पार्टी की विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई का कार्यक्रम
- बीडीओ व सीओ को अलग अलग से सौंपा गया ज्ञापन
- कई बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाददाता। चौपारण



शव के घर पहुंचते ही परिजनों का हाल बेहाल.

थाना अंतर्गत चौपारण के बेढ़ना बारा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक (जेएच 02 बीसी 9780) को चपेट में ले लिया. इससे बाइक पर सवार बरही थाना के रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव निवासी स्व. नारों साव के 39 वर्षीय पुत्र रामनारायण साव गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं बाइक चला रहे उनके भतीजे सोनू कुमार (28 वर्ष) को मामूली चोट आई है.

इधर आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत रामनारायण साव को चौपारण सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बरही भेज दिया. परिजनों ने बताया कि मृतक चतरा में पोकलेन मशीन चलाने का कार्य करता था. गुरुवार को किसी काम से वह अपने घर आया था. शुक्रवार सुबह काम करने के लिए बाइक से चतरा जा रहा था. इसी दौरान चौपारण के बेढ़ना बारा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया.

मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बच्ची 8 वर्षीय रागिनी कुमारी, 5 वर्षीय रिया कुमारी व 3 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार को छोड़ कर चला गया. मृतक की पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जानकारी मिलने पर मृतक के बड़े भाई विजय साहू, पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, समाजसेवी बासुदेव साव,राजदेव साहू, चौपारण के युवा समाजसेवी सिकंदर साहू आदि मौजूद थे.

### भाजपा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**बरवाडीह (लातेहार)।** भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल कार्य समिति की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल थे. पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा की पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर हम सब ने लोकसभा में जीत दर्ज की हैं. इसका पूरा श्रेय बूथ स्तर से लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं को मिलता है और इसी जोश से हम सब विधानसभा में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे. श्री हरिकृष्ण ने कहा की 30 जून को सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करने के साथ सभी कार्यकर्ता और समर्थक अपनी मां के साथ पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करें.

# भाजपा नेता विशाल वाल्मीकि को मिली अग्रिम जमानत

संवाददाता। हजारीबाग

- बड़कागांव महुदी केस

हजारीबाग बड़कागांव महुदी के रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर भाजपा नेता विशाल वाल्मीकि के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया था. कांड संख्या 1061/24 पर विशाल वाल्मीकि को अग्रिम जमानत मिल गई है. अग्रिम जमानत मिलने पर विशाल वाल्मीकि ने कहा कि धर्म की विजय हुई है पिछले 15 दिनों से मेरे घर पर पुलिस द्वारा रात्रि में मुझे पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही थी मैं मानसिक और शारीरिक रूप से काफी परेशान था झूठे मुकदमे में मुझे मुख्य आरोपी बनाया गया और कहा गया कि जुलूस का नेतृत्व विशाल वाल्मीकि और अमन कुमार कर रहे थे और हम लोगों के द्वारा पत्थरबाजी आगजनी कर प्रशासन की गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया गया है. ये सब झूठ है. राज्य सरकार के दबाव पर जानबूझकर हमलोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज कर फंसाया गया है, जबकि जिला प्रशासन इस बात को भलीभांति जान रही है कि सभी राम भक्त रामनवमी जुलूस मे अपने हाथों पर पताका लिए श्रीराम जी का नारा लगाते हुए शांति से रामनवमी का जुलूस महुदी से पार किया. पर झारखंड सरकार ने र हजारीबाग जिला प्रशासन पर दबाव बनाकर झूठा मुकदमा कर फंसाया गया.

# चार आरोपी हुए गिरफ्तार, तीन किलो 800 ग्राम अफीम बरामद

संवाददाता। हजारीबाग



प्रेस वार्ता करते अनुमंडल पदाधिकारी.

हजारीबाग कोर्रा थाना ने अलग-अलग जगह से तीन किलो 800 ग्राम अफीम के साथ चार आरोपी को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों की पहचान रांची के तमाड़ प्रखंड के नवागढ़ थाना निवासी मुकेश कुमार, पत्थलगड़ा निवासी विकास कुमार, चतरा के गिद्धौर निवासी मुकेश कुमार दांगी उर्फ मुकेश कुमार व चौपारण थाना के बड़ा देहर निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है.

इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 26 जून व 27 जून को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए एक अपाची मोटरसाइकिल को पकड़ा, जिसमें दो व्यक्ति मादक पदार्थ के साथ बड़ी खेप का डील करने के लिए कोर्रा थाना अंतर्गत नगवा की ओर जा रहे थे. उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में तीन युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से दो किलो अफीम 9100 रुपये नगद चार मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त किया है.

वहीं 27 जून को रांची की ओर से बिहार जाने वाली अरविंद बस से एक व्यक्ति मादक पदार्थ के एक बड़ी खेप का डील करने के लिए कोर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हवाई अड्डा के पास आया था जिसको पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपों के पास से एक किलो 800 ग्राम अभी मादक पदार्थ बरामद किया है व 600 नगद, एक मोबाइल भी बरामद किया है. पकड़े गए चारों आरोपी के खिलाफ कोर्रा थाना में मामला दर्ज करते हुए चारों आरोपी को जेल भेज दिया गया.

### जिला सलाहकार और जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन

# अल्ट्रासाउंट केंद्रों पर सख्ती बरतने का निर्देश

संवाददाता। रामगढ़



बैठक में दिशा-निर्देश देते उपायुक्त.

शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली.

इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिलास्तर पर उपलब्ध कराने के लिए संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, को सूचीबद्ध करने व उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन व ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए. वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमीट्रिक के माध्यम से दर्ज करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जांच न हो, यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. साथ ही कोई भी सरकारी चिकित्सक अपने ड्यूटी के दौरान किसी अन्य गैरसरकारी संस्था में कार्य ना करे यह भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया.

**जागरूकता** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में कार्यक्रम

# मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने के लिए निकाली रैली

संवाददाता। रामगढ़



जागरूकता रैली में शामिल कॉलेज के छात्र व शिक्षकगण.

सुकरीगढ़ा लारी स्थित डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने के लिए जागरूकता रैली निकाली गयी. इसमें मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा शिव कुमार राणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया.

मौके पर उन्होंने कहा कि नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है. वहीं नशामुक्त कार्यक्रम की जानकारी एवं दुष्परिणाम की विस्तृत चर्चा की. जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक राम ने अपने सहयोगी शारीरिक एवं खेल शिक्षक हरिकेश सिंह की देखरेख में कार्यक्रम को सफल बनाया. इस दौरान बीएड प्रशिक्षुओं ने सुकरीगढ़ा गांव में जाकर लोगों से बातचीत एवं स्लोगन के माध्यम से नशामुक्त मादक पदार्थ से दूर रहने एवं अपने समाज के 10 लोगों को जागरूक करने की बातें कहीं.

मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अखतर, सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दूबे, बाबुचंद प्रसाद, सुलेखा कुमारी, प्रतिभा कुमारी के अलावे शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, श्रेया गुप्ता, उमेश कुमार, पवन कुमार, मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित सभी प्रशिक्षु मौजूद थे.

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा

# पंचायती राज को अधिकार देना होगा : शांतनु

संवाददाता। रामगढ़



ग्राम स्वराज यात्रा को संबोधित करते शांतनु मिश्रा.

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में दसवें दिन गोला प्रखंड के नावाडीह से शुरू हुआ. यात्रा गोला प्रखंड के बरलंगा और ऊपर बारगा पंचायत के बरलांगा, पूरब टांड़, मुनगा टांड़, हरना, हेटबरगा, सुगा टिकरा ऊपर बर्गा असरी बागान रावराव नेमार सुथरपुरऔर नर्सिंगडीह में जनसंपर्क किया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि देश में पंचायत राज को पूर्ण अधिकार ग्राम स्वराज के लिए देना होगा. पंचायती राज के बिना ग्राम स्वराज नहीं आ सकता है. पंचायती राज ही सत्ता के विकेंद्रीकरण का रास्ता है. पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है. यह यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है सजग कर रही है. यात्रा सुभाष चौक रामगढ़ से शुरू होकर दोहाकातू पंचायत होते हुए रात्रि विश्राम सोस पंचायत भवन पर किया और यात्रा शुक्रवार की सुबह से रामगढ़ विधानसभा के दुलमी पंचायत से दौरे पर निकल गया.

इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, गुलाम सरवर, लखेश्वर महतो, प्रदीप महतो, आशुतोष पांडे, सुधीर दास, बाबा कपिलेश्वर महतो, डोमन बेदिया, अंशु बेदिया, अनुज साव, निमाई बेदिया, रामचरण महतो, प्रेम सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** गलत खानपान से बचाव की आवश्यकता है. रोग पर व्यय से तनाव रहेगा. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. विवेक से कार्य करें. स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी. पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा. जल का दान किसी शिवमंदिर में करें.

**वृषभ** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. शत्रु भय रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी. मशक्कत करने से लाभ होगा. चिंता होगी. शत्रु पराजित होंगे.

**मिथुन** मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे. विवेक से कार्य बनेंगे. पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना. वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग. किस्मत का साथ मिलेगा.

**कर्क** बिना वजह किसी से विवाद न करें. लेन-देन में सावधानी रखें. कानूनी बाधा दूर होगी. देव दर्शन होंगे. राज्य से लाभ होने की संभावना. मातृपक्ष की चिंता. वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें. धनागम की संभावना.

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें. आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना. शत्रु पराजित होंगे. लाभ होगा. अनजाना भय सताएगा. राज्य से लाभ.

**कन्या** व्यापार में गलत निर्णय लेने से बचें. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. राजकीय बाधा दूर होगी. नेत्र पीड़ा की संभावना. धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा. शत्रु से परेशान होंगे. अपमान होने की संभावना. काली वस्तु का दान करें.

**तुला** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. धनागम सुस्त रहेगा. कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. पर कुछ लाभ की संभावना.

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना. कुसंग से हानि. धनागम सुखद रहेगा. कुछ आय होगी. माता को कष्ट रहेगा.

**धनु** किसी महिला से विवाद और मानहानि हो सकती है. समय सामान्य है. भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना. लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा. कार्य को लेकर अधिक चिंता बना रहेगा. शुख का सामान एकत्र होगा. केला का दान करें.

**मकर** मेहनत से किया गया प्रयास सफल होगा. कोई धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे. कुछ कष्ट होने की संभावना. लाभ के योग बनेंगे. स्त्री वर्ग को कष्ट साथ ही कुसंग से कष्ट हो सकता है. कलह-कारक दिन रहेगा. अन्न और फल का दान करें.

**कुंभ** समय बहुत ही उत्तम है. धन का आगमन से मन खुश होगा. पर क्रोध पर नियंत्रण अति आवश्यक है. अपरिचित पर ज्यादा विश्वास हानिकारक हो सकता है. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा.आपके कार्य और प्रभाव में वृद्धि होगी.

**मीन** नेत्र विकार हो सकता है. पर किस्मत का साथ मिलेगा. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा. अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी. शत्रु दबे रहेंगे. कलह-अपमान से बचें. संभावित यात्रा होगी. सावधानी बरतनी होगी.

### आईआईटी-आईएसएम में मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# सीमित विषयों को अधिक दक्षता और स्पष्टता के साथ पढ़ें : तोमर

- **देश भर से डेढ़ सौ वैज्ञानिक, संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वानों का हुआ है जमावड़ा**

**संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी आईएसएम में संस्थान के गणित और कंप्यूटिंग विभाग द्वारा आयोजित मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए देश भर से विभिन्न तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 150 वैज्ञानिक, संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान एकत्र हुए. इस दौरान उन लोगों ने मशीन लर्निंग अवधारणाओं और अनुप्रयोगों, रक्षा अनुसंधान आदि की मॉडलिंग के बारे में जानकारी ली. तीन दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन का उद्घाटन शुक्रवार को आईआईटी आईएसएम के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर में प्रोफेसर एसके तोमर, कुलपति, जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए, फरीदाबाद और मुख्यअतिथि प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक आईआईटी (आईएसएम) के साथ किया. सम्मेलन के दौरान मेजबान संस्थान और विभिन्न शीर्ष रैंकिंग एनआईटी के वक्ताओं के अलावा आईआईटी गुवाहाटी,आईआईटी रोपड़,



संबोधित करते आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा.

आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मंडी सहित देश भर के शीर्ष तकनीकी संस्थानों के 16 प्रतिष्ठित वक्ता प्रकाश तरंग प्रसार के सिद्धांत ग्रेडेड इंडेक्स क्लैडेड ऑप्टिकल फाइबर, सैंडविच संरचना में ध्रुवीकृत कतरनी तरंगों की गतिशीलता, सटीक कृषि के लिए एआई का उपयोग सहित अन्य प्रासंगिक मुद्दे पर विचार-विमर्श करेंगे.

प्रोफेसर एसके तोमर ने गणित शिक्षण और शिक्षा को लोकप्रिय बनाने में संकाय सदस्यों और अनुसंधान विद्वानों की भूमिका पर प्रकाश डाला. कहा कि अधिक पढ़ाने की तुलना में कम लेकिन गंभीरता से पढ़ाना अधिक महत्वपूर्ण है. आगे विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि बहुत अधिक पढ़ाते समय शिक्षक कुछ ऐसे विषयों में फंस जाते हैं जो बहुत प्रासंगिक नहीं होते हैं, इसलिए बहुत अधिक क्षेत्रों को कवर करने के बजाय सीमित विषयों को अधिक दक्षता और स्पष्टता के साथ पढ़ाना जरूरी है. उन्होंने शोधार्थियों को विषय की गहन जानकारी प्राप्त किए बिना एक के बाद एक शोधपत्र प्रकाशित करने वाली प्रकाशन मशीन न बनने की सलाह दी. प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा,निदेशक आईआईटी (आईएसएम) ने अपने संबोधन के दौरान कहा की सम्मेलन के लिए चुना गया विषय बहुत प्रासंगिक है. प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हम भी परियोजना के औपचारिक लॉन्च से पहले बहुत सारे सिमुलेशन करते हैं और चद्रयान -2 की सॉफ्ट-लैंडिंग का उदाहरण दिया. जहां अंतरिक्ष में औपचारिक लॉन्च से पहले पांच-छह साल का सिमुलेशन किया गया था.

प्रोफेसर आरके उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, गणित और कंप्यूटिंग ने सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन के दौरान सभा को मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में जानकारी दी, जबकि प्रोफेसर एसए साहू ने सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों की भागीदारी का विवरण दिया.राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रोफेसर एके वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

### पेयजल संकट से बचने के लिए विशेष कार्य योजना पर कार्य करने का निर्देश

# शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : सीएम

**संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समीक्षा की. समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत जितनी भी योजनाएं ली गई हैं, उसे तय समय पर पूरा किया जाय. मुख्यमंत्री ने आधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन घरों में नल लगाये गये हैं, उनमें पानी आता है कि नहीं. इस पर भी ध्यान रहे. घरो में लगाये गये नलो में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए. हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है. काम में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें. उन्होंने ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव में विशेष सतर्कता बरतते की हिदायत भी दी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए. भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विभाग विशेष कार्य योजना भी बनाएं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक संपोषित जलापूर्ति योजना 2023 में ली गई थी, परंतु एजेंसी की लापरवाही की वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी. जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गई है विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा नई स्वीकृति कराकर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाए.

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश

**समीक्षा बैठक : सितंबर-अक्टूबर में पूरी होने वाली योजना को जुलाई-अगस्त में पूरा करें**



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन.

दिया कि राज्य के कुछ जिलों में चुआं, तालाब, कुआं आदि जल स्रोतों से ग्रामीण पीने का पानी ला रहे हैं, जिन-जिन क्षेत्रों में ऐसी खबरें मिल रही हैं, वहां जांच कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें. पेयजल से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ हल किया जाय. जलापूर्ति योजना को सितम्बर-अक्टूबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे जुलाई-अगस्त 2024 तक हर हाल में पूरा करें. राज्य के भीतर कुछ पहाड़ों से झरना गिरता है. उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं चलायी जा सकती हैं. इसे चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं.

**शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास से जोड़ें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें. मुख्यमंत्री ने गोबरधन परियोजना के अंतर्गत निर्मित गोबरगैस प्लांट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अभियंता प्रमुख ब्रजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता, मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

**विस्थापन की समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन नें जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार पर जोर दिया. उन्होने कहा हमारे किसान सालों भर कृषि कर सकें, इसके लिए खेतों में पटवन की व्यवस्था होनी चाहिए. सिंचाई योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए उसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिंचाई की कई आधुनिकतम तकनीकें हैं. इसमें मेगा लिफ्ट और भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं. झारखंड में भी भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं को विस्तारित किया जा रहा है. जल संसाधन विभाग के आधिकारीयों को निर्देश दिया कि विभाग छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दे. इससे खेतों में जल्द पानी पहुंचेगा .बड़ी सिंचाई परियोजनाएं को लेकर सीएम ने कहा जो योजना वर्षों से लंबित है, उन सिंचाई परियोजनाओं में विस्थापन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती है. ऐसे में विस्थापितों के समस्याओं का समाधान समाधान हो जाना चाहिए.

### जलसंकट पर पेयजल मंत्री से मिले झामुमो नेता, बोले

# पलामू में सेकेंड फेज की पेयजल योजना पर सरकार गंभीर है

**संवाददाता। पलामू**

झामुमो के स्थानीय नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देखते हुए अपने सहयोगियों के साथ राज्य के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से शुक्रवार को मुलाकात की. इस गम्भीर मुद्दे पर लंबी बातचीत के बाद मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पलामू प्रमंडल में पेयजल के लिए पूरी गति के साथ काम कर रही है. इस कड़ी में पलामू में सेकेंड फेज की पेयजल योजना पर सरकार गंभीरता से आगे बढ़ रही है, जिसका रिजल्ट बहुत जल्द पलामू में दिखेगा. मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने यह भी कहा कि 'हर घर नल में जल' योजना पर भी राज्य सरकार ने कार्य प्रयोजना को रूप देना आरम्भ कर दिया है. इसलिए इस क्षेत्र से जल संकट की त्वरित विदाई अवश्यम्भावी है. पेयजल की समस्या पर मंत्री के संज्ञान लिए जाने से हर्षोल्लासित दीपक तिवारी और उनकी टीम ने मंत्री से आग्रह किया कि आसन्न विधानसभा चुनाव में पलामू प्रमंडल के नौ विधानसभा क्षेत्रों डालटनगंज, गढ़वा, लातेहार, मनिका, विश्रामपुर, पाटन-छत्तरपुर, पांकी, भवनाथपुर और हुसैनाबाद में झामुमो हर हाल में अपना प्रत्याशी खड़ा करें.

## भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का धरना



भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे जिप सदस्य व अन्य.

**संवाददाता। लातेहार**

भाजपा नेता बलवंत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय मनिका के समक्ष प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि मनिका प्रखंड कार्यालय में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर हैं. अधिकारी सरकारी पैसे की बंदरबाट कर रहे हैं. मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में भी व्यापक अनियमितता बरती जाती है. बिना काम कराये ही राशि निकाल ली जा रही है. किसी योजना में घटिया सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है तो कोई योजना बिचौलियों की भेंट चढ़ रही है. उन्होने बीडीओ पर सरकारी राशि का गबन करने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक प्रखंड से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होता है तब तक लगातार आंदोलन किया जाएगा. मौके पर भाजपा नेता शंकर दुबे, विकास तिवारी, लक्ष्मण सिंह, अंकित कुमार और अंकित कुमार यादव उर्फ गोलू समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

## तोरपा में 20 किसानों के बीच मूंगफली के बीज का वितरण किया गया

**खूंटी ।** जिले में तेलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (तेलहन) योजना के तहत शुक्रवार को बीज वितरण का कार्य तोरपा प्रखंड में प्रारंभ हुआ. तोरपा के प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख संतोष कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुक्रवार को 20 किसानों के बीच मूंगफली का बीज वितरित किये गये. सहायक तकनीकी प्रबंधक खूंटी अंजना सुरीन ने बताया कि तोरपा प्रखंड के 20 किसानों के बीच खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के तहत प्रमाणित मूंगफली बीज प्रभेद जीआईआरआईएनएआर-4-एनएससी का वितरण ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से किया गया.

## पड़हा राजा प्रभुदयाल ने निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पड़हा राजा प्रभुदयाल उरांव और जिप सदस्य बिनोद उरांव के नेतृत्व में जिला पड़हा के अन्य सदस्यों ने डीसी को एक आवेदन सौंपा है. आवेदन में कल्याण विभाग से बन रहे सरना स्थल, धुमकुड़िया भवन,जाहेर, मशना स्थल व हड़गड़ी समेत अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता बरते जाने की शिकायत एवं इसकी जांच कराने की मांग की गयी है. आवेदन में बताया गया है कि गांव के सरना स्थल जहां चिन्हित है, उस स्थल में नहीं निर्माण कराकर दूसरे स्थल में सरना स्थल का निर्माण कराया जा रहा है.एक ही गांव में विभाग द्वारा एक से अधिक सरना स्थल का निर्माण कराया जा रहा है.

## रामगढ़ में तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, 14 पेटी शराब बरामद

**रामगढ़।** शहर के सुभाष चौक पर 14 पेटी अवैध शराब से लदे एक टेम्पो को पुलिस ने शुक्रवार को जब्त किया है. इस दौरान पुलिस ने एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है. इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि टेम्पो से 14 पेटी में 160 बोतल शराब पुलिस ने बरामद किया है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित जसीम अंसारी रांची जिले के ओरमांझी चौक हरचंदा का रहने वाला है. वह टेम्पो से शराब की तस्करी कर रहा था. यह शराब रांची से रामगढ़ जिले के बरकाकाना के लिए भेजा गया था. गिरफ्तार आरोपित से पुलिस पूछताछ कर रही है. पूछताछ के बाद कई बड़े शराब माफियाओं का नाम सामने आ सकता है.

# पीएलएफआई के एरिया कमांडर तूफान सहित दो नक्सली गिरफ्तार

**चार सौ जिंदा कारतूस बरामद**



प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान एसपी व अन्य पुलिस अधिकारी.

**संवाददाता। खूंटी**

एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी दल ने गुरुवार को रनिया थाना क्षेत्र के गढ़सीदम के जंगली क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर एक बाइक पर सवार प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार उग्रवादियों में संगठन का नवनियुक्त एरिया कमांडर आंद्रियास कंडुलना उर्फ तूफान और बंदगांव थानांतर्गत ग्राम गंजना जुराटोली गांव निवासी निमुस कंडीर उर्फ मास्टर शामिल हैं. तूफान पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी थानांतर्गत ओलमोकोद गांव का रहने वाला है. बाद में गिरफ्तार निमुस कंडीर उर्फ मास्टर की निशानदेही पर पुलिस ने हारता जंगल में एक पेड़ के नीचे जमीन पर गड्ढा खोदकर वहां छिपाए गए संगठन के लगभग चार सौ कारतूस, सात मोबाइल और कीपैड बरामद किया. जंगल से बरामद गोलियों में 5.56 एमएम के 383 कारतूस, और पॉइंट .315 एमएम की 15 गोलियां हैं. एसपी शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पीएलएफआई का नवनियुक्त एरिया कमांडर तूफान अपने सहयोगी के साथ ठेकेदारों से लेवी वसूलने और क्षेत्र में संगठन कें विस्तार के उद्देश्य से रनिया के गढ़सीदम जंगली क्षेत्र में आनेवाला है. इसी आधार पर उसकी गिरपफ्तारी हुई है.

# हुसैनाबाद के युवाओं ने किया जयराम महतो का भव्य स्वागत

**संवाददाता। हुसैनाबाद,पलामू**

हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत लंगरकोट विद्यालय के प्रांगण में जे बी के एस एस के मुखिया जयराम महतो को हुसैनाबाद के युवाओं ने भव्य स्वागत किया . यह उनका पलामू और गढ़वा दौरा का पहला कार्यक्रम था .हुसैनाबाद शहर के दाता नगर में सैंकड़ो युवाओं ने फूल माला से स्वागत किया और नारा लगया,देखो देखो कौन आया, शेर आया-शेर आया, टाईगर जयराम महतो जिन्दाबाद के नारों से गूंज उठा. इसके बाद शहर सरदार बल्भल भाई पटेल और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ग्राम लंगर कोट में सभा को संबोधित किया.

उन्होंने कहा मैं पलामू -गढ़वा के धरती को नमन करता हूं. यहां के लोगो ने मुझे बहुत प्यार दिया . उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं है बल्कि झारखण्ड राज्य अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंडियों को भाषा की जो पहचान नहीं मिली है, उसे दिलाना है.

झारखंड की खनिजसंपदा से लेकर सभी जगहों पर बाहरियों को कब्जा हैं झारखण्ड की राजनीतिक दिल्ली से तय की जाती हैं और यहाँ की जनता की जल जंगल जमीन पर बंगाल और अन्य राज्य की तिजोरी भरी जाती हैं जय राम महतो दिखावा नही नही करना चाहता बल्कि मुझे सिर्फ झारखण्ड व झारखण्डी जनमानस को जगाना हैं ताकि राज्य की एक अपनी पहचान मीले यहां के युवाओं को राज्य में हिस्सेदारी हो मौके पर सोनू पटेल,प्रति पासवान पवन पटेल, दिग्विजय पटेल,बबलू पटेल, सुधीर सिंह, दीपक वर्मा लक्की पटेल, सुमन पटेल, जितेंद्र चौधरी अजय चौधरी, धीरेंद्र पटेल, उमेश चौधरी विरसा पब्लिक स्कूल डाइरेक्टर दीपक कुमार रामचंद्र चौधरी शिवपूजन चौधरी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

# अवैध खनन स्थलों पर निगरानी रखें : उपायुक्त



जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी व अन्य.

**संवाददाता। खूंटी**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई. बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई. उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर आपस में समन्वय बनायें और अवैध खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें. उन्होंने निर्देश दिया कि तोरपा, कर्रा एवं जरियागढ़ थाना क्षेत्रों में 15 दिनों तक सघन छापामारी अभियान चलाया जाए. साथ ही बालू घाट वाली पंचायत के गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को अवैध बालू उत्खनन के प्रति जागरूक किया जाए. मोटर यान निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि अवैध परिवहन के आरोप में थाने में जब्त पड़े वाहनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें.

### पेज एक का शेष

## देशभर में आवाज दबाने...

इसी प्रकार देश के अलग अलग हिस्सों में कहीं पत्रकार बंद हैं, कहीं सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लोग और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है. दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में बंद हैं. कई एक मंत्री रहते जेल में लोगों को डाल दिया जा रहा है. और न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि दिन महीने नहीं वर्षों लग रहे हैं. और कहीं ना कहीं जो लोग पूरी शिद्दत के साथ अपने-अपने राज्य के देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं. उनपर बाधाएं डाली जा रही है. लेकिन मैं फिर से राज्य के जनता के बीच में हूं. जो लड़ाई हमने लड़ी, जो संकल्प हमने लिया है उसको मुकाम तक पहुंचाने का भी काम करेंगे. आज मुझे लगता है ये एक संदेश है राज्य के लिए नहीं पूरे देश के लिए कि किस तरीके से हमारे विरुद्ध षडयंत्र रचा गया है. कानून का जो आदेश है वो आपके सामने है. आपको देखने को मिलेगा. किन बातों को उसमें लिखा गया है वह भी आपको देखने को मिलेगा. मैं अपनी जुबान से कहना नहीं चाहता. मुझे लगता है जो भी न्यायालय के आदेश है उसका आपलोग बेहतर तरीके से आकलन करें, समीक्षा करें और देश और राज्य की जनता को बताने का काम करें. रणनीति पहले ही बता दी जाएगी, तो फिर क्या रहेगा. हेमंत से जब सवाल किया गया कि आगे की क्या रणनीति होगी, तो उन्होंने कहा कि जब रणनीति बता ही दी जाएगी तो फिर क्या बचेगा.

## ईडी, हेमंत व कोर्ट का...

झारखंड में पांच माह के भीतर विधानसभा चुनाव होने हैं. झामुमो व कांग्रेस उन आरोपों को फिर से दोहरायेंगे कि हेमंत सोरेन को आदिवासी होने के नाते, साजिश करके जेल भेजा गया. वह भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले. कुल मिलाकर हेमंत की जमानत और हाईकोर्ट के ऑब्जर्वेशन का फायदा झामुमो को मिलेगा. भाजपा को ना चाहते हुए भी एक स्टैंड लेना पड़ेगा, जो ईडी का बचाव ही माना जाएगा.

**एनटीपीसी** वित्तीय वर्ष 2024-25 में केरेडारी से 2.5 व चट्टी बरियातू से 6 मिलियन टन कोयला निकालने का लक्ष्य

# केरेडारी और चट्टी बरियातू से कोयला खनन का लक्ष्य तय

**संवाददाता। केरेडारी**

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करते हुए 2.5 लाख टन कोयला का उत्पादन किया. कंपनी कोल उत्पादन के साथ-साथ कोल ट्रांसपोर्टिंग से टोरी बचरा और कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से कुल 680 रैंक वाला डिस्पैच किया. केरल कोयला खनन परियोजना से वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 2.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन व डिस्पैच का लक्ष्य रखा है. यहां का कोयला का उपयोग अपने नॉर्थ करमपुरा पावर प्लांट टंडवा में किया जाएगा, जिससे एनटीपीसी को मजबूती परिचालन होगा. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2022-23 और 2023- 24 में हमने सीएसआर फंड और सामुदायिक विकास के तहत कुल 4.21 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. परियोजना द्वारा 19 परियोजना प्रभावित स्कूलों में 1000 ज्वाइंटेड बेंच-डेक्स प्रदान किया गया. परियोजना प्रभावित गांवों में दो मिडिल लेवल सरकारी स्कूल में 13 हैंडपंप और 11 दीप बोरिंग की स्थापना की. सिलाई प्रशिक्षण बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण किसानों का



स्ट्रॉबेरी व अन्य फलदार पौधों का वितरण, यूएचएस बसरिया की आठवीं कक्षा के ऊपर के छात्रों के लिए साइकिल वितरण, टीवी रोगियों के लिए पोषण किट मच्छरदानी, कंबल, स्वेटर, स्टेशनरी किट आदि का वितरण किया गया.

चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से अपर महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हमने बीते वित्तीय वर्ष में अपने कोयला उत्पादन का टारगेट पूरा करते हुए 3.304 मिलियन टन हासिल किया. 3.13 मिलियन टन कोयला भी डिस्पैच भी किया. बचरा और कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से कोयला डिस्पैच की शुरुआत करते हुए कुल 433 रैंक डिस्पैच किया. पगार पीठ कार्यालय का निर्माण एवं संचालन किया. चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024 25 में 6 मिलियन टन कोयला उत्पादन डिस्पैच का लक्ष्य रखा है. इस कोयला का उपयोग बाढ़ और नॉर्थ करमपुरा पावर प्लांट टंडवा एनटीपीसी के मजबूती परिचालन प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया जाएगा. उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 और 27 और 24 में हमने सर सामुदायिक के तहत कल 10.5 करोड़ खर्च किए हैं. हमने वाहनों को रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष आईटीआई कौशल विकास की शुरुआत 30 बच्चों प्रशिक्षण देने से की है. ट्रेनिंग के बाद सभी को नौकरी दी गई. महिला सशक्तिकरण के लिए कल 173 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन का वितरण किया गया. मशरूम प्रशिक्षण सोहराय पेंटिंग, अचार, पापड़ बनाने का प्रशिक्षण और बहुत अन्य कार्यों से आर्थिक रूप से महिलाओं को स्वतंत्र बनाने के लिए हमने प्रतिबद्ध हैं.

# नागरिकों की अपेक्षाएं

इस बार का जनादेश मिलजुल कर चलने का निर्देश राजनीतिक दलों को देता है. बावजूद इसके संसद से सड़क तक जिस तरह के टकराव के लक्षण दिख रहे हैं, उससे बचने की जरूरत है. सत्ता पक्ष को इसकी पहल करनी चाहिए, क्योंकि सकारात्मक राजनीति ही देश के विस की गाथा लिखने में कारगर भूमिका निभाती है. सत्ता पक्ष को इस तथ्य को समझने की जरूरत है कि पिछले दस सालों में उसने विपक्ष को सीमित करने की हर मुमकिन प्रयास किया, लेकिन 2024 में देश की जनता ने अपने लोकतांत्रिक विवेक का प्रदर्शन करते हुए सहकार का सख्त संदेश दिया है. लोकसभा में दो मामले मुखरता से उठे हैं, एक इमरजेंसी का और दूसरा जय संविधान का. सत्ता पक्ष को समझना होगा कि आपातकाल केवल एक संवैधानिक प्रावधान का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि वह लोकतंत्र के स्थगन का काला निर्देश जैसा है, जिसका इस्तेमाल इंदिरा गांधी ने किया था, लेकिन अठारह माह बाद ही देश के लोकतांत्रिक विवेक के दबाव के कारण इस कार्रवाई को वापस लेने के लिए उन्हें मजबूर भी किया. बावजूद इसके यह भी समझने की जरूरत है कि आपातकाल एक प्रवृत्ति का भी नाम है, जिसमें निरंकुशता अंतरनिहित है और जरूरी नहीं कि इसके लिए आपातकाल की घोषणा करने की जरूरत ही पड़े. लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, संवैधानिक संस्थाओं के स्वायत्त आचरण, न्यायतंत्र की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी के साथ ही प्रतिरोध के स्वर को सम्मान देने का नाम है. विभिन्न कालखंडों की सत्ताओं को निरंकुश आचरण करते देखा गया है. लोकतंत्र और संविधान वह दो बुनियाद है, जिसके आधार पर भारत का लोकतंत्र दुनिया में प्रशंसा हासिल करता रहा है. आज की महत्वपूर्ण चुनौती है कि संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष आचरण करने की पूरी स्वतंत्रता प्रदान की जाए. लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इसी संदर्भ में नए संसद की शुरुआत की घटनाओं को समझने की जरूरत है. देश इस समय बेरोजगारी के संकट से गुजर रहा है और आर्थिक असमानता की खाई निरंतर गहरी होती जा रही है. जरूरत इस बात की है कि इस सवाल पर सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष मिल कर समस्या निदान की राह तलाशें. इस तथ्य को स्वीकार करने की जरूरत भी है कि 1991 में जिन उदार नीतियों की शुरुआत की गयी थी, उसका पहिया नया नतीजा देने में कारगर साबित नहीं हो पा रहा है. इस तथ्य को तो पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2013 में ही स्वीकार कर लिया था. जरूरत इस बात की है कि भारत के ग्रोथ को तेज गति देने के लिए समावेशी तरीका इजाद किया जाए. संसद में चुन कर आए सदस्यों से देश की अपेक्षा यही है कि आर्थिक मोर्चे पर ऐसा कुछ किया जाए, जिसका लाभ देश के हर एक नागरिक को हो. देश ने पिछले तीन दशकों में ग्रोथ की सफल गाथा लिखी है, लेकिन उसका स्याह पक्ष यह है कि उससे हर एक नागरिक लाभ नहीं उठा पाया है. इस बार इसलिए जनता ने किसी एक दल पर भरोसा नहीं जताया है और अपेक्षा की है कि उसके हितों के अनुकूल समन्वित और सहकार की राजनीति को संविधान के प्रावधानों के अनुकूल संचालित किया जाए.

> लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, संवैधानिक संस्थाओं के स्वायत्त आचरण, न्यायतंत्र की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी के साथ ही प्रतिरोध के स्वर को सम्मान देने का नाम है. विभिन्न कालखंडों की सत्ताओं को निरंकुश आचरण करते देखा गया है.


## सुभाषित

**व्यसने मित्रपरीक्षा शूरपरीक्षा रणाङ्गणे भवति।**
**विनये भृत्यपरीक्षा दानपरीक्षाच दुर्भिक्षे॥**


खराब समय आने पर मित्र की परीक्षा होती है, युद्धस्थल में शूरवीर की परीक्षा होती है, नौकर की परीक्षा विनय से होती है और दान की परीक्षा अकाल पड़ने पर होती है. तात्पर्य यह कि बुरे समय आने पर ही पता चलता है कि कौन अपना है और कौन पराया.

# बहुत कठिन है डगर भाजपा की

**लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिंहभूम सहित तीन खास सीटें गंवानी पड़ी. राज्य में पांच संसदीय सीटें जनजातियों के लिए सुरक्षित हैं. भाजपा ये पांचों सीटें हार गई. हजारीबाग, रांची, गोड्डा, चतरा, धनबाद जैसी सीटों पर हालांकि उसकी जीत हुई, लेकिन पूर्वापेक्षा मार्जिन घटा. ऐसी परिस्थितियों को रणनीतिक चूक कहकर टाला नहीं जा सकता. उसने बहुत गुणा-भाग कर तीन जनजातीय सीटों पर प्रत्याशी बदले थे, लेकिन यह बदलाव उसके काम न आया.**



**• देश-काल**



श्याम किशोर चौबे

राजनीति, खासकर चुनावी राजनीति की राह बहुत ही सर्पीली और रपटीली होती है. ऐसा नहीं होता तो झारखंड विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए भाजपा लंबी ताने रहती. हालिया संसदीय चुनाव में उसने राज्य के 81 में से 52 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है. चूंकि अब मनोनीत विधायक का पद समाप्त कर दिया गया है, इसलिए राज्य में सरकार बनाने के लिए 41 विधायक पर्याप्त होंगे. भाजपा ने नवंबर-दिसंबर में होनेवाले विधानसभा चुनाव के पांच महीने पहले 52 सीटों पर बढ़त बना ली तो उसे सोचने और बहुत मेहनत और तीन-तिकड़म करने की जरूरत ही नहीं है. लेकिन राजनीति में जो दिखता है, वैसा ही नहीं होता, जैसे हर चमकनेवाली पीली चीज सोना नहीं होती. ठीक है कि भाजपा ने 52 विधानसभा क्षेत्रों पर अपना जलवा दिखाया है, लेकिन उसके पाले में 2019 के चुनाव में 25 ही तो सीटें आई थीं. 52 और 25 का समीकरण देखें, ठीक उल्टा. 2019 के संसदीय चुनाव में उसने 57 विधानसभा क्षेत्रों पर बढ़त बनायी थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में उसे 25 ही विधानसभा सीटें हाथ लग सकी थीं. उन्हीं 57 सीटों का भरोसा कर उसने 65 सीटें जीतने का दावा किया था. इस बार वह 75 सीटों को टारगेट कर रही है. विधानसभा चुनाव की राह आसान होती तो उसकी टॉप लीडरशिप शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा को चुनाव प्रभारी बनाने की जहमत न उठाती. मामा कहे जानेवाले शिवराज सिंह के नाम 29 नवंबर 2005 से 11 दिसंबर 2023 तक यानी लगातार 18 वर्षों के बीच 15 महीने छोड़कर चार मर्तबा मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड है. वे वर्तमान में देश के कृषि मंत्री हैं. हिमंता बिस्वा सरमा भी राजनीति के कम माहिर खिलाड़ी नहीं हैं. वे असम के मुख्यमंत्री हैं. पहले उनकी गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती थी. उनका नाम दो साल पहले झारखंड की सरकार गिराने की कोशिश में आया था. उन दिनों कांग्रेस के तीन विधायक कोलकाता के निकट कैश के साथ पकड़े गये थे. सरमा के आज भी कुछ कांग्रेसी नेताओं से संबंध हैं. कांग्रेस, विशेषकर राहुल गांधी के कटु आलोचकों में उनकी गिनती होती है. वे घाट-घाट का पानी पिये हुए हैं. ऐसे दो राजनीतिक पंडितों की झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तैनाती भाजपा की अग्रसोची रणनीति का हिस्सा है. क्या जमीनी हकीकत उनका साथ देगी या वे अपनी कार्ययोजनाओं से राज्य में पार्टी की पैठ उस हद तक बढ़ा देंगे, जिससे पार्टी स्वयं या अपने गठबंधन के साथ अपरिमित विजय की ओर बढ़ सके! लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिंहभूम सहित तीन खास सीटें गंवानी पड़ी. राज्य में पांच संसदीय सीटें जनजातियों के लिए सुरक्षित हैं. भाजपा ये पांचों सीटें हार गई. हजारीबाग, रांची, गोड्डा, चतरा, धनबाद जैसी सीटों पर हालांकि उसकी जीत हुई, लेकिन पूर्वापेक्षा मार्जिन घटा. ऐसी परिस्थितियों को रणनीतिक चूक कहकर टाला नहीं जा सकता. उसने बहुत गुणा-भाग कर तीन जनजातीय सीटों पर प्रत्याशी बदले थे, लेकिन यह बदलाव उसके काम न आया. लेने के देने पड़ गये. अभी तक की राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार भाजपा और एनडीए का सामना इंडिया ब्लॉक से होना सुनिश्चित है. सिल्ली, ईचागढ़, मांडू, रामगढ़, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, हजारीबाग, बाघमारा जैसी कुड़मी बहुल सीटों पर नवोदित संगठन जेबीकेएसएस भी पेंच लड़ाने की तैयारी में है. विगत लोकसभा चुनाव में वह अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज करा चुका है. राज्य की सत्ता पर इंडिया ब्लॉक आसीन है. उसके नवनिर्वाचित पांचों सांसद तरीके से दिल-दिमाग लगाकर काम करते रहे और लोकलुभावन घोषणाओं को राज्य सरकार किसी भी हद तक अमलीजामा पहनाने को तत्पर दिखती रही तो 2019 की तरह वह इस बार भी जनजातीय सीटों पर अपनी धमक बनाये रख सकती है. हालांकि भाजपा ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर भरोसा जताते हुए उनके ही नेतृत्व में विधानसभा चुनाव कराने की बात कही है, लेकिन इसमें कुछ पेंच फंस सकता है. राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री और एक मर्तबा फुल टर्म केंद्रीय मंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा की भूमिका अभी तक तय नहीं की गई है. वे संसदीय चुनाव में काफी मतों के अंतर से पराजित हुए हैं. उनके मामले में भितरघात की भी बात कही जा रही है. वे चुनाव हार गये, यह अलग बात है, लेकिन बिला शक चतुर राजनेता हैं. उनकी भूमिका और उनका मूव सामने आने के बाद बहुत कुछ स्पष्ट हो सकेगा.

इंडिया ब्लॉक, विशेषकर झामुमो के राजनीतिक पटल पर इसी साल फरवरी में परिस्थितियोंवश निहायत घरेलू महिला कल्पना सोरेन का डेब्यू हुआ. राजनीतिक जीवन में इंट्री के साथ ही उनको दिल्ली, रांची और मुंबई में इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं संग मंच साझा करने का मौका मिला. अपनी शानदार भाषण कला और जनजुड़ाव की कारीगरी के कारण वे रातोंरात स्टार प्रचारक बन गईं. विगत लोकसभा चुनाव में उन्होंने तकरीबन 150 सभाएं की और गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतीं. उनके पति और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमीन घोटाला मामले में जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने 28 जून को मंजूर कर ली और वे जेल से बाहर आ गए. वे एक मुद्दा बन चुके हैं. यह देखना दिलचस्प होगा कि कम से कम जनजातीय सीटों पर हेमंत फैक्टर कितना काम करता है. चाहे हेमंत का राज रहा हो कि वर्तमान में चंपाई सोरेन का, आदिवासी हित में धड़ाधड़ फैसले लिए जा रहे हैं. युवाओं और महिलाओं के लिए भी सरकार खजाने का मुंह खोले बैठी है. सच कहिए तो इंडिया ब्लॉक के लिए जीवन-मरण का यह अवसर है, जबकि भाजपा को सत्ता में वापसी करनी है. टेंशन और टसल दोनों ओर है, जिसमें इंडिया ब्लॉक अपेक्षाकृत अधिक सुविधाजनक स्थिति में है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## ताजा रोटी, बासी रोटी

एक धनी परिवार की कन्या तारा का विवाह, एक सुयोग्य परिवार में हुआ. लड़का पढ़ा लिखा और अति सुन्दर लेकिन बेरोजगार था. परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी थी जिसके कारण उसके माता -पिता उसे किसी भी कार्य करने के लिये नहीं कहते थे और कहते थे कि बेटा जिगर, तू हमारी इकलौती संतान है, तेरे लिये तो हमने खूब सारा धन दौलत जोड़ दिया है और हम कमा रहे है, तू तो बस मजे ले . इस बात को सुनकर तारा बेहद चिंतित रहती मगर किसी से अपनी मन की व्यथा कह नहीं पाती. एक दिन एक महात्मा जो छःमाह में फेरी लगाते थे, उस घर पर पहुंच गये और बोले. माई एक रोटी की आस है. तारा रोटी ले कर महात्मा फ़क़ीर को देने चल पड़ी, सास भी दरवाजे पर ही खडी थी. महात्मा ने लड़की से कहा- बेटी रोटी ताजा है या वासी? तारा ने जवाब दिया कि महाराज रोटी बासी है. सास वहीं खड़ी सुन रही थी. उसने कहा- हरामखोर, तुझे ताजा रोटी भी बासी दिखाई पड़ रही है . महात्मा चुप चाप घर से मुख मोड़ कर चल पड़ा और तारा से बोला कि बेटी मैं उस दिन वापस आऊंगा, जब रोटी ताजा होगी. समय व्यतीत होता गया और तारा के पति को कुछ समय बाद रोजगार मिल गया. अब तारा बहुत खुश रहने लगी. कुछ दिन बाद महात्मा जी वापस फेरी लगाने आये और तारा के ससुराल जाकर रोटी मांगने लगे, महात्मा के लिए तारा रोटी लेकर आयी . महात्मा जी का फिर वही सवाल था, बेटी रोटी ताजा है या बासी? तारा ने जबाब दिया- महात्मा जी रोटी एक दम ताजी है, महात्मा ने रोटी ले ली और लड़की को खुशी से बहुत आशीर्वाद दिया. सास दरवाजे पर खडी सुन रही थी और बोली- हरामखोर, उस दिन तो रोटी बासी थी और आज ताजा वाह! संत रुके और बोले- अरी पगली! तू तो अज्ञानी है, तेरी बहू वास्तव में बहुत होशियार है जब मैं पहले आया था तो इसने रोटी को बासी बताया था, क्योंकि यह तुम्हारे जोड़े और कमाये धन से गुजारा कर रहे थे, जो इनके लिये बासी था . मगर अब तेरा बेटा रोजगार पर लग गया है और अपनी कमाई का ताजा धन लाता है इसलिये तेरी बहू ने पहले बासी और अब ताजी रोटी बताई . माँ बाप का जुड़ा धन किसी ओखे- झोके के लिये होता है जो बासी होता है , काम तो अपने द्वारा कमाये ताजा धन से ही चलता है . सास महात्मा के पैरों मे गिर पड़ी. मानव को हमेशा जुडे धन पर आश्रित नहीं रहना चाहिये, बल्कि सदैव ताजे धन की ओर ललायित रहना चाहिए, अगर हम जुडे धन पर ही आश्रित रहेंगे तो वो भी एक दिन खत्म हो जायेगा इसलिये हमे ताजा धन की आस करके सदैव प्रगति पथ पर निरंतर प्रवाह करना चाहिये .

# अर्थव्यवस्था को चाहिए नया नजरिया

**• आर्थिकी**

**प्रभात पटनायक**

इसे आसानी से समझा जा सकता है, अगर हम समूची अर्थव्यवस्था को तीन अलग-अलग हिस्सों में बांट दें-सरकार, श्रमिक और पूंजीपति. (सरल ढंग से समझने के लिए हम मान लेते हैं कि यह एक बंद अर्थव्यवस्था है जिसमें बाहर से कोई लेनदेन नहीं हो रहा है.) सामान्य गणितीय समझ के अनुसार तीनों हिस्सों के घाटे का कुल योग हमेशा शून्य होगा, क्योंकि बाहर से तो कोई लेनदेन हो नहीं रहा है. इसमें श्रमिक आमतौर पर जो कमाता है, उसका तो लगभग पूरा उपभोग कर लेता है, इसलिए उनका घाटा या मुनाफा शून्य है, अगर सरकार घाटे में है, तो इसका अर्थ यह है कि पूंजीपतियों को स्वतः ही सरकार के घाटे के बराबर मुनाफा हासिल हो गया, बिना कुछ करे धरे. धन की ऐसी गैरबराबरी को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार को उनसे 100 रुपए टैक्स के रूप में ले लेना चाहिए, अपने खर्च के बराबर पूंजीपतियों से टैक्स लेकर सरकार को अपने घाटे की भरपाई कर लेनी चाहिए, इससे पूंजीपतियों के पास शुरुआत में जो संपत्ति थी, उसमें भी कोई कमी नहीं होगी. राज्य को, अगर वह रोजगार बढ़ाना चाहता है, तो अपना खर्च बढ़ाने का साहस करना चाहिए और इन कदमों के खिलाफ घरेलू और विदेशी पूंजीपति जो भी बाधाएं खड़ी करें (मसलन पूंजी पलायन आदि), उनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए. इसलिए रोजगार के विस्तार के लिए सबसे पहले जरूरी है कि सरकारी क्षेत्र में जो भी पद खाली पड़े हैं, स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय के अध्यापकों तथा स्वास्थ्यकर्मी और नर्सिंग स्टाफ समेत, पहले भरे जाएं. दूसरे इस बात की भी जरूरत है कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए पद सृजित किए जाएं. उदाहरण के लिए शिक्षा इस देश में पतन के गर्त में है. यहां जरूरत है कि योग्य स्टाफ के समुचित विस्तार द्वारा शिक्षा क्षेत्र का पुनरुद्धार किया जाय. तीसरे मनरेगा की मौजूदा सीमाओं को हटाकर इसे सार्वभौम और मांग आधारित बनाते हुए इसका दायरा बढ़ाया जाए, इसे शहरी क्षेत्र तक विस्तारित किया जाय, अभी दी जा रही मामूली मजदूरी को समुचित स्तर तक बढ़ाया जाए. यह खुद ही अर्थव्यवस्था में तमाम तरह के सामानों की मांग पैदा करेगा. इसे आंशिक रूप से मौजूदा क्षमता के और अधिक इस्तेमाल तथा और अधिक रोजगार सृजन के द्वारा किया जाएगा और आंशिक रूप से नई उत्पादक इकाइयों की, सर्वोपरि लघु उद्योग सेक्टर में, स्थापना द्वारा किया जायेगा ( जिनके लिए समुचित लोन की व्यवस्था अवश्य की जानी चाहिए.) दूसरे शब्दों में सरकार द्वारा रोजगार सृजन निजी क्षेत्र में भी अतिरिक्त रोजगार पैदा करेगा. (जिसे मल्टीप्लायर-गुणन प्रभाव के रूप में जाना जाता है.) जैसा कि ऊपर चर्चा की गई, सरकारी खर्च में होने वाली सारी वृद्धि को पूंजीपतियों तथा आम तौर पर धनिक तबकों पर टैक्स बढ़ाकर पूरा किया जायेगा. ऐसे टैक्स उनकी आमदनी पर लगाए जा सकते हैं अथवा उनकी कुल संपत्ति पर. इन दोनों में से उनकी संपत्ति पर टैक्स लगाना बेहतर है, जिसमें रियल स्टेट और वह नगद पैसा शामिल है, जिस पर कोई खास प्रत्यक्ष आय नहीं हो रही है, क्योंकि तब यह तर्क भी कोई नहीं दे पाएगा कि इस टैक्स से उत्पादक निवेश पर प्रतिकूल असर पड़ेगा. यह भी जरूरी है कि संपत्ति कर के साथ-साथ उतराधिकार कर भी लगाया जाय, ताकि संपत्ति कर से बच निकलने की किसी चालाकी पर रोक लग सके. यह सचमुच स्तब्ध करने वाला है कि भारत में न संपत्ति कर लागू है, न ही विरासत कर, जबकि नव उदारवादी युग में संपत्ति की असमानता आसमान छूने लगी है. बहरहाल, इस निंदनीय तथ्य से यह भी पता लगता है कि भारत में संपत्ति कर और उत्तराधिकार कर लगाने की विराट संभावना मौजूद है. बड़े थैलीशाहों पर संपत्ति कर तथा उत्तराधिकार कर के जरिए धन जुटाकर सरकार द्वारा किए जाने वाले खर्चों में वृद्धि करना, अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन का सबसे आसान और सीधा रास्ता है. इसके जरिए एक ही तीर से कई निशाने लगाए जा सकते हैं, इससे रोजगार में बढ़ोतरी होगी तथा संपत्ति की गैरबराबरी पर अंकुश लगेगा, जो कि जनतंत्र के लिए आवश्यक है. शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भर्तियां होने तथा नए रोजगार सृजन से इन क्षेत्रों में सुधार होगा, जबकि इस समय इनका हाल बहुत ही बुरा है." **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> उदाहरण के लिए शिक्षा इस देश में पतन के गर्त में है. यहां जरूरत है कि योग्य स्टाफ के समुचित विस्तार द्वारा शिक्षा क्षेत्र का पुनरुद्धार किया जाय. तीसरे मनरेगा की मौजूदा सीमाओं को हटाकर इसे सार्वभौम और मांग आधारित बनाते हुए इसका दायरा बढ़ाया जाए, इसे शहरी क्षेत्र तक विस्तारित किया जाय, अभी दी जा रही मामूली मजदूरी को समुचित स्तर तक बढ़ाया जाए.

# गहराते संकट के बीच तल्ख सवाल

**• सामयिकी**

**सुबोध वर्मा**

यह काफी समय से चल रही थी, लेकिन आखिरकार यह सामने आ ही गई–आधुनिक परीक्षा प्रणाली, जिसे अक्सर वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप बताया जाता है, धराशायी हो गई. हालांकि मेडिकल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया गया है, लेकिन हर दिन पेपर सॉल्व करने वाले गिरोहों के नए-नए खुलासे उभर कर सामने आ रहे हैं, कुछ खास केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने में कथित देरी के लिए बड़े पैमाने पर 'ग्रेस मार्क्स' जैसी आधिकारिक धोखाधड़ी की जाने और इसी तरह की अन्य बातें सामने आ रही हैं. सरकार टेक्नोक्रेट की एक जांच समिति बैठाने, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के प्रमुख को बर्खास्त करने, कुछ उम्मीदवारों की फिर से परीक्षा लेने और ढहती व्यवस्था को हमेशा के लिए ठीक करने के बड़े-बड़े वादों के साथ मामले को शांत करने के लिए हाथ-पांव मार रही है. लाखों परीक्षार्थियों और उनके चिंतित परिवारों को यह आश्वासन देते हुए कि सब कुछ नियंत्रण में है, सरकार ने कुछ दिन पहले ही हुई यूजीसी-नेट परीक्षा और आगामी सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और नीट-पीजी परीक्षा को भी रद्द कर दिया है. इस बात का पता नहीं चल पाया है कि ऐसा क्यों किया गया. सर्वोच्च न्यायालय भी इसमें शामिल हो गया है, क्योंकि अदालतों को व्यक्तिगत शिकायतों से लेकर व्यवस्थागत सवालों तक की ढेरों याचिकाओं का सामना करना पड़ रहा है. यह नए भारत के जीवन का एक और दिन है. हमारी आंखों के सामने, एक आम सहमति गढ़ने की कोशिश की जा रही है-समस्या भ्रष्टाचार और अकुशलता है, और इसे एक सख्त कानून, नए कर्मियों, तकनीकी सुधार/परिष्कार और सरकार में विश्वास जताने के साथ ठीक किए जाने की बात की जा रही है. सरकार - जैसा कि पहले से पता था– अपने उक्त दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रही है और कॉर्पोरेट मीडिया इस पर अपना काम कर रहा है, यह पता लगा रहा है कि कैसे पेपर लीक हुए आदि. शायद लोग न चाहते हुए भी आश्वस्त हो जाएंगे, क्योंकि उनके पास इसे जानने का कोई अन्य विकल्प ही नहीं है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनटीए बड़ी संख्या में छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करता है - अनुमान है कि 2023 में यह संख्या 1.23 करोड़ होगी. कुल मिलाकर 15 प्रमुख परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं. व्यावहारिक रूप से देश भर में इन परीक्षाओं को आयोजित करने से संबंधित सभी काम आउटसोर्स किए जाते हैं. एनटीए द्वारा जारी किए गए टेंडर, जो उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इस बात की पुष्टि करते हैं. निजी सेवा प्रदाता अपने कर्मचारियों के साथ परीक्षा आयोजित करने का काम करते हैं, आईटी सिस्टम और क्यूआर कोड से संबंधित सभी तकनीकी सहायता समान रूप से की जाती है. टेस्ट पेपर ऐसे विषय विशेषज्ञों द्वारा बनाए जाते हैं, जिन्हें कोई नहीं जानता है और उन्हें टेस्ट डेवलपमेंट कमेटी द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है. यहां यह ध्यान रखना उचित होगा कि राज्य चयन बोर्ड जैसी विभिन्न राज्य स्तरीय परीक्षाओं के संचालन में भी आउटसोर्सिंग की गई है और रेलवे और बैंकों जैसे क्षेत्रों में भर्ती में भी, जिनकी परीक्षा और चयन के लिए अलग-अलग संस्थाएं हैं. नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में अब जो गड़बड़ी दिखाई दे रही है, वह राज्यों में बार-बार सामने आई है. इस साल की शुरुआत में प्रकाशित द इंडियन एक्सप्रेस की एक जांच में पिछले पांच सालों में 15 राज्यों में कम से कम 48 पेपर लीक के मामले सामने आए हैं. अखबार के एक अनुमान के अनुसार इन लीक ने "लगभग 1.2 लाख पदों के लिए कम से कम 1.4 करोड़ आवेदकों के जीवन को प्रभावित किया" है. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और इसके परिणामस्वरूप, एमसीक्यू (बहुविकल्पीय प्रश्न) अब नौकरियों के लिए आवेदकों के ज्ञान या योग्यता की जांच करने के साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पसंदीदा विकल्प बन गया है. एमसीक्यू में एक सीधा सवाल शामिल होता है, जिसका उत्तर एक शब्द (या वाक्यांश) या एक अंक में देना होता है. फिर परीक्षा को इस तरह से तैयार किया जा सकता है कि परीक्षार्थियों को 200 मिनट में 180 प्रश्न के जवाब देने होते हैं. ऐसा करने का सबसे तेज़ तर्रार तरीका एक ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) शीट है, जहां परीक्षार्थी सही उत्तर के सामने एक गोले में रंग भरेगा. तब इस शीट को कम्प्यूटरीकृत उपकरण तेजी से पहचानते हैं और इसका मूल्यांकन करते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनटीए बड़ी संख्या में छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करता है – अनुमान है कि 2023 में यह संख्या 1.23 करोड़ होगी. कुल मिलाकर 15 प्रमुख परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं. व्यावहारिक रूप से देश भर में इन परीक्षाओं को आयोजित करने से संबंधित सभी काम आउटसोर्स किए जाते हैं. एनटीए द्वारा जारी किए गए टेंडर, जो उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इस बात की पुष्टि करते हैं.

**मीडिया में अन्यत्र**

# श्रम सुधार और श्रमिक हितों का सवाल

**देश में** श्रम संबंधों का संचालन करने वाले 40 केंद्रीय और 100 राज्यस्तरीय कानून मौजूद हैं, जो औद्योगिक विवादों के निस्तारण, कार्य परिस्थितियों, सामाजिक सुरक्षा और वेतन भत्तों जैसे विभिन्न मामलों से संबंधित हैं. बीते वर्षों के दौरान देश में श्रम कानूनों की बहुलता, पुरातन प्रावधानों, परिभाषाओं की अनिश्चितता और अस्पष्टता के कारण इनका अनुपालन कठिन हो गया. दरों की बहुलता के अलावा श्रम कानूनों की जटिलता भी देश की औद्योगिक वृद्धि को प्रभावित कर रही थी. इस मसले को हल करने के लिए सरकार ने साहसी कदम उठाते हुए श्रम कानूनों को सरलीकृत करते हुए चार व्यापक श्रम संहिताओं में शामिल करने का प्रावधान किया. मौजूदा 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया- वेतन संहिता (2019), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020), औद्योगिक संबंध संहिता (2020) और व्यावसायिक, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थिति संहिता (2020). इन श्रम संहिताओं को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिली और राष्ट्रपति ने भी उन्हें स्वीकृति प्रदान की. चारों श्रम संहिताओं पर मसौदा केंद्रीय नियम केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रकाशित किए गए. चार वर्ष बाद उनके अनुमानित लाभ अभी भी हासिल होने बाकी हैं, क्योंकि इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाया. इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि इन संहिताओं में कारोबारी सुगमता बढ़ाने और औपचारिक रोजगार निर्माण करने की पूरी संभावना है. ये संहिताएं कई अहम बदलाव लाएंगी, जिसमें मौजूदा 100 के बजाय 300 कर्मचारियों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की छंटनी की सीमा बढ़ाने जैसी बातें शामिल हैं. नियोक्ताओं के लिए इस प्रकार लचीलापन बढ़ाने से और अधिक निवेश आएगा, क्योंकि तब कंपनियां अपनी श्रम शक्ति को कारोबार की जरूरत के हिसाब से घटा-बढ़ा सकेंगी और उन्हें किसी नियामकीय बाधा का सामना नहीं करना होगा. कामगारों के हड़ताल करने के अधिकार को लेकर भी बदलाव किए गए हैं. इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के लाभ को बढ़ाकर श्रमिकों के एक बड़े हिस्से तक कर दिया गया है. इसके कारण परिचालन लागत में इजाफा हो सकता है, लेकिन इससे श्रम शक्ति अधिक सुरक्षित और प्रेरित महसूस करेगी. इससे उत्पादक में भी इजाफा देखने को मिलेगा. श्रम समवर्ती सूची का विषय है, जिस पर संसद और विधानसभाएं दोनों कानून बना सकती हैं. क्रियान्वयन में अवश्य देरी होती रही है, क्योंकि कुछ राज्यों को अभी भी इन संहिताओं के अधीन नियम तय करने हैं. वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के मुताबिक 24 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने इन चारों संहिताओं के अधीन नियम बना लिए हैं. पश्चिम बंगाल, मेघालय, नगालैंड, लक्षद्वीप और दादरा एवं नागर हवेली को अभी नियम बनाने हैं. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## पंच/प्रपंच

**पंचों** में परमेश्वर का वास होता है, इसलिए उनका फैसला मान्य है. यह धारणा आम है. पंच संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. हिंदी में इसका तद्भव रूप पांच है और यही इसका मूल और रूढ़ अर्थ है. शब्दकोशों के अनुसार पंच का मतलब है पांच की संख्या, पंचायत, ग्राम पंचायत का प्रधान व्यक्ति, न्याय करने के लिए चुने गये पांच व्यक्तियों का समूह, मध्यस्थ, तटस्थ, निर्णायक. विशेषण के रूप में पंच का मतलब पांच होता है. जैसे पांच व्यक्ति, पांच फूल. अगर कोई कहे कि वह आपको पंच मानता है तो इसका मतलब यह है कि वह आपको किसी विवाद का फैसला करने के लिए मध्यस्थ बनाना चाहता है. हिंदी में अंग्रेजी भाषा के पंच शब्द का प्रयोग भी खूब होता है. इस पंच का आशय हिंदीवाले पंच से भिन्न होता है. इसका मतलब है घुस्सा, मुक्का. जैसे कहते हैं, पहलवान ने ऐसा पंच मारा कि वह बेहोश हो गया. छेदने या दबाने की क्रिया या अवस्था को भी पंच कहा जाता है. किसी घटना या समाचार के संदर्भ में वह रोचक तथ्य भी पंच कहलाता है, जो किसी को रोमांचित कर देता हो. पंच शब्द में प्र उपसर्ग लग जाने के बाद जो शब्द बनता है, वह है प्रपंच. संस्कृत का प्र उपसर्ग जब विशेषण से पहले लगता है तो उसका अर्थ बहुत, अत्यधिक, अत्यंत होता है और संज्ञा से पहले लगने पर अर्थ होता है आगे, सम्मुख. धातु या विशेषण दोनों रूपों में पंच से बने प्रपंच का अर्थ होता है उजागर होना, प्रकट होना, विस्तार होना. प्रपंच में निहित शब्दशक्ति मूलतः नकारात्मक है. इसका प्रचलित अर्थ है बखेड़ा या झगड़ा. किसी किस्म का विवाद , दिखावा, आडम्बर, ताम-झाम जैसे भाव भी इसमें निहित हैं. षड्यंत्र, छल-कपट भी इसकी अर्थवत्ता में शामिल हैं. हालांकि अपने मूल रूप में प्रपंच में ये तमाम अर्थ नहीं हैं. प्रपंच का मूल अर्थ है संसार, विश्व, लगातार फैलती दुनिया आदि.

# जैसे मोबाइल के दिन बहुरे, वैसे सबके बहुरें

**• तीर-तुक्का**

**अनूप शुक्ल**




मोबाइल कभी बातचीत के काम आते थे. आजकल मोबाइल का उपयोग इतने कामों में होने लगा है कि बातचीत का समय ही नहीं मिलता. फ़ोटो, चैटिंग, के अलावा लोग मारपीट के लिये अद्धे-गुम्मे की जगह अपने पुराने मोबाइलों पर ज्यादा भरोसा करने लगे हैं. टाइगर वुड्स की प्रेमिका ने वुड्स की बेवफ़ाई की खबर पाने पर अपने मोबाइल का हथियार के रूप में प्रयोग करके इसकी शुरुआत की थी. ऐसा फ़ेंक कर मारा था मोबाइल कि टाइगर वुड्स का दांत टूट गया था. भारत-पाक सीमा पर भी देश के पुराने मोबाइल इकट्ठे करके फ़ेंककर मारे जा सकते हैं. यानी पत्थरबाजी की तरह मोबाइलबाजी भी की जा सकती है. अपना कूड़ा भी उधर चला जायेगा और जलवा भी कि हिदुस्तान इतना काबिल मुल्क है कि मारपीट तक में मोबाइल प्रयोग करता है. तकनीक की साजिश से खरीदते ही पुराना हो जाता है मोबाइल. सामने की जेब से आलमारी के कोने तक पहुंचने की यात्रा जितनी तेजी से पूरी करता है उतनी तेजी से बस नेता लोग अपना बयान भी नहीं बदल पाते. मोबाइल का एक फ़ायदा यह भी है कि इसके चलते देश की तमाम समस्याओं से देश के युवाओं का ध्यान हटा रहता है. वे मोबाइल में मुंडी घुसाये अपना समय बिताते रहते हैं. मोबाइल न हो तो वे अपनी मुंडी घुसाने के लिये किसी और उचित कारण के अभाव में बेकाबू हो सकते हैं. किसी भी देशभक्त कथावाचक की दिली तमन्ना की तरह बस यही बताना बचा है मेरे लिये कि दुनिया में यह तकनीक भले ही कुछ सालों पहले आई हो लेकिन अपने भारतवर्ष में महाभारतकाल के लोगों को मोबाइल तकनीक की जानकारी थी. महाभारत की मारकाट के बाद पांडव जब स्वर्ग की तरफ़ गये थे तो साथ में अपना कुत्ता भी ले गये थे. वास्तव में वह कुत्ता पांडवों का वोडाफ़ोन मोबाइल था. पांच भाइयों की साझे की पत्नी की तरह उनके पास साझे का मोबाइल था. जब देवदूत युधिष्ठर को अकेले स्वर्ग ले जाने की कोशिश करने लगे तो उन्होंने बिना कुत्ते के स्वर्ग जाने से मना कर दिया. अड़ गये. बोले-" ऐसा स्वर्ग हमारे किस काम का जहां मेरा मोबाइल मेरे पास न हो." अंत में देवदूत युधिष्ठर को उनके मोबाइल समेत स्वर्ग ले गया. महाभारत काल में सहज उपलब्ध मोबाइल तकनीक को हजारों साल चुपचाप छिपाये धरे रहे और इंतजार करते रहे कि जैसे ही कोई विदेशी इसको चुराकर मोबाइल बनायेगा हम फ़टाक से महाभारत कथा सुनाकर बता देंगे कि जो तुम आज बना रहे हो वो तो हम हज्जारों साल पहले बरत चुके हैं. महाभारत काल में सबसे पहले प्रयोग किये मोबाइल का हजारों साल बाद फ़िर से चलन में आना देखकर यही कहने का मन करता है-" जैसे मोबाइल के दिन बहुरे, वैसे सबके बहुरें."

# बायोस्कोप

*38 साल की उम्र में तमाम चर्चाओं-विवादों के बीच आखिरकार सोनाक्षी सिन्हा अपने लंबे समय से बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंध ही गई. अब फैंस की निगाहें उन बॉलीवुड सेलेब्स पर टिकी हैं जो 40 के पार तो कुछ 50 की उम्र के पार हो चुके हैं, लेकिन अभी भी उन्होंने शादी नहीं की है. पीटीएम यानी पैरेंट टीचर मीटिंग अटैंड करने की उम्र में वे डेटिंग में उलझे हैं. कुछ की उम्र तो नाती-पोतों को गोद में खिलाने की हो गई है. आइए, आज चर्चा ऐसे ही सेलेब्स की...*

## पीटीएम की उम्र में ढूंढ रहे डेटिंग स्पॉट

# कब शादी करोगे?



### सलमान खान

ऐश्वर्या राय, कैटरीना, माधुरी से सोनाक्षी तक बॉलीवुड दबंग यानी सलमान खान के अफेयर तो कई रहे, लेकिन 58 साल की उम्र तक कुआंरे हैं. उन्होंने शादी क्यों नहीं की है, इसके पीछे की वजह तो केवल सलमान ही जानते हैं, लेकिन अक्सर सलमान की शादी को लेकर चर्चा होती रहती है, कभी किसी शो में तो कभी किसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान उनकी शादी को लेकर बातचीत होती है.

### सुष्मिता सेन



सुष्मिता सेन फिल्मों के लिए जितनी चर्चित नहीं रहती, उससे अधिक अपनी लवलाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं. कुछ समय भारत के भगौड़े ललित मोदी के साथ उनकी बेहद प्राइवेट तस्वीरों ने बवाल मचाया था. इससे कुछ ही समय पहले लंबे समय से उनके बॉयफ्रेंड रहे रोहमन शॉल संग ब्रेकअप की खबरें चर्चा में थीं. उनका नाम डायरेक्टर विक्रम भट्ट, होटल बिजनेसमैन संजय नांरग, बिजनेसमैन इम्तियाज खत्री, पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम, रणदीप हुड्डा, अनिल अंबानी, डायरेक्टर मुदस्सर अजीज, बिजनेसमैन ऋतिक भसीन आदि कई के साथ जुड़ चुका है. हर अफेयर के दिलचस्प किस्से मीडिया में आते रहे पर शादी की मंजिल कोई नहीं पा सका.



### तुषार कपूर

बॉलीवुड सुपरस्टार जितेंद्र के लाडले बेटे तुषार कपूर 47 की उम्र में एक बेटे के कुआंरे बाप हैं. तुषार जून 2016 में सरोगेसी के जरिए एक बेटे के पिता बने थे. तुषार अपने बेटे लक्ष्य पर कितनी जान छिड़कते हैं, वो किसी से छिपा नहीं है. हालांकि, उनसे बार-बार ये सवाल जरूर होता है कि आखिर क्यों उन्होंने इस तरह शादी न करने व बिन ब्याह के पिता बनने का फैसला लिया? कई इंटरव्यू में तुषार ने बेहद बेबाकी से इसका जवाब दिया है. उन्होंने दो टूक कहा कि उन्हें शादी नहीं करनी है. कहा था 'अगर मेरा शादी का प्लान होता या जरा सा भी शक होता कि मैं सेटल होना चाहता हूं, तो मैं सिंगल पैरंट बनने के इस प्रॉसेस का हिस्सा ही नहीं बनता.

### अक्षय खन्ना



विनोद खन्ना के बेटे अक्षय खन्ना ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अभिनय कर अपनी पहचान तो बेशक बनाई लेकिन 49 साल की उम्र में आज भी कुवांरे हैं. अक्षय के लुक्स और डिंपल पर लड़कियां जान छिड़कती हैं. कई एक्ट्रेसेस के साथ उनका नाम भी जुड़ा जिसमें करिश्मा कपूर भी शामिल हैं. यह संबंध इतना आगे बढ़ गया था कि फैंस करिश्मा के संग उनकी शादी की तारीख का इंतजार कर रहे थे. लेकिन बात बिगड़ गई. फिर कुछ ऐसा हुआ कि अक्षय खन्ना ने कभी भी शादी न करने की 'कसम' खाई और कहा कि वह कभी शादी नहीं करेंगे. एक बार इंटरव्यू में उन्होंने खुद कहा था कि वह कभी शादी नहीं करेंगे. उन्हें कमिटमेंट से डर लगता है और वह अपनी जिंदगी अकेले जीना चाहते हैं.



### उदय चोपड़ा

बॉलीवुड की कई फिल्मों में अभिनय कर चुके एक्टर उदय चोपड़ा भी 50 की उम्र पार कर चुके हैं पर अब तक कुवांरे हैं. फिलहाल उनका शादी का कोई प्लान नहीं है. उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था. पांच साल बाद 2017 में इनके रास्ते अलग हो गए. इस साल की शुरुआत में 7 साल बाद नर्गिस पाखरी के साथ जब फोटो सामने आई तो कई चर्चे भी हुए. फोटो दुबई में इनकी साथ में न्यू ईयर पार्टी की है. बता दें कि काजोल की बहन तनीषा के साथ भी उदय चोपड़ा का अफेयर करीब दो साल तक चला. लेकिन बाद में उनका ब्रेकअप हो गया था.

### एकता कपूर



अभिनेता जीतेन्द्र की बेटी और तुषार कपूर की बड़ी बहन एकता टेलीविजन की दुनिया में टीवी क्वीन के रूप में पहचान बनाई है. पचास साल के करीब की एकता आज भी कुंवारी हैं. 2019 में सरोगेसी के जरिए बेटे रवि कपूर की मां बनी थीं. अक्सर इंटरव्यू में उनसे शादी को लेकर सवाल पूछा जाता है तो एक बार उन्होंने सलमान खान का हवाला दे कर मुस्कुराते हुए कहा था कि जब सलमान शादी कर लेंगे, उसके दो या तीन साल बाद वह भी शादी कर लेंगी. इस बात का जिक्र भी जरूरी है कि जब-जब एकता की शादी का जिक्र होता है तो उनके पापा की एक शर्त जरूर बताई जाती है. माना तो यह भी जाता है कि इसी शर्त की वजह से एकता कपूर आज तक अविवाहित हैं. इस बात का जिक्र भी एकता कपूर ने एक इंटरव्यू में किया था. एकता ने बताया था, "पापा ने कहा था कि या तो तुम शादी कर लो या काम. बस मैंने काम को चुन लिया. मैंने अपने कई दोस्तों की शादी और तलाक देखे हैं. शायद यही वजह है कि मैं अब तक इंतजार कर रही हूं."



### तब्बू

बॉलीवुड में अपनी संवेदनशील और प्रभावी अदाकारी से अपना मुकाम बनाने वाली तब्ब 53 साल की उम्र में भी कुवांरी हैं. तब्बू का नाम कई लोगों के साथ जुड़ा पर सबसे अधिक चर्चा उस संबंध की रही जो करीब 15 साल तक रहा. जी हां तब्बू 15 साल तक साउथ के स्टार नागार्जुन के संग रिश्ते में रही. उस दौर में उनके प्यार के किस्से खूब चर्चा में थे. प्यार की गहराई का आलम यह था कि तब्बू मुंबई छोड़ कर हैदराबाद में नागार्जुन के साथ रहने लगी. नागार्जुन पहले से शादीशुदा और बाल बच्चेदार थे. जब तब्बू ने उन पर शादी का दवाब बनाया तो नागार्जुन ने साफ इंकार कर दिया. कहा जाता है कि इसके बाद ही तब्बू ने ताउम्र अकेले रहने का फैसला लिया.

हस्ताक्षर



**विनोद अनुपम**
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

# बाघों की विस्मयकारी दुनिया से जोड़ता नल्लामुथु का सिनेमा

**'वी शांताराम लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड' से सम्मानित और डॉक्यूमेंट्री के लिए दुनिया भर में चर्चित फिल्मकार सुब्बैया नल्लामुथु की पहली फीचर फिल्म बाघों की विस्मयकारी यात्रा पर केन्द्रित एक इको-थ्रिलर है. इस फिल्म में जंगल में एक दशक से अधिक अवधि में कैद किए गए बाघों के वास्तविक फुटेज को एक कहानी में पिरोया जाएगा. इसका उद्देश्य वन्यजीवों पर आधारित कंटेंट के प्रति अपने अनूठे दृष्टिकोण, प्रेरक गीतों और एक्शन साथ भारतीय और वैश्विक स्तर के दर्शकों को लुभाना है.**

कल्पना कीजिए एक ऐसी फीचर फिल्म जिसका नायक बाघ हो, एनीमेटेड नहीं, जीता जागता बाघ. अपनी डाक्यूमेंट्री के लिए दुनिया भर में चर्चित सुबैय्या नल्लामुथु की पहली फीचर फिल्म बाघों की विस्मयकारी यात्रा पर केन्द्रित एक इको-थ्रिलर है. नल्लामुथु कहते हैं, यह रचनात्मक फिल्म जंगल में एक दशक से अधिक अवधि में कैद किए गए बाघों के वास्तविक फुटेज को एक कहानी में पिरोयेगी, जो हिंदी सिनेमा के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होगा. इस फिल्म का उद्देश्य वन्यजीवों पर आधारित कंटेंट के प्रति अपने अनूठे दृष्टिकोण, प्रेरक गीतों और एक्शन साथ भारतीय और वैश्विक स्तर के दर्शकों को लुभाना है. उल्लेखनीय है कि नल्लामुथु के इस अभिनव प्रयोग में गुलजार, शांतनु मोइत्रा और दर्शन कुमार जैसे फिल्म उद्योग के दिग्गज शामिल हैं.



## बाघों के प्रति समर्पित



वास्तव में सुब्बैया नल्लामुथु ने 9 वर्ष एक बाघ के पीछे व्यतीत कर दिए. 'एलीफेंट व्हीसपर्रस' को आस्कर मिलने के बाद निर्देशक कार्तिकी गोंसाल्विस ने कहा था, उन्हें हाथियों की इस कहानी को शूट करने में 5 वर्ष लगे, यदि पंद्रह लगते तब भी वे उन्हें देंती. वास्तव में वाइल्ड लाइफ पर बनी फिल्में देखना जितना सहज लगता है, उसे तैयार करना उतना ही कठिन होता है. जानवरों को आप किसी भी तरह नियंत्रित नहीं कर सकते, न ही निर्देशित कर सकते. फिर भी उनकी ऐसी कहानी दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती जहां वे थोडी संवेदना और ढेर सारा प्यार महसूस कर सकें. वर्षों वर्ष तक किसी जंगली जानवर की गतिविधियों को हर पल रिकार्ड करते जाना कि क्या पता सेकेंड के किस हिस्से में कोई विलक्ष्ण भाव दिख जाए, वाकई असीम धैर्य और जिद की मांग रखता है. ऐसे में बाघों के प्रति अपनी पूरी मेधा को समर्पित कर देने वाले फिल्मकार सुब्बैया नल्लामुथु को मुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के अवसर पर 'वी शांताराम लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाना संतोष देता है. इस अवार्ड की चर्चा हालांकि थोड़ी कम होती है, लेकिन डाक्यूमेंट्री के क्षेत्र में इसका महत्व 'दादा साहब फाल्के सम्मान' के बराबर ही माना जाता है.




नल्लामुथु की विशेषता है कि अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता से उन्होंने अपने वृतचित्रों को कठोर यथार्थ से परे कोमल कहानियों में बदल दिया. वे कहते भी हैं, बाघों में मनुष्य के समान ही तमाम संवेदनाएं होती हैं, जाहिर है जब मनुष्य की कहानियां कही जा सकती हैं तो उसी संवेदना से बाघों की क्यों नहीं. बाघों पर तो उन्होंने 5 वृतचित्र बनाए, जिसमें से अधिकांश राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हुई. इसमें सबसे महत्वपूर्ण 'द वर्ल्ड मोस्ट फेमस टाइगर' मानी जाती है, जो रणथंबौर नेशनल पार्क की बाघिन मछली पर बनी है. 2007 से इन्होंने मछली को शूट करना शुरू किया और उसकी मृत्यु 2016 तक वे लगातार 9 वर्षों तक उसकी गतिविधियों को शूट करते रहे. इस फिल्म का जब उन्होंने पोस्ट प्रोडक्शन आरंभ किया तो उनके पास एक कैमरे से शूट किए 250 घंटे से अधिक के फुटेज थे, जिससे लगभग 45 मिनट की फिल्म तैयार की गई. इस फिल्म में एक बाघ का जीवन मात्र नहीं है, इसमें उसके दोस्त, उसके दुश्मन, उसके परिवार, उसके बच्चे, उसकी संवेदना सब कुछ पूरी संवेदनशीलता से दिखता. किस तरह एक मजबूत बाघिन अंतिम दिनों में लाचार हो जाती, नल्लामुथु बाघिन को जानवर समझने ही नहीं देते. वे अहसास कराते हैं, बाघ भी हमारी तरह जीव है.

## लाखों लोगों ने देखा टाइगर एंथम

नल्लामुथु को चार नेशनल अवार्ड और कई अंतराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है. लगभग 40 वर्षों से डाक्यूमेंट्री निर्माण में निरंतर कार्य कर रहे नल्लामुथु ने पुणे के प्रतिष्ठित फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान से फिल्म निर्माण की बारीकियों को सीखा. उसके बाद हाई स्पीड कैमरा पर अपना हाथ आजमाना आरंभ किया और उसमें विशेषज्ञता हासिल की. उन्होंने डॉक्क्यूमेंट्री निर्माण के साथ इस विधा को लोकप्रिय बनाने की कोशिश की. उनके बनाए 'टाइगर एंथम' को लाखों लोगों ने देखा और टाइगर परियोजना के प्रति जनता में रुझान पैदा हुआ. वास्तव में हम जब सिनेमा की बात करते हैं, तो याद रखना चाहिए एक सिनेमा नल्लामुथु जैसे संवेदनशील प्रतिभाशाली फिल्मकारों का भी है, जिससे जुड़ना अपने वृहत्तर जीव जगत से जुड़ना है.

## जानिए वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के बारे में



वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 1990 में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा महान फिल्म निर्माता वी. शांताराम की स्मृति में स्थापित एक प्रतिष्ठित सम्मान है. यह मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में उन फिल्म निर्माताओं को प्रदान किया जाता है जिन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्मों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. प्रथम वी शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 1990 में एजरा मीर को मिला था. इनके अलावा माइक पांडे, आनंद पटवर्धन, नरेश बेदी और श्याम बेनेगल जैसे प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता को यह पुरस्कार मिल चुका है. इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है.

### 'बिग बॉस ओटीटी-3'


# कंटेस्टेंट्स की रैंकिंग में कौन किस जगह

'बिग बॉस ओटीटी-3' का एक हफ्ता पूरा हो गया है. पहले हफ्ते बिग बॉस और बिग बॉस के घर के बाहर अरमान मलिक, पायल मलिक और कृतिका मलिक चर्चा का विषय बने रहे. एक तरफ, बिग बॉस के सदस्य अरमान की कहानी जानने में लगे रहे. दूसरी तरफ, दर्शक अरमान की बात सुनने के बाद अपनी राय देने में लगे रहे. इसी बीच, बिग बॉस के सदस्यों की टॉप-10 की लिस्ट सामने आई है.

**टॉप-10 में पायल को मिली जगह**

बिग बॉस की खबरें देने वाले पेज 'द खबरी' ने ये लिस्ट जारी करते हुए लिखा, 'वोट्स के आधार पर बिग बॉस के कंटेस्टेंट्स को ये रैंक दी गई है.' इस लिस्ट में अरमान 11वें नंबर पर हैं. वहीं पायल 9वें और कृतिका 10वें स्थान पर हैं.

**टॉप-10 में शामिल हुए ये सदस्य**



इस लिस्ट में कृतिका 10वें, पायल 9वें, सना सुल्तान 8वें, लव कटारिया 7वें, शिवानी कुमारी 6वें, विशाल पांडे 5वें, रणवीर शौरी चौथे, साई केतन राव तीसरे, नैजी दूसरे और सना मकबूल पहले स्थान पर हैं.

**चंद्रिका दीक्षित को मिला 12वां स्थान**




वहीं 11वें स्थान पर अरमान, 12वें पर चंद्रिका दीक्षित उर्फ वड़ा पाव गर्ल, 13वें पर पौलोमी दास, 14वें पर दीपक चौरसिया और 15वें पर मुनीषा खटवानी हैं.

### अर्जुन के बर्थडे में शरीक नहीं हुई मलाइका

# अर्जुन-मलाइका की राहें जुदा

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. इन दिनों अर्जुन कपूर के साथ उनके ब्रेकअप की खबरें चर्चा में हैं. हाल ही अर्जुन कपूर के बर्थडे पार्टी में उनकी गैरमौजूदगी से ब्रेकअप की खबरों को हवा मिली. सोशल मीडिया पर जब फैंस ने मलाइका के बधाई संदेश को खंगाला तो वहां भी चुप्पी ही हाथ लगी. जाहिर है कि इस चुप्पी के मायने भी खूब निकाले गए. अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया है.





मलाइका अरोड़ा ने आज शुक्रवार, 28 मई को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नोट साझा करते हुए लिखा, 'हमेशा आगे देखने के लिए कुछ होता है. कुछ के लिए आभारी होना चाहिए, कुछ पर गर्व करना चाहिए, कुछ को थामे रखना चाहिए, कुछ पर विश्वास करना चाहिए, कुछ से प्यार करना चाहिए, कुछ के लिए जीना चाहिए. जीवन में बहुत कुछ है.' उनका ये नोट अर्जुन कपूर के जन्मदिन के बाद सामने आया है. अर्जुन के जन्मदिन पर भी मलाइका ने एक क्रिप्टिक नोट साझा किया था, जिसे फैंस ने अभिनेता के साथ जोड़ा था. मलाइका ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा था, 'मुझे ऐसे लोग पसंद हैं, जिन पर मैं आंखें बंद करके और पीठ पीछे भी भरोसा कर सकूं.'

बता दें कि अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की अफवाहें इस साल की शुरुआत में तब सुर्खियों में आईं, जब एक सूत्र ने मीडिया को बताया था कि उनका रिश्ता अब अपने रास्ते पर चल पड़ा है. उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में एक सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखेंगे. गौरतलब है कि मलाइका और अर्जुन ने 2019 में अपने रिलेशनशिप को सार्वजनिक किया था. दोनों सोशल मीडिया पर अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते हुए नजर आते थे. हालांकि, अब बीते कई दिनों से दोनों के अलग होने की खबर सामने आ रही हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

## टी20 विश्व कप का फाइनल आज

# किसके सिर पर सजेगा ताज...

भाषा। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी. अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा. दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है. टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था. भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है. दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी (उस समय इसका नाम आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी था) में हुई थी. टीम 'चोकर्स' के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे. आईपीएल खिताब को अपनी अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा.

गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी. भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है. टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है. विश्व कप खिताब जीत चुके एक कप्तान ने गयाना से बारबडोस की उड़ान के दौरान विमान में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं जानता हूं कि आईसीसी फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा. भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और 'मैन ऑफ द टू...मैन' के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका कमजोर टीम नजर आ रही है. भारत की खिताबी जीत कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी एक आदर्श विदाई होगी, जिन्होंने 2007 के कैरेबियाई देशों में खेले गये वनडे विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी. इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था. एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी. भारत 10 साल में पहली बार आईसीसी टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है और इसका श्रेय वेस्टइंडीज की परिस्थितियों में टीम के शानदार सामंजस्य बिठाने के साथ प्रबंधन की स्पष्ट सोच को भी जाता है. उन्होंने कैरेबियन में स्पिन के अनुकूल पिचों पर अपने तुरुप के इक्के कुलदीप यादव को टीम में लाने से पहले न्यूयॉर्क में तेज गेंदबाजों की मददगार पिचों पर तीन विशेषज्ञ पेसरों का उपयोग किया.

भारत निश्चित रूप से पिछले मैच के अंतिम एकादश पर कायम रहेगा, लेकिन टीम को कम से कम दो खिलाड़ियों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी. दिग्गज विराट कोहली अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. आईपीएल के शानदार सत्र के बाद टीम को उनसे काफी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन वे अब तक इस पर खरे नहीं उतरे। असमान उछाल वाली पिचों बड़ा शॉट लगाना चुनौतीपूर्ण रहा है. भारत के इस पूर्व कप्तान ने आक्रामक रवैया अपनाने की पूरी कोशिश की लेकिन वह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पाए हैं. उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि उनका पुरजोर समर्थन करते हुए कहा, वह इसे (बड़ी पारी) फाइनल के लिए बचा रहे हैं. टी20 अंतरराष्ट्रीय में हो सकता है कि यह कोहली और रोहित का आखिरी मैच हो. कोहली के उलट रोहित ने टूर्नामेंट में बेखौफ और धाराप्रवाह बल्लेबाजी की है. टीम को उनसे फाइनल में एक और आतिशी शुरुआत की उम्मीद होगी. भारतीय कप्तान को दबाव वाले मैच में शिवम दुबे से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी.

■ अजेय टीमों के बीच फाइनल में करिश्माई भारत के सामने दमदार दक्षिण अफ्रीका की चुनौती

■ क्या टीम इंडिया पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म कर पाएगी



मैच का समय : रात आठ बजे से

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज.

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स.

## दक्षिण अफ्रीका की टीम को फाइनल के लिए अभ्यास का एक दिन ज्यादा मिला

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल से पहले एक अतिरिक्त दिन मिला है. भारत के विपरीत, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि वे पहले कभी विश्व कप फाइनल का हिस्सा नहीं रहे हैं. त्रिनिदाद में अफगानिस्तान पर शानदार जीत के बाद, प्रोटियाज की टीम खिताबी जीत के स्वाद को चखने के लिए आतुर होगी. उन्हें क्विंटन डिकॉक और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी से रनों की उम्मीद होगी, खासकर दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज से जो लय में होने पर विपक्षी टीम पर दबाव बना सकते हैं. कप्तान एडेन मार्कराम सुपर आठ में बड़ी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन फाइनल में टीम के लिए सब कुछ झोंकने को तैयार होंगे. इस प्रारूप के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल हेनरिच क्लासेन को भी रनों की जरूरत है और इसके लिए उन्हें बीच के ओवरों में स्पिन के खतरे से निपटना होगा. दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी विभाग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है लेकिन यह देखना बाकी है कि यहां दिन के मैच में वे कितने प्रभावी होते है. शम्सी और महाराज स्पिन विभाग में प्रभावी रहे हैं लेकिन भारतीय बल्लेबाज उनसे निपटने का तरीका जानते हैं. शनिवार को बारिश की अधिक संभावना है लेकिन आईसीसी ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए एक रिजर्व दिन रखा है.


## भारत को चैंपियन बना सकते हैं ये चार स्टार

### 1. कुलदीप यादव



भारतीय टीम के जादुई स्पिनर कुलदीप यादव को वेस्टइंडीज लेग में प्लेइंग 11 में शामिल किया गया था. जब से अब तक खेले गए सिर्फ 4 मैचों में कुलदीप ने 10 विकेट लिए हैं. वहीं सेमीफाइनल में उन्होंने 3 विकेट इंग्लैंड के खिलाफ लिए थे. यादव अफ्रीका के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं.

### 2. सूर्यकुमार यादव



विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए कुछ अहम पारियां खेली हैं. उन्होंने इस वर्ल्ड कप में 7 मैचों में 196 रन ठोके हैं. वह अफ्रीका के खिलाफ बड़ी पारी खेल सकते हैं.

### 3. अक्षर पटेल



भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल इस वक्त बल्ले और गेंद दोनों से छाए हुए हैं. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट लेकर तहलका मचा दिया था. साथ ही जब वह अंत में बल्लेबाजी करने आए थे तो उन्होंने एक छक्का भी लगाया था. उनको अपने इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया. अक्षर साउथ अफ्रीका के लिए काल बन सकते हैं.

### 4. रोहित शर्मा



भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला इस पूरे वर्ल्ड कप में जमकर बोला है. वह टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. उन्होंने 7 मैचों में 248 रन ठोके हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 तो इंग्लैंड के खिलाफ रोहित ने 57 रन ठोके थे. फाइनल में वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा सकते हैं.

### गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने बाजियां ड्रॉ खेली

**बुखारेस्ट (रोमानिया) 6:** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनिया चची से ड्रॉ खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे. अमेरिका के फैबियानो कारुआना एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए.

### राजावत और मालविका क्वार्टर फाइनल में

**फोर्ट वर्थ (अमेरिका)।** भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही. उन्होंने टेरेजा स्वाबिकोवा को हराया.

## मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करना रणनीतिक चूक : बटलर

भाषा। जॉर्जटाउन (गयाना)



इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत ने उन्हें चारों खाने चित्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और स्वीकार किया कि यहां की टर्न लेती पिच पर मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक थी. भारतीय स्पिनरों अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे भारत ने 172 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे गत चैंपियन इंग्लैंड को 16.4 ओवर में 103 रन पर आउट करके 68 रन से जीत दर्ज की. बटलर ने कहा, यह बेहद निराशाजनक है. भारत ने मैच में हमें चारों खाने चित्त किया. वह जीत के पूरे हकदार थे. उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया. मुझे उम्मीद थी कि हम उन्हें 145-150 रन पर रोक देंगे. इससे अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल था. इंग्लैंड के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन उन्होंने स्पिनरों की अनुकूल पिच पर आदिल रशीद और लियाम लिविंगस्टोन पर भरोसा जताया और मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाई. बटलर से पूछा गया कि क्या उनकी रणनीति नाकाम रही या उस पर अमल नहीं किया गया. उन्होंने कहा, थोड़ा बहुत दोनों ही. मेरा मानना है कि उन्होंने अच्छा खेल दिखाया. पावर प्ले में भाग्य ने भी हमारा साथ नहीं दिया. तब कुछ करीबी फैसले हमारे पक्ष में नहीं गए. मुझे मोईन अली से गेंदबाजी करवानी चाहिए थी. इस तरह से इधर-उधर हमने कुछ गलतियां की. विकेट से बहुत अधिक टर्न मिल रहा था और गेंद नीचे भी रह रही थी. रोहित ने परिस्थितियों को अच्छी तरह से भांपते हुए करीबी क्षेत्ररक्षण लगाया था. बटलर ने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई जानता था कि यह विकेट कैसा होगा. इसमें उछाल कम थी और हां भारत ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने हमारी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले फाइनल के बारे में बटलर ने कहा, चोटी की दो टीम फाइनल में पहुंची है और यह करीबी मुकाबला होगा. दोनों टीम वास्तव में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और यह मुकाबला रोमांचक होगा.

### द्रविड़ और रोहित ने कोहली का समर्थन किया, कहा- फाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे

## 'हम फाइनल में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे'

पॉजिटिव क्रिकेट खेलेंगे

भाषा। जॉर्जटाउन (गयाना)



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा. टी20 विश्व कप से पहले आईपीएल में सर्वाधिक 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं. द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा, आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले. इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने वास्तव में अच्छा छक्का जड़ा लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और गेंद को थोड़ा ज्यादा मूवमेंट मिल गया, लेकिन जिस तरह से वह खेलते हैं, वह मुझे पसंद है.

द्रविड़ ने कहा, मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे. मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है. कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने सफल रहेंगे. रोहित ने कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है. कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है. हम समझते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते हैं. फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही क्योंकि जब आप 15 साल से क्रिकेट खेलते रहे हों तो फॉर्म समस्या नहीं बनती. वह शानदार लय में दिख रहे हैं. उनके इरादे स्पष्ट हैं. संभवतः उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा है.

टूर्नामेंट में अभी तक तीन अर्धशतक की मदद से 248 रन बनाने वाले रोहित भारत के पहले ऐसे कप्तान हैं जिनकी अगुवाई में टीम 12 महीने के अंदर तीसरी बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगी. भारत ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी.

द्रविड़ ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं उनके बारे में जो कुछ भी कहूंगा वह कम होगा. जिस तरह से उन्होंने टीम के साथ काम किया, उनकी रणनीति, उनकी परिपक्वता और टीम के प्रति उनका रवैया के बारे में जितना भी कहा जाए कम होगा. व्यक्तिगत प्रदर्शन महत्वपूर्ण होता है लेकिन रोहित ने कहा कि सामूहिक प्रयास से मैच जीतना संतोषप्रद रहा. मुझे लगता है कि हमने परिस्थितियों से अच्छी तरह तालल बिठाया.

**कोपा अमेरिका**

### डार्विन नुनेज ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया

## उरुग्वे की टीम ने बोलिविया को 5-0 से हराया

एजेंसी। ईस्ट रदरफोर्ड



डार्विन नुनेज ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए. फैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया. मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया और फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई. उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रॉ कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा.

### वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया



**अटलांटा।** टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है. जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजयी गोल किया. इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया. अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने के कारण रेड कार्ड देकर मैदान से बाहर भेज दिया था.

### नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

## डीपी मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

भाषा। पंचकुला (हरियाणा)



भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है, क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है. एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था. इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है. वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे, लेकिन बाद में जारी की गयी सूची से उनका नाम हटा दिया गया. एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं. ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है. कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए. इसके अलावा कोई विवरण (किस तरह के संभावित उल्लंघन पर) नहीं दिया गया है. मुझे लगता है कि एथलीट (डीपी मनु) खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है. मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### परीक्षा में फटा प्रश्नपत्र देखकर भड़के अभ्यर्थी

**मुजफ्फरपुर ।** बीपीएससी द्वारा शुक्रवार को आयोजित हेडमास्टर पद के लिए लिखित परीक्षा को लेकर मुजफ्फरपुर के एक परीक्षा केंद्र पर जमकर हंगामा हुआ. आपको बता दें कि मुजफ्फरपुर के खबरा स्थित रिजोनेंस इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया. हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों का आरोप है कि प्रश्न पत्र जो दिया गया. वह फटा हुआ था. ऐसे में परीक्षार्थियों को आशंका थी कि प्रश्न पत्र पहले से लीक है. इस हंगामे की वजह से कई घंटे तक परीक्षा शुरू नहीं हो सकी.

### सड़क हादसे में चालक समेत तीन घायल

**बांका ।** जिले के अमरपुर-बांका मुख्य पथ पर मौजाहिदपुर गांव के समीप शुक्रवार सुबह हाइवा और ट्रक की आमने-सामने के टक्कर में एक ट्रक के चालक समेत तीन लोग जख्मी हो गए. मिली जानकारी के अनुसार बांका जिला के रजौन थाना क्षेत्र अन्तर्गत भदरार गांव निवासी सनोज दास अमरपुर से ट्रक लेकर खलासी अमरपुर के धन्नीचक गांव निवासी राजू यादव के साथ ककवारा जा रहा था. इस बीच बस स्टैंड के समीप छपरा के मुरलीमठ निवासी मिथिलेश गिरी इंगलिश मोड़ जाने के लिए ट्रक पर सवार हो गया. मौजाहिदपुर गांव के समीप सामने से आ रहे छर्री लदी ट्रक अनियंत्रित होकर ककवारा जा रही ट्रक में धक्का मार दिया.

### विकास को ले वार्ड पार्षदों ने किया हंगामा

**नवादा ।** नवादा नगर परिषद में शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी वार्ड पार्षदों ने एकजुट होकर चेयरमैन पिंकी कुमारी तथा वाइस चेयरमैन कंचन विश्वकर्मा के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए लाए गए योजनाओं को खारिज कर दिया, जिससे विकास कार्य बाधित हो गया है. वार्ड पार्षदों ने चेयरमैन पर नवादा नगर परिषद के विकास में बाधा डालने तथा मनमानी करने का आरोप लगाया है. चेयरमैन पिंकी कुमारी का कहना है कि भ्रष्ट नीतियों के तहत काम करने के लिए उन पर दवाब डाला जा रहा है. जिससे मैं किसी भी कीमत पर नहीं करूंगी.

## कोसी-सीमांचल क्षेत्र की नदियों में आई उफान, जलस्तर तेजी से बढ़ता गया

# सीमांचल में किसान व बच्चों सहित कइयों की डूबने से गयी जान

**संवाददाता । पटना**

नेपाल में हो रही भारी बारिश की वजह से बिहार के कोसी-सीमांचल क्षेत्र की नदियों में भी उफान है. नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है. इन दिनों अररिया जिले में भी पोखर-नहर व गड्ढे तक लबालब भरे हुए हैं. इस दौरान अपनी लापरवाही भी लोगों को महंगी पड़ रही है और इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है.

अररिया के सिकटी प्रखंड के दहगामा पंचायत वार्ड 10 निवासी हीरो मांझी के नौ वर्षीय पुत्र शिवम कुमार मांझी की पानी में डूबने से मौत हो गयी. घटना की सूचना पर बीडीओ परवेज आलम, सीओ मनीष कुमार चौधरी व सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद सदलबल घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली. पानी में डूबे शिवम की खोज जारी है. कई घंटे के बाद भी मासूम शिवम का शव नहीं मिला सका था. अधिकारियों की निगरानी में एसडीआरएफ की टीम भी शव की खोज कर रही थी. वहीं, नरपतगंज नगर पंचायत वार्ड संख्या 12 मधुरा स्थित खरहा धार में नहाने के क्रम में 10 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गयी. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. बताया जा रहा है कि छात्र के डूबने के बाद करीब दो घंटे की काफी मशक्कत के बाद



फाइल फोटो

परिजन व ग्रामीणों द्वारा खोजबीन के दौरान छात्र के शव को बरामद किया. जानकारी अनुसार मृतक छात्र 10 वर्षीय पिठौरा निवासी मो मुर्शीद का बेटा मो शानू बताया जा रहा है.

अररिया के सिमराहा थाना क्षेत्र के तिरसकुंड पंचायत के नया नगर निवासी 65 वर्षीय राजो दास की मौत पानी में डूबने से हो गयी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजू दास अपना खेत देखने के लिए पनार नदी के उस पार जा रहे थे. इसी दौरान उनका पांव फिसल गया और वो गहरे पानी में चले गए जिसके कारण डूबने से उनकी मौत हो गयी. डूबने की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने केला के थम पर सवार होकर पानी में खोजबीन शुरू कर दी. काफी खोजबीन के बाद मृत अवस्था में उनके शरीर को पानी से निकाला गया.

### गंगा स्नान करने के दौरान डूबा युवक

**भागलपुर ।** मायागंज स्थित मुसहरी घाट में शुक्रवार को गंगा स्नान करने गए पसराहा निवासी सुबोध कुमार गहरे पानी में डूबे गए. डूबे युवक की खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चल पाया है. घटना के बाबत सुबोध के दोस्त राजेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह सुबोध अपने कुछ दोस्तों के साथ मुसहरी घाट गंगा स्नान करने के लिए गया हुआ था. इसी दौरान सुबोध गंगा में तैर रहा था. राजेश ने बताया कि जब सुबोध डूब रहा था तो हम लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक सुबोध डूब चुका था.

**किशोरी का शव 26 घंटे बाद बरामद :** पूर्णिया जिले के जलालगढ़ में स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ के संयुक्त प्रयास से दोहबा घाट में डूबी किशोरी का शव 26 घंटे बाद बरामद किया गया. बताया गया कि बुधवार को जलालगढ़ थानाक्षेत्र के एकम्बा पंचायत वार्ड संख्या 5 धुनिया टोल निवासी मो जहागीर की 14 वर्षीय पुत्री तबसुम खातून अपनी कुछ सहेलियों के साथ दोहबा घाट पर गयी थी. इसी क्रम में डूब गयी. गुरुवार को एसडीआरएफ टीम ने लगातार की खोजबीन के बाद दोहबा घाट के पुल के नीचे से शव को बाहर निकाला गया.

### सीएम दिल्ली रवाना राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

**पटना/नयी दिल्ली ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से एक दिन पहले शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गये. नीतीश कुमार 29 जून को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार शुक्रवार शाम को दिल्ली में अपने आधिकारिक आवास पर जदयू के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे. दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के सभी सांसद, केंद्रीय मंत्री और जदयू के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा रामनाथ ठाकुर एवं बिहार और अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे.

## मास्टरमाइंड संजीव मुखिया ने ही कराया था सिपाही भर्ती का पेपर लीक

# सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता । पटना**

बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में पता चला कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का मास्टरमाइंड भी नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव मुखिया उर्फ लूटन की है. एक अक्टूबर, 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुआ था. दो दिन पहले ईओयू को इस केस में बड़ी लीड मिली थी. इसके बाद टीम ने छापेमारी कर पश्चिम बंगाल के तीन लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया.

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना निवासी कौशिक कुमार कर, संजय दास, कोलकाता निवासी सुमन विश्वास और उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी सौरभ बंधोपाध्याय शामिल हैं. इससे पहले, 5 जून को, ईओयू ने बिहार के सभी निवासियों और अंतरराज्यीय संजीव मुखिया गिरोह के कथित सदस्यों अश्विनी रंजन, विक्की कुमार और अनिकेत को गिरफ्तार किया था, जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं.

**यूपीपीएससी और एपीपीएससी के प्रश्न पत्र लीक में शामिल था कौशिक :** ईओयू ने यह भी खुलासा कि पहले कथित तौर पर 2019 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) और 2022 में अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक मामलों में शामिल थे, जिससे उन्हें ब्लेसिंग सिक्योर्ड की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया गया. कौशिक और उसके सहयोगियों द्वारा प्रश्न पत्रों के परिवहन, भंडारण और सौंपने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रियाओं से गंभीर विचलन पर भी प्रकाश डाला गया. प्रश्नपत्रों को राज्य सरकार के पास भेजने के बजाय, कौशिक की संबद्ध कंपनियों ने उन्हें पटना में डीपी वर्ल्ड एक्सप्रेस लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाले गोदाम में भेज दिया, जहां वे अधिकारियों को सूचित किए बिना छह दिनों तक रहे. इस दौरान, संजीव मुखिया गिरोह के सदस्यों से कर द्वारा संपर्क किया गया था, और प्रश्नपत्र खोले गए थे और उम्मीदवारों को आगे वितरण के लिए गिरोह के सदस्यों के बीच वितरित किए गए थे, जिन्होंने अग्रिम ज्ञान के लिए पर्याप्त रकम का भुगतान किया था.

**सिपाही भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई थी :** ईओयू ने खुलासा कि एक अक्टूबर को परीक्षा के दौरान, कई उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य फर्जी तरीकों का उपयोग करके नकल करते हुए पकड़ा गया, जिसके कारण परीक्षा स्थगित कर दी गई. इसके बाद अनियमितताओं की शिकायतों के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई और 7 अक्टूबर और 15 अक्टूबर को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं.

बता दें कि बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 में 21,391 पदों पर वैकेंसी निकली थी. परीक्षा एक अक्टूबर को बिहार के 37 जिलों के 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे.

### प्रश्न पत्र लीक मामलों में 150 से अधिक लोग गिरफ्तार

नीट यूजी, बीपीएससी टीआरई 3 पेपर लीक मामले में मुखिया गिरोह के कई सदस्यों को बिहार पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है. ईओयू ने अब तक विभिन्न जिलों में कुल 74 एफआईआर दर्ज की हैं और विभिन्न प्रश्न पत्र लीक मामलों में 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है. ईओयू के एक बयान के अनुसार, कौशिक कुमार कर की कोलकाता स्थित फर्म, कैल्टेक्स मल्टीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड को बिहार कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र मुद्रित करने और आपूर्ति करने का ठेका दिया गया था. कैल्टेक्स मल्टीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड एक कमरे वाली शेल फर्म थी जिसमें कोई कर्मचारी नहीं था, और प्रश्न पत्रों की छपाई और आपूर्ति ब्लेसिंग सिक्योर्ड प्रेस प्राइवेट लिमिटेड को आउटसोर्स की गई थी. इसमें कौशिक कुमार कर की पत्नी निदेशक थीं.

# 10वीं के छात्र का पेड़ से लटका मिला शव, परिजनों को है हत्या की आशंका

**संवाददाता । गया**

गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के राज स्कूल के छात्रावास के पास शुक्रवार को 16 वर्षीय 10वीं कक्षा के एक छात्र का शव पेड़ पर बेल्ट से लटका मिला है. शव की सूचना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई. घटना की सूचना के बाद टिकारी थाना पुलिस बल मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन में जुटी है.

मृतक छात्र की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के कयियाटांड़ गांव के थाने वाले शत्रुघ्न दास के पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई है. छात्र के पिता शत्रुधन दास ने बताया कि वह टिकारी राज स्कूल के 10 वीं कक्षा में पढ़ता था. छावनी मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता था. गुरुवार को कोचिंग से पढ़ाई कर शाम 6 बजे घर लौटा था और फिर बाहर निकल गया. जिसके बाद देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन करने लगे. शुक्रवार को स्कूल के छात्रावास के समीप एक सूखे पेड़ पर बेल्ट के सहारे रौशन का शव लटका मिला. घटना से आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने गया–टिकारी मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया.



रोड जाम करते स्थानीय लोग.

## अपराधियों ने युवक को रेलवे ओवरब्रिज से नीचे फेंका, मौत

**पटना ।** अपराधियों ने एक युवक को रेलवे ओवरब्रिज से नीचे फेंक दिया. घायल युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई. घटना गुरुवार रात आठ बजे महारानी रेलवे ओवरब्रिज पर हुई. सूचना मिलने पर फतुहा पुलिस रेलवे ओवरब्रिज पहुंची. रेल ट्रैक के किनारे पड़े घायल युवक को फतुहा अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. मृतक युवक का नाम विजय चौधरी है. वह फतुहा के गोविंदपुर का निवासी था. पुलिस ने बताया कि देर रात तक इस घटना के खिलाफ किसी ने कोई आवेदन नहीं दिया है. फतुहा डीएसपी निखिल कुमार ने कहा कि इस मामले की पुलिस जांच कर रही है.

### घर में सोई महिला और उसके बच्चे की हत्या

**जमुई ।** घर में सोई महिला और उसके पांच वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी गई. घटना चकाई थाना क्षेत्र के परांची गांव की है. जहां गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे घर में सोई 24 वर्षीय महिला सुनीता देवी और उसके पांच वर्षीय बच्चे ऋतिक की हत्या कर दी गई. महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप दामाद महेश दास पर लगाया है. जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति व सास-ससुर को हिरासत में ले लिया.

## कारोबार

### अशोक लीलैंड ने की नयी साझेदारी

**नयी दिल्ली ।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लीलैंड लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने पूरे भारत में वाहनों के वित्तपोषण के लिए बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की है. अशोक लीलैंड ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने इसके लिए बजाज फिनसर्व के एक हिस्से बजाज फाइनेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. अशोक लेलैंड के सीएफओ के एम बालाजी ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी अशोक लेलैंड की बाजार स्थिति को मजबूत करेगी.

### एमक्योर का आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** बेन कैपिटल समर्थित एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने शुक्रवार को कहा कि उसका आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा. कंपनी ने बताया कि उसके 1,952 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कीमत का दायरा 960-1008 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. कंपनी ने कहा कि आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा और पांच जुलाई को बंद होगा. एंकर निवेशकों के लिए बोली दो जुलाई को खुलेगी. आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के ताजा शेयर जारी किए जाएंगे.

### ईएनजीआईई ने किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** सरकारी स्वामित्व वाली एनएचपीसी और ऊर्जा समाधान प्रदाता ईएनजीआईई ने शुक्रवार को 200 मेगावाट की दो सौर परियोजनाओं के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की. एनएचपीसी ने एक बयान में कहा कि उसने खावड़ा में गुजरात राज्य विद्युत निगम के नवीकरणीय ऊर्जा पार्क में 200 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना के लिए जीयूवीएनएल के साथ एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस परियोजना की अनुमानित वित्तीय लागत 846.66 करोड़ रुपये होंगी. परियोजना के 15 महीने में पूरा होने का अनुमान है.

## पांच वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान 21% रहेगी

- देश के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है. जो मौजूदा 459 बिलियन डॉलर से 1.66 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा

**भाषा । नयी दिल्ली**



फाइल फोटो

भारत सरकार की प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है. जब दस साल पहले मोदी सरकार ने इसकी शुरुआत की थी, तभी से यह चर्चा में रही. इसका वास्ता अर्थव्यवस्था और उसकी मजबूती से है. जिले लेकर एनडीए सरकार शुरू से ही गंभीर रही है और कदम उठाती रही है. जिसमें पीएलआई स्कीम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ इसके लिए आपूर्ति श्रृंखला केंद्र बनाने और मजबूत जीडीपी दर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना फायदेमंद साबित हो रहा है.

इन सब वजहों से भारत अगले दशक में वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा. पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के कारण देश ने अपनी मजबूत आर्थिक यात्रा शुरू की. दस सालों में सरकार का जोर लोकल उत्पादों के निर्माण, नए सेमीकंडक्टर संयंत्र, एआई, 5जी, स्टार्टअप, नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं को बढ़ावा देना या फिर श्रमिकों को कुशल बनाना और लाखों नई नौकरियां पैदा करने पर रहा.

ऐसे में पीएलआई योजना से प्रेरित होकर देश के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है. जो मौजूदा 459 बिलियन डॉलर से 1.66 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा. यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है. डीएसपी म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है, जो कम ढुलाई लागत और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण संभव होगा.

इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद के 33 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर वित्त वर्ष 2029 तक 36 प्रतिशत हो जाएगा. देश में इस दौरान अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 12 लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा हुई हैं. यह 100 बिलियन डॉलर को पार कर गई हैं. अगले पांच वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है. अगले कुछ वर्षों में 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 3 लाख करोड़ से 4 लाख करोड़ रुपये तक निवेश होने का अनुमान है.

गुरुवार को संसद को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि तेजी से विकास के लिए भारत के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सुधारों की गति को और तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि छले दस वर्षों में, भारत 11वें स्थान से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. 2021 से 2024 तक भारत ने औसतन आठ फीसदी की दर से सालाना वृद्धि दर्ज की है. राष्ट्रपति ने कहा कि आज अकेले भारत वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान दे रहा है. सरकार के पिछले पांच साल प्रमुख सुधारों और नीतिगत बदलावों पर केंद्रित रहे और अगले पांच साल भारत को एक वैश्विक शक्ति बनाने के बारे में होंगे.

# भारती एयरटेल तीन जुलाई से मोबाइल सेवाओं की दरों में 21% तक बढ़ोतरी करेगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की. इससे एक दिन पहले उसकी प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी. एयरटेल ने एक बयान में कहा कि मोबाइल सेवाओं की दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा. सुनील मित्तल के नेतृत्व वाली दूरसंचार कंपनी ने मोबाइल सेवाओं की दरों में संशोधन की घोषणा करते हुए कहा, हमने यह सुनिश्चित किया है कि बजट की चुनौती वाले उपभोक्ताओं पर किसी भी तरह का बोझ न पड़े, इसके लिए शुरुआती स्तर के प्लान में बहुत मामूली कीमत वृद्धि (70 पैसे प्रति दिन से कम) की गई है. भारती एयरटेल ने कहा कि भारत में दूरसंचार कंपनियों के लिए वित्तीय रूप से स्वस्थ व्यवसाय मॉडल बनाने के लिए मोबाइल औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता (एआरपीयू) 300 रुपये से ऊपर होना चाहिए. दूरसंचार कंपनी ने कहा, हमारा मानना है कि एआरपीयू का यह स्तर नेटवर्क प्रौद्योगिकी और स्पेक्ट्रम के लिए जरूरी निवेश को सक्षम करेगा और पूंजी पर सामान्य प्रतिफल देगा. एयरटेल ने असीमित 'वॉयस प्लान' की दरों में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है. अब ये दरें 179 रुपये से 199 रुपये, 455 रुपये से 509 रुपये और 1,799 रुपये से 1,999 रुपये कर दी गई हैं. दैनिक 'डेटा प्लान' श्रेणी में, 479 रुपये के प्लान को बढ़ाकर 579 रुपये (20.8 प्रतिशत वृद्धि) कर दिया गया है. दूरसंचार परिचालकों ने 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी के तुरंत बाद दरो में यह वृद्धि की है.

### रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 21 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया. बीएसई में कंपनी का शेयर 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,131.85 रुपये पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 3.27 फीसदी की तेजी के साथ 3,161.45 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था. बीएसई की 30 कंपनियों में यह सबसे ज्यादा लाभ वाली कंपनी रही.

**आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले**

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी

- दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया

**एजेंसी । मुंबई**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बतायी. दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है.

उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है. निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है.

आरबीआई गवर्नर ने कहा, वर्ष 2025 का दुनिया भर में आधिकारिक सांख्यिकी संकलन के लिए विशेष महत्व रहने वाला है. वृहद-आर्थिक सांख्यिकी, खासकर राष्ट्रीय खातों और भुगतान संतुलन के संकलन के लिए वैश्विक प्रयासों से नए वैश्विक मानक सामने आने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक की टीम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है. उन्होंने कहा कि आरबीआई वैकल्पिक डेटा स्रोतों से अपेक्षाओं, भावना संकेतकों और नीति विश्वसनीयता वाले उपायों का विश्लेषण करने के लिए विशाल कंप्यूटिंग शक्ति और बढ़ती डिजिटल पहुंच का दोहन करने का प्रयास कर रहा है.

दास ने कहा कि संग्रहीत डिजिटल डेटा की मात्रा और भंडारण क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे नए अवसरों के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं. उन्होंने कहा, अब ध्यान एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों में क्षमता बढ़ाने और अव्यवस्थित डेटा का विश्लेषण करने पर है. इस दौरान नैतिक पहलुओं को भी ध्यान में रखने और एल्गोरिदम में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत है.

**भारतीय बाजार**

## शेयर बाजार में चार सत्रों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी का दौर थमा

# सेंसेक्स पहली बार 79,000 व निफ्टी 24,000 के पार हुआ बंद

**एजेंसी । मुंबई**

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया. दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए. इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से हर रोज सेंसेक्स और निफ्टी के नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला भी थम गया.

गुरुवार को सेंसेक्स पहली बार 79,000 और निफ्टी 24,000 के स्तर के पार बंद हुए थे. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ. हालांकि शुरुआती कारोबार में यह 428.4 अंक उछलकर 79,671.58 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था. लेकिन दोपहर के सत्र में बिकवाली शुरू होने के बाद यह दबाव में आ गया.नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ.



कारोबार के दौरान एक समय यह 129.5 अंक चढ़कर 24,174 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. लेकिन बाद में मुनाफावसूली का जोर रहने से इसे गिरावट का सामना करना पड़ा. इसके साथ दोनों ही सूचकांक लगातार चार सत्रों से जारी तेजी को गंवा बैठे. पिछले चार कारोबारी दिनों में सेंसेक्स में कुल 2,033.28 अंक यानी 2.63 प्रतिशत की उछाल आई थी.

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, नेस्ले और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ. यूरोप के अधिकांश बाजार शुरूआती कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे. गुरुवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशा संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 7,658.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.89 प्रतिशत बढ़कर 87.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. गुरुवार को सेंसेक्स 568.93 अंक उछलकर 79,243.18 अंक और निफ्टी 175.70 अंक की बढ़त के साथ 24,044.50 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था.

### ▼ ब्रीफ खबरें

## श्रीलंका में 60 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल एक समूह के कम से कम 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. उसने बताया कि इन लोगों को बृहस्पतिवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया. पुलिस प्रवक्ता एसएसपी निहाल थलदुवा ने बताया कि सीआईडी ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप जब्त किए.

## इजराइल : यहूदियों ने राजमार्ग जाम किया

**ब्नेई ब्राक (इजराइल)।** 'अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स' से जुड़े सैकड़ों यहूदी पुरुषों ने गुरुवार को करीब दो घंटे तक मध्य इजराइल का एक प्रमुख राजमार्ग बंद रखा. प्रदर्शनकारियों ने उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल में समुदाय के युवाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य किये जाने के फैसले के खिलाफ विरोध जताया. अधिकतर यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है लेकिन राजनीतिक रूप से शक्तिशाली 'अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स' दलों को इस नियम से छूट दी जाती थी और उन्हें अपने धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन की अनुमति होती है.

## ताइवान ने अपने नागरिकों से की अपील

**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है. बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है. मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता लियांग वेन-चेह ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की. ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है.

## राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान शुरू

**दुबई।** ईरान में शुक्रवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया. पिछले महीने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक विमान दुर्घटना में मौत के बाद यह चुनाव हो रहे हैं. यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है. मतदाताओं को कट्टरपंथी उम्मीदवारों और एक कम चर्चित राजनेता के बीच चुनाव करना होगा, जो ईरान के सुधारवादी आंदोलन से जुड़े रहे हैं.

## गोमती नदी में डूबने से तीन की मौत

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर जिले में गोमती नदी में नहाने गए तीन लड़कों की डूबने से मौत हो गयी. उनके शव शुक्रवार को नदी से बाहर निकाले गये. पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि कोतवाली नगर के पांचोपीरन बेचू खां का पुरवा निवासी फरहान (12), आबिद (10) और हसनैन (13) अपने अन्य साथियों के साथ बरुआ के पास गोमती नदी में नहाने गये थे. नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से वे डूबने लगे. उन्होंने बताया कि लड़कों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी.



## दिल्ली हुआ पानी-पानी

विभाग के अनुसार, एक दिन में 124.5 से 244.4 मिमी बारिश हुई

भाजपा पार्षद रविंदर सिंह नेगी को एक वीडियो में पानी से भरी सड़क पर नाव चलाते देखा गया

### दिल्ली में बारिश से जनजीवन प्रभावित, सड़कों पर लगा जाम

# हवाई अड्डे के टी1 की छत का हिस्सा ढहने से एक की मौत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को बारिश के बाद दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से भले ही राहत मिली लेकिन सड़कों पर जगह-जगह जलभराव और वर्षाजनित हादसों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया. दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए. इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में एक निर्माणाधीन दीवार के गिर जाने के बाद तीन मजदूरों के उसके नीचे दबे होने की आशंका है.

सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन जलमग्न हो गए और यातायात बाधित हो गया. कई स्थानों पर पानी लोगों के घरों में घुस गया. हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा शुक्रवार को तड़के ढह जाने के बाद यहां से विमानों का संचालन अगले नोटिस तक स्थगित कर दिया गया है. साथ ही सड़कों पर यातायात बाधित होने के कारण कार्यालय, विद्यालय, कॉलेज या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के जा रहे हजारों यात्री घंटों फंसे रहे.

इस साल मानूसन की पहली भारी बारिश के बाद प्रगति मैदान सहित प्रमुख सुरंगों को बंद करना पड़ा तथा हौज खास, साउथ एक्सटेंशन और मयूर विहार जैसे पॉश इलाकों सहित शहर के कई स्थानों पर मकानों में पानी भर जाने की खबरें मिली हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 20 से 30 घंटे में सफदरजंग में मौसम केंद्र 228.1 मिमी, लोधी रोड स्थित मौसम भवन में 192.8 मिमी, रिज में 150.4 मिमी, पालम में 106.6 मिमी और आया नगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज की गई.



### घटना मोदी सरकार के 'भ्रष्टाचारी मॉडल' की मिसाल : कांग्रेस

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने गुरुवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा ढहने की घटना को मोदी सरकार के 'भ्रष्टाचारी मॉडल' की मिसाल करार दिया और आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में बने बुनियादी ढांचे घटिया गुणवत्ता के चलते ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं. शुक्रवार सुबह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा वाहनों पर गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस हादसे के बाद विमानों का परिचालन स्थगित करना पड़ा. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में बने घटिया बुनियादी ढांचे के ताश के पत्तों की तरह ढहने के लिए भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है. उन्होंने कहा, हवाईअड्डे के टर्मिनल 1 की छत गिरी, जबलपुर हवाई अड्डे की छत गिरी, अयोध्या की नई सड़कों की हालत खस्ता, राम मंदिर में लीकेज, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक रोड में दरारें, 2023 और 2024 में बिहार में 13 नए पुल ध्वस्त हो गए, प्रगति मैदान सुरंग जलमग्न हो गई और गुजरात में मोरबी पुल त्रासदी हुई. खरगे ने कहा कि ये कुछ ऐसे स्पष्ट उदाहरण हैं जो प्रधानमंत्री और भाजपा के विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के बड़े-बड़े दावों की असलियत को उजागर करते हैं.

### भाजपा का कांग्रेस पर तंज

# संविधान से खिलवाड़ करने वाले आज उसकी रक्षा की बात कर रहे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के कार्यकाल में संविधान पर खतरा होने का आरोप लगाने के लिए कांग्रेस सहित विपक्ष के नेताओं पर शुक्रवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी बरसे. उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों ने विगत में कई बार संविधान के साथ खिलवाड़ किया, वे आज इसकी रक्षा की आवश्यकता की बात कर रहे हैं. त्रिवेदी ने यह बात राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही. त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष को यह अभी तक समझ नहीं आ रहा है कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का



जनादेश दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के लिए तय किये गये नरेंद्र मोदी की तुलना उन जवाहरलाल नेहरू से कैसे की जा सकती है क्योंकि दोनों के दृष्टिकोण में जमीन-आसमान का अंतर है. त्रिवेदी ने कहा, नेहरू जवाहरात के लाल थे जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान कांग्रेस के तीन बड़े नेताओं मदन मोहन मालवीय, प्रणब मुखर्जी और पी वी नरसिंह राव को भारत रत्न मिला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उन्हीं के प्रधानमंत्रियों को भारत रत्न दिया गया.

त्रिवेदी ने कहा कि आज देश में रक्षा उत्पादों का निर्यात 18 गुना बढ़ा है. उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय के अनुसार 500 रक्षा उत्पादों का आयात बंद कर दिया गया है और उनका निर्माण स्वदेश में होगा.उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर फिलीपीन के साथ समझौता हुआ है. उन्होंने कहा कि एक समय था जब उनका गृह राज्य उत्तर प्रदेश अवैध हथियारों और अपराधियों के कारण कुख्यात था किंतु आज यही राज्य ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के उपकरण तैयार कर रहा है.

## कर्नाटक में मिनी बस खड़े ट्रक से जा टकराई, 13 लोगों की मौत

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक में हावेरी जिले के ब्यादगी तालुक में शुक्रवार तड़के एक मिनी बस एक खड़े ट्रक से टकरा गयी, जिसके कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग शिवमोगा के रहने वाले थे. यात्री बेलगावी जिले के सवदत्ती से देवी यल्लम्मा के दर्शन के बाद तीर्थयात्रा से लौट रहे थे. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## बर्गर किंग हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया


**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में स्थित एक रेस्तरां में हाल ही में हुई एक व्यक्ति की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वह व्यक्ति है जो कथित तौर पर हत्या करने के लिए दो 'शूटर' को अपने वाहन में लेकर घटनास्थल पर आया था. उन्होंने बताया कि आरोपी से मामले में पूछताछ की जा रही है. पुलिस के अनुसार 18 जून को राजौरी गार्डन के जे 'ब्लॉक' में स्थित रेस्तरां 'बर्गर किंग' के अंदर एक महिला के साथ बैठे हरियाणा निवासी अमन जून (26) की दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने बताया था कि मृतक को 38 गोलियां लगी हैं. पुलिस ने कहा था कि जून की हत्या जेल में बंद 'गैंगस्टर' नीरज बवाना और अशोक प्रधान के बीच 'गैंगवार' का नतीजा थी. तीन अन्य संदिग्ध जून के साथ आई महिला और दो हमलावर अभी भी फरार हैं.

# अमेरिका ने पेरिस समझौते से अलग होने का फैसला किया : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी। अटलांटा**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके प्रशासन ने 2017 में ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से इसलिए बाहर निकलने का फैसला किया क्योंकि यह एक धोखा था जिससे वाशिंगटन को एक खरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता. उन्होंने दावा किया कि भारत, चीन और रूस इसके लिए भुगतान नहीं कर रहे थे. रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार ट्रंप ने गुरुवार को अपने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान ये दावे किए. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच अर्थव्यवस्था, सीमा,



विदेश नीति, गर्भपात, राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति और जलवायु परिवर्तन पर बहस हुई. गुरुवार रात को लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान 78 वर्षीय ट्रंप ने दावा किया कि पेरिस जलवायु समझौते पर एक अरब अमेरिकी डॉलर खर्च होते और अमेरिका ही एकमात्र ऐसा देश था जिसे इसका भुगतान करना पड़ता. इसे एक धोखा बताते हुए ट्रंप ने कहा कि चीन, भारत और रूस इसका भुगतान नहीं कर रहे थे. वर्ष 2017 में तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका को 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से यह कहते हुए बाहर निकाल लिया था कि वैश्विक तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का अंतरराष्ट्रीय समझौता अमेरिकी श्रमिकों के लिए नुकसानदेह था. पेरिस समझौते के तहत, अमेरिका और अन्य विकसित देशों ने सामूहिक रूप से 2020 तक प्रति वर्ष 100 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई थी, ताकि गरीब और विकासशील देशों को समुद्र के स्तर में वृद्धि और गर्मी के बिगड़ते हालात जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से तालमेल बैठाने में मदद मिल सके.

## इंदौर के संगठन की पहल... 30 मुस्लिमों की हिंदू धर्म में वापसी हुई

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के एक सामाजिक संगठन ने शुक्रवार को दावा किया कि मुस्लिम समुदाय के करीब 30 लोगों ने कानूनी प्रावधानों के तहत अपनी मर्जी से इस्लाम त्याग कर हिंदू धर्म में घर वापसी की है. चश्मदीदों ने बताया कि इन लोगों को शहर के खजराना गणेश मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हिन्दुओं के धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होते देखा गया. स्थानीय सामाजिक संगठन साझा संस्कृति मंच के अध्यक्ष सैम पावरी ने संवाददाताओं से कहा कि मुस्लिम समुदाय के करीब 30 लोगों ने स्वेच्छा से धर्म बदल कर हिंदू धर्म में घर वापसी की है जिनमें 14 महिलाएं शामिल हैं. पावरी ने दावा किया कि इंदौर और पश्चिमी मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से ताल्लुक रखने वाले इन लोगों के पुरखे हिंदू थे.

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से पहला जत्था रवाना

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस साल पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा 52 दिन तक चलेगी. बता दें कि 4,603 तीर्थयात्रियों का जत्था भजन-कीर्तन करते हुए दो सुरक्षा काफिलों में भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ. उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे. जानकारी के अनुसार 1,933 तीर्थयात्री उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग से, 2,670 तीर्थयात्री



रवाना होते श्रद्धालु.

दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर होकर जा रहे हैं. तीर्थयात्रियों में 3,631 पुरुष, 711 महिलाएं, नौ बच्चे, 237 साधु और 15 साध्वियां शामिल हैं.

## पंजाब पुलिस ने दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने झारखंड से संचालित होने वाले बड़े अंतरराज्यीय अफीम तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और 66 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है. शुक्रवार को पंजाब पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया 'मंच' एक्स पर कहा, फजिल्का पुलिस ने झारखंड से संचालित होने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय अफीम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 66 किलोग्राम अफीम जब्त की है. दो तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने वित्तीय लेन-देन का बारीकी से पता लगाकर 42 बैंक खातों में जमा 1.86 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक लगा दी है. डीजीपी ने कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है.

**बातचीत**

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा, चर्चा होगी

# सरकार हर तरह की चर्चा को तैयार, छात्रों को भ्रमित न करें

- सबकुछ नियमों का पालन करते हुए और मर्यादा में रहते हुए ही होना चाहिए : शिक्षा मंत्री

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए.

नीट-यूजी में कथित अनियमितता के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने संवाददाताओं से बातचीत में अपील



की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए. उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा, सरकार हर तरह की चर्चा को तैयार है, लेकिन सबकुछ नियमों का पालन करते हुए और मर्यादा में रहते हुए होना चाहिए. राष्ट्रपति ने कल अपने अभिभाषण में खुद परीक्षा के बारे में बात की और कहा कि यह सरकार की मंशा को दिखाता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने को तैयार हैं. प्रधान ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने कहा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कोई कार्यस्थगन नहीं होता. उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में इस मुद्दे पर बात की है तो उनके धन्यवाद ज्ञापन पर चर्चा में विस्तार से अपनी बात रखी जा सकती है.

### इसमें कोई संशय वाली कोई बात नहीं

प्रधान ने कहा कि सरकार का दायित्व देश के युवाओं और छात्रों के प्रति है. उन्होंने कहा, जब सरकार अपना पक्ष रखने को तैयार है तो संशय वाली क्या बात है? हम छात्रों और देशवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे और इसमें शामिल सभी लोगों पर सीबीआई की गाज गिरने वाली है. हम किसी को नहीं बख्शेंगे. राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने आयोजित की थी और इसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था. परिणाम चार जून को घोषित किए गए और इसके बाद ही परीक्षा में अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप लगने लगे. प्रधान ने कहा, हम किसी को नहीं बख्शेंगे. एनटीए में प्रभार संभाल रहे लोगों को हटा दिया गया है और वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है. यह सब सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है. मैं विपक्ष से अपील करना चाहता हूं कि उन्हें छात्रों को भ्रमित नहीं करना चाहिए. उन्होंने कहा, सुधारों के लिए एक प्रामाणिक उच्चस्तीय समिति भी गठित की गई है. उन सभी (स्थगित या निरस्तत) परीक्षाओं की तारीख जल्द घोषित कर दी जाएगी.

## लोकसभा ने 13 पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने शुक्रवार को मनोहर जोशी, सुशील कुमार मोदी और शफीकुर्रहमान बर्क समेत अपने 13 पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जिनका पिछले दिनों निधन हो गया. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन को 13 पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी. इसके बाद सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी. लोकसभा के पूर्व अध्यक्षमनोहर जोशी का निधन 23 फरवरी 2024 को हुआ. वह 13वीं लोकसभा के सदस्य थे. भागलपुर के पूर्व सांसद सुशील कुमार मोदी का निधन गत 13 मई को हुआ. उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से 13वीं लोकसभा के सदस्य रहे जयभद्र सिंह का निधन दो फरवरी 2024 को हुआ.

# मणिपुर की क्षेत्रीय, प्रशासनिक अखंडता के लिए निकाली रैली



रैली में शामिल स्थानीय लोग.

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में हजारों लोगों ने शुक्रवार को यहां एक रैली में भाग लिया और राज्य की क्षेत्रीय व प्रशासनिक अखंडता की मांग की. इंफाल के कई नागरिक समाज संगठनों ने साथ मिलकर इस रैली का आयोजन किया था. मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के तत्वावधान में हुई रैली इंफाल पश्चिम जिले के थाउ मैदान से शुरू हुई और करीब चार किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद खुमान लम्पक स्टेडियम में समाप्त हुई. स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी, महिलाएं, युवा और गांवों के स्वयंसेवकों ने रैली में हिस्सा लिया और पड़ोसी देश म्यांमा से अवैध तौर पर घुसे प्रवासियों के खिलाफ नारे लगाए. रैली में लोगों ने भारत के मूलनिवासी और वैध नागरिकों को बचाओ, अलग प्रशासन नहीं और मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बचाओ जैसे नारे लगाये. इंफाल घाटी के रहने वाले मेइती और पहाड़ी पर रहने वाले कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय संघर्ष के कारण राज्य में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग बेघर हुए थे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)